

प. एशिया में संघर्ष विराम बहुत दूर विदेशी मुद्रा बचाने में सहयोग करें देशवासी : वैष्णव - 12



सेंसेक्स 1,313 अंक टूटा प्रधानमंत्री की मितव्ययिता की अपील से निवेशक चिंतित - 12




होर्मुज की सुरक्षा पर रक्षा मंत्रियों की बैठक की मेजबानी करेंगे ब्रिटेन-फ्रांस - 13



प्रतिबंध के बाद भी विनेश फोगाट राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में उतरने को तैयार - 14


आज का मौसम
39.0° अधिकतम तापमान
28.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.23
सूर्यास्त 06.48

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष दशमी 02:52 उपरांत एकादशी विक्रम संवत 2083

मंगलवार, 12 मई 2026, वर्ष 36, अंक 94, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


# दुनिया की कोई भी ताकत भारत को झुका नहीं सकती, न दबाव में ला सकती : मोदी

## कहा- पोखरण परमाणु परीक्षण के बाद पूरा विश्व भारत को दबोचने मैदान में उतरा, हम डटे रहे

- सोमनाथ अमृत महोत्सव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंदिर में की महा पूजा

सोमनाथ, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को 1998 के पोखरण परमाणु परीक्षण का जिक्र करते हुए कहा कि दुनिया की कोई भी ताकत भारत को झुका नहीं सकती या दबाव में नहीं ला सकती है। भगवान शिव के प्रसिद्ध सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित सोमनाथ अमृत महोत्सव में एक सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि दुर्भाग्य से देश में ऐसी शक्तियां आज भी प्रभावी हैं, जिन्हें राष्ट्रीय स्वाभिमान से ज्यादा तुष्टीकरण जरूरी लगता है और अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के विरोध के दौरान भी इसी तरह की सोच दिखाई दी थी।

प्रधानमंत्री ने कहा, अगर 1947 में भारत आजाद हुआ था तो, 1951 में सोमनाथ की प्राण प्रतिष्ठा ने भारत की स्वतंत्र चेतना का उद्घोष किया था। मोदी ने कहा कि सोमनाथ का 'अमृत महोत्सव' केवल अतीत का उत्सव नहीं है, यह अगले एक हजार वर्षों के लिए भारत की प्रेरणा का महोत्सव भी है। कहा कि 11 मई केवल सोमनाथ मंदिर के नए स्वरूप में प्राण प्रतिष्ठा के लिए ही नहीं, बल्कि इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि 1998 में आज के ही दिन तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में भारत ने परमाणु परीक्षण किए थे। उन्होंने कहा, 11 मई 1998, यानी आज के ही दिन, देश ने पोखरण में परमाणु परीक्षण किया था।

हमारे वैज्ञानिकों ने भारत के सामर्थ्य को, भारत की क्षमता को दुनिया के सामने रखा, दुनिया में तूफान आ गया। मोदी ने कहा, कई देश इससे नाराज हो गए, वे पूछने लगे कि भारत कौन होता है, जो परमाणु परीक्षण करे। दुनिया की आंखें लाल हो गईं। दुनिया भर की शक्तियां भारत को दबोचने के लिए मैदान में उतरी। अनेक प्रकार के प्रतिबंध लगाए गए। संभावित आर्थिक संकट से बचने का हर रास्ता रोकने की कोशिश की गई। ऐसे हालात में कई देश हिल जाते, लेकिन भारत दृढ़ता से खड़ा रहा।



गुजरात के वेरावल स्थित सोमनाथ अमृत महोत्सव मंदिर में प्रार्थना करते प्रधानमंत्री मोदी।

### डॉ. राजेंद्र प्रसाद को नेहरू के विरोध का करना पड़ा था सामना

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल और भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद ने सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के अनेक प्रयास किए थे, लेकिन उन्हें तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू से विरोध का सामना करना पड़ा। कहा, हमें विरासत और धरोहर दोनों को साथ लेकर आगे बढ़ना होगा। हमारे सांस्कृतिक केंद्रों की अनदेखी ने दरअसल हमारी प्रगति को बाधित ही किया है। प्रधानमंत्री ने सोमनाथ मंदिर में महापूजा और अन्य अनुष्ठानों में भाग लिया।

### जड़ों से जुड़ा रहने वाला राष्ट्र लंबे समय तक रहता मजबूत

प्रधानमंत्री ने कहा कि सोमनाथ हमें याद दिलाता है कि कोई भी राष्ट्र तभी लंबे समय तक मजबूत रह सकता है, जब वह अपनी जड़ों से जुड़ा रहे। मोदी ने इस अवसर पर एक विशेष डाक टिकट भी जारी किया। उन्होंने कहा, लुटेरों ने सोमनाथ मंदिर का वैभव मिटाने का प्रयास किया, वे सोमनाथ को एक भौतिक ढांचा मानकर उससे टकराते रहे! बार-बार इस मंदिर को तोड़ा गया, ये बार-बार बनता रहा हर बार उठ खड़ा होता रहा।




सोमनाथ में संबोधित करते प्रधानमंत्री मोदी।

# भारत की आत्मा है सनातन, कोई पराजित नहीं कर सकता : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/वाराणसी

- वाराणसी में 'सोमनाथ संकल्प महोत्सव' में राज्यपाल के साथ शामिल हुए मुख्यमंत्री
- कहा, सनातन को मिटाने की कोशिश करने वाले आक्रांता इतिहास की धूल में मिल गए




**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को सनातन संस्कृति को भारत की आत्मा बताते हुए कहा कि इसे कभी पराजित नहीं किया जा सकता। विदेशी आक्रांताओं ने सोमनाथ से लेकर काशी विश्वनाथ तक मंदिरों को तोड़ने और भारत की सांस्कृतिक पहचान मिटाने का प्रयास किया। लेकिन वे भारत की चेतना को नहीं तोड़ सके। जिन्होंने सनातन को मिटाने की कोशिश की, वे खुद इतिहास की धूल में मिल गए।

मुख्यमंत्री सोमवार को राज्यपाल आनंदी बेन पटेल के साथ सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत 'सोमनाथ संकल्प महोत्सव' में शामिल हुए। यह आयोजन श्री काशी विश्वनाथ धाम परिसर स्थित त्र्यंबकेश्वर बहुउद्देशीय हॉल में किया गया। लोगों ने सोमनाथ मंदिर गुजरात में हो रहे मुख्य कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विशेष महापूजा के साथ ही कुंभाभिषेक, ध्वजारोहण, पुष्पवृष्टि आदि का सजीव प्रसारण भी देखा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सनातन केवल किसी मंदिर, मूर्ति या इमारत तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भारत की चेतना, जीवन दर्शन और सांस्कृतिक प्रवाह में रचा-बसा है। महमूद गजनवी और औरंगजेब जैसे आक्रांताओं ने मंदिर ध्वस्त किए, लेकिन वे भारत की आत्मा को नहीं झुका सके। आज सोमनाथ और काशी विश्वनाथ दोनों भारत के पुनर्जागरण और स्वाभिमान के प्रतीक बनकर खड़े हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश अपनी सांस्कृतिक विरासत के पुनर्जागरण का साक्षी बन रहा है।

काशी विश्वनाथ धाम, अयोध्या में भव्य राममंदिर, उज्जैन में महाकाल महालोक और सोमनाथ मंदिर का विकास भारत की गौरव यात्रा के नए अध्याय हैं। यह केवल धार्मिक स्थलों का विकास नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा के पुनर्स्थापन का अभियान है। योगी ने विपक्ष पर अप्रत्यक्ष निशाना साधते हुए कहा कि कुछ शक्तियां आज भी भारत के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक प्रतीकों का उत्थान नहीं देखना चाहतीं। यही लोग पहले सोमनाथ मंदिर की पुनर्प्रतिष्ठा और राममंदिर निर्माण के विरोध में खड़े थे, लेकिन अब देश सांस्कृतिक आत्मविश्वास के नए युग में प्रवेश कर चुका है।

### काशी-सोमनाथ सभ्यता के दो ज्योति स्तंभ

मुख्यमंत्री ने कहा कि काशी और सोमनाथ भारत की सभ्यागत चेतना के दो अमर केंद्र हैं। एक ओर गंगा तट पर स्थित काशी ने सनातन की आध्यात्मिक धारा को जीवित रखा, तो दूसरी ओर सागर तट पर स्थित सोमनाथ ने राष्ट्र के स्वाभिमान और पुनर्जागरण की लौ जलाए रखी। उन्होंने कहा कि विनाश क्षणिक होता है, जबकि सृजन शाश्वत होता है।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से शिवमय हुआ माहौल

'सोमनाथ संकल्प महोत्सव' में कथक नृत्यांगना अंकिता भट्टाचार्य ने शिव तांडव की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। डॉ. दिव्या श्रीवास्तव और उनकी टीम ने भगवान सोमनाथ की स्तुति प्रस्तुत की, जबकि बनारस घराने के अंशुमान महाराज के सरोद वादन ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया।

## ब्रीफ न्यूज

### हिमंत असम के सीएम के रूप में आज लेंगे शपथ



**गुवाहाटी।** असम में मंगलवार को हिमंत विश्व शर्मा के लगातार दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने की तैयारी पूरी हो चुकी है। इसके साथ ही राज्य में भाजपा नीत राजग सरकार का लगातार तीसरा कार्यकाल शुरू होगा। खानापारा के पशु चिकित्सा महाविद्यालय मैदान में होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ-साथ राजग शासित राज्यों के 40 से अधिक मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों के उपस्थित रहने की संभावना है।

### नोएडा : 16 जून से उड़ानें शुरू करेगी अकासा एयर

**नई दिल्ली।** अकासा एयर 16 जून से नोएडा हवाई अड्डे से अपनी उड़ान सेवाएं शुरू करेगी। यह इस नए हवाई अड्डे से सेवाएं शुरू करने वाली दूसरी एयरलाइन होगी। हवाई अड्डे का उद्घाटन 28 मार्च को हुआ था और वहां से 15 जून से वाणिज्यिक परिचालन शुरू होने जा रहा है। अकासा ने सोमवार को कहा कि वह 16 जून से नोएडा हवाई अड्डे को बेंगलुरु और नवी मुंबई से जोड़ने वाली दैनिक उड़ानें शुरू करेगी।

# अमेरिका ने ईरान का शांति प्रस्ताव ठुकराया

वाशिंगटन, एजेंसी

राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान के साथ जारी युद्ध को समाप्त करने संबंधी उसके (ईरान) प्रस्ताव को पूरी तरह से अस्वीकार्य करार देते हुए खारिज कर दिया। ट्रंप को रविवार को ईरान का प्रस्ताव प्राप्त हुआ और उम्मीद जताई जा रही थी कि युद्ध को समाप्त करने में सफलता मिलेगी। इस युद्ध ने वैश्विक तेल आपूर्ति के लिए अहम, समुद्री मार्ग को अवरुद्ध कर दिया है जिससे कई देश ईंधन की कमी का सामना कर रहे हैं।

ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट किया, ईरान के तथाकथित प्रतिनिधियों का जवाब पढ़ा। मुझे यह बिल्कुल पसंद नहीं आया - यह पूरी तरह अस्वीकार्य है। इससे पहले ट्रंप ने ईरान पर लगभग 50 वर्षों से अमेरिका के साथ खेल खेलने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा, अब वे ज्यादा समय तक खुश नहीं रह पाएंगे। उन्होंने नेतन्याहू से हुई बात को लेकर कहा, बातचीत बहुत अच्छी रही। हमारे संबंध अच्छे हैं। ईरान वार्ता अन्य किसी का नहीं बल्कि मेरा अपना मुद्दा है।

### संकट में संघर्ष विराम



- ट्रंप बोले- पूरी तरह अस्वीकार्य अमेरिका ने एनरिच्ड यूरेनियम सौंपने की शर्त रखी

### अवास्तविक मांगों पर अड़ा है अमेरिका : ईरान

**तेहरान।** ईरान ने कहा है कि युद्ध समाप्त करने के लिए उसका प्रस्ताव उदार और तार्किक था, जबकि अमेरिका अब भी इजराइल की सोच से प्रभावित अवास्तविक मांगों पर अड़ा हुआ है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने कहा कि ईरान की ओर से अमेरिकी प्रस्ताव के जवाब में जो योजना भेजी गयी, वह हद से ज्यादा नहीं थी और उसका उद्देश्य पूरे क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता स्थापित करना था।

## वीबी जीरामजी अधिनियम 1 जुलाई से होगा लागू, मनरेगा निरस्त होगा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सोमवार को घोषणा की कि 'महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम' (मनरेगा) के स्थान पर नया 'विकसित भारत- रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी राम जी) अधिनियम एक जुलाई से पूरे देश में लागू हो जाएगा। नए अधिनियम में एक नया ढांचा होगा जो ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों का वैधानिक वैतनिक रोजगार देने का वादा करता है। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने इसे ग्रामीण विकास संरचना में एक ऐतिहासिक परिवर्तन बताया है, जो विकसित भारत 2047 की परिकल्पना के अनुरूप है।

# शुभेंदु के पीए का हत्यारोपी अयोध्या से गिरफ्तार

- 9 मई को मां के साथ आया था दर्शन-पूजन करने, होटल से निकलते समय कोलकाता व उप्र पुलिस ने दबोचा

संवाददाता, अयोध्या

**अमृत विचार :** कोलकाता व यूपी पुलिस की संयुक्त टीम ने पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी के पीए चंद्रनाथ रथ की हत्या के एक आरोपी को अयोध्या से गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी नौ मई की बताई जा रही है। आरोपी को बंगाल पुलिस अपने साथ कोलकाता ले गई थी। इस संदर्भ में अयोध्या पुलिस कुछ भी बोलने से इनकार कर रही है।

पं. बंगाल में चुनाव खत्म होने के बाद ही 6 मई की रात मध्यमग्राम के डोडरिया इलाके में चंद्रनाथ रथ की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसकी जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया था। प्रारंभिक जांच में घटना के समय मोबाइल टॉवर के मोबाइल का डाटा एकत्र कर उसकी जांच की गई तो उसमें से दो नंबर उत्तर प्रदेश के निकले। इनमें से एक बलिया जिले के निवासी राज सिंह का निकला था।

उसकी गिरफ्तारी के लिए कोलकाता पुलिस ने उप्र पुलिस से सहयोग मांगा था। आरोपी के संबंध में पुख्ता जानकारी एकत्र करने के बाद उसकी गिरफ्तारी के लिए जाल बुना गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार वह सात मई को अपनी मां, एक दोस्त व एक अन्य के साथ लखनऊ में एक विधान परिषद सदस्य की पुत्री के विवाह में आया था। आठ मई को वहां से अंबेडकरनगर एक दरगाह पर पहुंचा। इसके बाद नौ मई को वह अयोध्या पहुंचा व अपनी मां के साथ राम मंदिर में दर्शन किया। इसके बाद एक होटल पर खाना खाने के बाद वापस बलिया के लिए रवाना होने के लिए होटल से बाहर निकला तभी उसे कोलकाता व उप्र पुलिस ने दबोच लिया।

### आरोपी की मां बोली, घटना वाले दिन बेटा घर पर था

हत्या आरोपी राज सिंह की मां जामवंती सिंह बलिया डाकघर में कार्यरत हैं। उन्होंने बलिया में पत्रकारों को बताया कि वह सात मई को अपने बेटे राज सिंह, उसके दोस्त मोनू सिंह व एक फोटोग्राफर के साथ अपनी गाड़ी से लखनऊ में एमएलसी की बेटी में शादी में शामिल होने के लिए निकली थी। लखनऊ में वह एक गेस्ट हाउस में रुकी। राज अपने साथियों के साथ शादी में शामिल होने गया। रात करीब 11 बजे वापस आकर सब सो गए। दूसरे दिन आठ मई को सभी लखनऊ से अंबेडकरनगर स्थित एक बाबा की दरगाह पर गए, जहां चादर चढ़ाई व बेटे के लिए मन्नतें मांगी। यहां से नौ मई की सुबह हम सभी करीब 7 :30 बजे अयोध्या पहुंचे। यहां 8 :30 से नौ बजे के बीच रामलला का दर्शन-पूजन किया। इसके बाद एक होटल में खाना खाया। यहां से जब हम वापस बलिया के लिए निकलने वाले ही थे कि पुलिस ने हम सभी को पकड़ लिया। बताया कि पुलिस वाले मुझे महिला थाना में ले गए, मेरे बेटे राज को कहां ले गए, कुछ नहीं पता। कुछ देर बाद पुलिस वाले एक गाड़ी में उसे लेकर आए और बताया कि इसे कोलकाता लेकर जा रहे हैं। मां जामवंती ने बताया कि राज कभी भी बंगाल नहीं गया, जिस दिन की घटना बताई जा रही उस दिन वह घर पर ही था। मेरे घर में सीसीटीवी लगा है, उसे देखा जा सकता है। शादी के पहले उसने कुछ खरीदारी भी की थी, उसकी रसीद भी है, साथ जिस दुकान से खरीदारी की थी, वहां के भी सीसीटीवी फुटेज को देखा जा सकता है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बेटे को न्याय दिलाने की अपील की।

### स्थानीय राजनीति में है अच्छी पकड़

राज सिंह की बलिया की स्थानीय राजनीति में अच्छी पकड़ थी। वह क्षत्रिय महासभा का महासचिव भी है। उसके पिता स्व. केशव सिंह थे। उसके आपराधिक इतिहास की बात करें तो वर्ष 2020 में उसके खिलाफ हत्या का एक केस दर्ज हुआ था, जिसमें वह जमानत पर है।

# लोकतंत्र को हाईजैक नहीं होने देंगे, बहाल की विधायकी

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को एक अहम फैसला सुनाते हुए कांग्रेस नेता टीडी राजेगौड़ा की कर्नाटक विधानसभा सदस्यता फिलहाल बहाल कर दी है। न्यायालय ने तीन मई 2026 को हुई उन डाक मतपत्रों की दोबारा जांच के नतीजे पर भी रोक लगा दी है, जिसमें भाजपा के नेता डीएन जीवराज को विजेता घोषित किया गया था।

पीठ ने यह आदेश दिया है। पीठ ने गौर किया कि कर्नाटक उच्च न्यायालय ने केवल 279 खारिज हुए मत पत्रों की जांच के आदेश दिए थे, लेकिन चुनाव अधिकारी ने उन 562 सही वोटों को भी दोबारा गिन लिया जो पहले ही श्री राजेगौड़ा के पक्ष में गिने जा चुके थे। न्यायालय ने पाया कि चुनाव अधिकारी ने राजेगौड़ा के उन 562 वोटों में से 248 वोट घटा दिए, जिससे मुकाबला भाजपा उम्मीदवार जीवराज के पक्ष में झुक गया। इस पर कड़ी टिप्पणी करते हुए पीठ ने कहा कि लोकतंत्र को इस तरह 'हाईजैक' करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। निर्देश दिया कि दोबारा गिनती के बाद उठाए गए सभी कदम तब तक रुके रहेंगे जब तक राजेगौड़ा की अपील पर अंतिम फैसला नहीं आ जाता। मामला 2023 का है।

### एसआईआर पर ममता व अन्य को नई याचिकाएं दायर करने की अनुमति

**नई दिल्ली।** कोटर् ने सोमवार को कहा कि पशिचम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और अन्य व्यक्ति अपने इन दावों के संबंध में नई याचिकाएं दायर कर सकते हैं कि राज्य में हाल में हुए चुनाव में विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में जीत का अंतर मतदाता सूची के एसआईआर के दौरान हटाए (डिलीट किए) गए वोटों की तुलना में कम रहा। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने यह टिप्पणी वरिष्ठ अधिवक्ता एवं तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी के इस आरोप के बाद की कि 31 सीट पर जीत का अंतर 'डिलीट' किए गए मतों के मुकाबले कम रहा।

**आदेश** | पश्चिम बंगाल में शुभेंदु सरकार ने पहली बैठक में लिया बड़ा फैसला, केंद्र की कई योजनाएं राज्य में की शुरू

# बांग्लादेश सीमा पर बाड़बंदी के लिए बीएसएफ को मिलेगी जमीन

- नए आपराधिक कानून लागू होंगे आयुष्मान पर भी काम शुरू

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने सोमवार को कई महत्वपूर्ण प्रशासनिक और नीतिगत उपायों की घोषणा की, जिनमें राज्य को केंद्र की आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना में शामिल करना, सीमा पर बाड़ लगाने के लिए बीएसएफ को भूमि का हस्तांतरण और बीएनएस आपराधिक कानून को लागू करना शामिल है।

ये निर्णय पश्चिम बंगाल में भाजपा सरकार के मंत्रिमंडल की पहली बैठक के दौरान लिए गए, जिसकी अध्यक्षता अधिकारी ने की और जिसमें शपथ लेने वाले पांच मंत्रियों के साथ-साथ वरिष्ठ नौकरशाह भी उपस्थित थे।



मुख्यमंत्री ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि बंगाल अब आयुष्मान भारत योजना का हिस्सा बन जाएगा, साथ ही प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, किसानों को फसल बीमा प्रदान करने वाली प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, सरकारी स्कूलों के उन्नयन के लिए पीएम श्री योजना और कारीगरों एवं शिल्पकारों को समर्थन देने वाली प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना जैसी कई अन्य केंद्रीय कल्याणकारी परियोजनाओं का भी हिस्सा होगा। महिलाओं की शिक्षा और सशक्तीकरण के लिए 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना और रियायती दरों पर खाना पकाने के रसोई गैस प्रदान करने वाली उज्ज्वला 3.0 योजना भी लागू की जाएगी। आरोप है कि ममता बनर्जी के पूर्व शासनकाल में राजनीतिक कारणों से इन योजनाओं को राज्य के लोगों की पहुंच से बाहर रखा गया था। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा बांग्लादेश के साथ देश की खुली सीमाओं को सील करने और अवैध सीमा पार प्रवासन पर अंकुश लगाने के वादे को लागू करते हुए, अधिकारी मंत्रिमंडल ने अपनी पहली ही बैठक में सीमा पर बाड़ लगाने के लिए बीएसएफ को भूमि हस्तांतरित करने की प्रक्रिया शुरू करने को मंजूरी दे दी। बांग्लादेश के साथ 2,216.7 किलोमीटर की सीमा साझा करता है, जिसमें से लगभग 569 किलोमीटर की सीमा पर बाड़ नहीं लगी है।

### पश्चिम बंगाल में आईपीसी की जगह अब बीएनएस

एक महत्वपूर्ण आरोप में, अधिकारी ने कहा कि भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) - आपराधिक कानून जिन्होंने क्रमश: भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) अधिनियमों का स्थान लिया है - संसद के दोनों सदनों द्वारा बहुत पहले पारित किए जा चुके हैं, राष्ट्रपति की सहमति प्राप्त कर चुके हैं और जिनके नियम पहले ही तैयार किए जा चुके हैं और भारत के अन्य हिस्सों में लागू किए जा चुके हैं, लेकिन बंगाल में इन अधिनियमों को अब तक आधिकारिक तौर पर लागू नहीं किया गया है। अधिकारी ने कहा, संविधान के इस उल्लंघन के बारे में जानकर हमें आश्चर्य हुआ। मंत्रिमंडल ने बंगाल में इसके तत्काल प्रभाव से लागू होने की मंजूरी दे दी है।

# बाबा विश्वनाथ के दरबार में नतमस्तक हुई राज्यपाल और मुख्यमंत्री

## सोमनाथ के पवित्र जल से किया जलाभिषेक, लोकमंगल और प्रदेशवासियों के कल्याण की कामना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/वाराणसी

**अमृत विचारः** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार सुबह काशी पहुंचकर काशी विश्वनाथ मंदिर में विधि-विधान से दर्शन-पूजन किया। गुजरात स्थित सोमनाथ मंदिर से लाए गए पवित्र जल से बाबा विश्वनाथ का जलाभिषेक किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने राज्यपाल को अंगवस्त्र और रुद्राक्ष की माला भी भेंट की।

'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व, अटूट आस्था की गौरव गाथा' के अंतर्गत आयोजित 'सोमनाथ संकल्प महोत्सव' में शामिल होने पहुंचे दोनों अतिथियों ने बाबा विश्वनाथ के दरबार में माथा टेककर प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि और लोकमंगल की कामना की। सोमनाथ और काशी विश्वनाथ मंदिर के अर्चकों ने संयुक्त रूप से पूजन-अर्चन संपन्न कराया। 'हर-हर महादेव' के जयघोष के बीच राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने हाथ जोड़कर श्रद्धालुओं का अभिवादन स्वीकार किया। सोमवार के कार्यक्रम में मंत्री अनिल राजभर, दयाशंकर मिश्र 'दयालु', हंसराज विश्वकर्मा, महापौर अशोक तिवारी, विधायक सौरभ श्रीवास्तव, और जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य समेत कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

- **शंखध्वनि, डमरू और 'हर-हर महादेव' के जयघोष से गूंजा काशी विश्वनाथ धाम**



काशी विश्वनाथ मंदिर में विधि-विधान से दर्शन-पूजन करतीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

### 'ॐ जप' में शामिल हुए अतिथि

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंदिर परिसर में सामूहिक 'ॐ जप' में हिस्सा लिया। इसके बाद सोमनाथ भवन में सोमनाथ ज्योतिर्लिंग की प्रतिकृति के रूप में निर्मित पार्थिव शिवलिंग की पूजा-अर्चना और आरती की।

### सोमनाथ स्वाभिमान पर्व प्रदर्शनी देखी

राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने सोमनाथ भवन में आयोजित 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। प्रदर्शनी में सोमनाथ मंदिर के इतिहास, पुनर्प्रतिष्ठा और सांस्कृतिक गौरव से जुड़े चित्रों व जानकारियों को प्रदर्शित किया गया था।

**वाहन की टक्कर से वृद्ध की मौत, कुंडा, (प्रतापगढ़) :** प्रयागराज-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर मानिकपुर थाना क्षेत्र के बड़गौं तिराहे के पास सोमवार सुबह वृद्ध सड़क पार कर रहा था। तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने कुचलते हुए भाग निकला। लोगों ने पुलिस को सूचना देकर वृद्ध को सीएचसी भेजा। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

उप मुख्य सिग0 एवं दू0 सं0 अभि0/नि0-II/लखनऊ कार्यालय संकुल, निर्माण संगलन उ.रे, चारबाग लखनऊ-226004 भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित प्रपत्र पर ई-निविदा एक पैकेट प्रणाली के तहत निम्नलिखित कार्य के हेतु आमंत्रित की जा रह है।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम एवं स्थान | लखनऊ डिवीजन के Utraitia स्टेशन पर लाइन नंबर 7 के आसन्न में अतिरिक्त लूप लाइन की सुविधा के संबंध में इंडोर और आउटडोर सिग्नलिंग कार्य के साथ मौजूदा डिस्ट्रीब्यूटेड टाइप इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम (KYOSAN Male) में परिवर्धन और परिवर्तन के कार्य की व्यवस्था। |
| पूरा होने की अवधि | 09 (नौ) महीने (स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि) |
| कार्य की अनुमानित लागत | रु. 1,51,97,025.01/- (रुपये एक करोड़ इक्यावन लाख सतानवे हजार पच्चीस और पैसा एक केवल |
| निविदा दस्तावेज राशि एवं धरोहर राशि | रु शून्य एवं धरोहर राशि आई आर ई पी एस पर एन आई टी में उल्लिखित है |
| ऑफर की वैधता | 60 दिन निविदा खुलने की तिथि से |
| निविदा बंद होने तथा निविदा खुलने की तारीख एवं समय | 03.06.2026 को 11.30 बजे तक IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर निविदा अपलोड की जा सकती हैं। बोलीदाता ई-टेंडर में भाग ले सकता हैं, निविदा 03.06.2026 को 11:30 बजे खोली जाएंगी। |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है | विस्तृत ई-टेंडर नोटिस उत्तर रेलवे की वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा दस्तावेज आईआरईपीएस की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर 12.05.2026 से 03.06.2026 तक 11:30 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। ई-टेंडर में भाग लेने की इच्छा रखने वाले बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे उपरोक्त वेबसाइट पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से खुद को पंजीकृत करें, जिसके लिए उन्हें आईटी अधिनियम-2000 के तहत CCA द्वारा जारी तृतीय श्रेणी डिजिटल प्रमाण पत्र (यदि पहले से प्राप्त नहीं हुआ है) प्राप्त करना होगा। उपरोक्त निविदाओं के संबंध में अन्य सभी नियम व शर्तें निविदा दस्तावेज में दी गई हैं। विस्तृत निविदा सूचना उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखी जा सकती है। |

निविदा सूचना संख्या 287-सिग/सी0-II/लखनऊ/निविदा/02/26
दिनांक: 12.05.2026 1568/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# महिलाओं के सशक्तीकरण को 495 करोड़ की सौगात

## एनआरएलएम के तहत एससी-एसटी मद में धनराशि जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** योगी सरकार ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के तहत ग्रामीण महिलाओं और कमजोर वर्गों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए 495 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि जारी की है। ग्राम्य विकास विभाग ने सोमवार को दो अलग-अलग शासनादेश जारी कर अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति मद में केंद्रांश के सापेक्ष राज्यांश की धनराशि जारी करने की मंजूरी दी।

जारी शासनादेश के अनुसार, अनुसूचित जाति मद में 482.14 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। इसमें केंद्र सरकार का 289.28 करोड़ रुपये और राज्य सरकार का 192.85 करोड़ रुपये का अंश शामिल है। वहीं अनुसूचित जनजाति मद में 13.77 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं, जिसमें 8.26 करोड़ रुपये केंद्रांश और 5.51 करोड़ रुपये राज्यांश के रूप में दिए जाएंगे।

यह धनराशि वित्तीय वर्ष 2026-27 में एसएनए स्पर्श प्रणाली के माध्यम से खर्च की जाएगी। शासनादेश में स्पष्ट किया गया है कि राशि का उपयोग राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की गाइडलाइन और वित्तीय नियमों के अनुरूप चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा। धनराशि के उपयोग, सत्यापन और लक्ष्य पूर्ति की जिम्मेदारी आयुक्त ग्राम्य विकास और मिशन निदेशक, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन को सौंपी गई है।

अधिकारियों के अनुसार इस राशि से स्वयं सहायता समूहों को मजबूती मिलेगी और ग्रामीण महिलाओं के स्वरोजगार, कौशल विकास तथा आयवर्धन कार्यक्रमों को गति मिलेगी। एसएनए स्पर्श प्रणाली के जरिए धनराशि के उपयोग और भुगतान प्रक्रिया पर रीयल टाइम निगरानी रखी जाएगी।

- **स्वयं सहायता समूहों, स्वरोजगार और आजीविका कार्यक्रमों को मिलेगी रफ्तार**

### स्पर्श माडयूल के तहत सवा 48 करोड़ रुपये स्वीकृत

**अमृत विचार :** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देश पर ग्राम्य विकास विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 में एनआरएलएम योजनान्तर्गत एसएनए स्पर्श माडयूल के अंतर्गत केन्द्रांश की धनराशि 28928.92 लाख के सापेक्ष राज्यांश की धनराशि 19285.947 लाख, अर्थात कुल धनराशि 48214.867 लाख अवमुक्त करने की स्वीकृति प्रदान की गई है।

# एसओ बोले-महेशगंज क्षेत्र के पंडित गंवार हैं

संवाददाता, प्रतापगढ़

**विवादित टिप्पणी**

**अमृत विचारः** थानाध्यक्ष महेशगंज की अमर्यादित टिप्पणी से लोग आक्रोशित हैं। ब्राह्मण समाज को लेकर उनके विवादित बयान का आडियो रविवार को वायरल होने बाद लोगों में नाराजगी है। मामले में सीओ सदर द्वारा जांच सही पाए जाने पर एसपी ने एसओ महेशगंज को लाइन हाजिर कर दिया।

महेशगंज के एक गांव में शनिवार शाम ब्राह्मण परिवार के बीच आपसी विवाद हुआ था। घटना की जानकारी लेने और पुष्टि करने के लिए थानाध्यक्ष राधे बाबू को कॉल किया गया। बातचीत के दौरान एसओ ने संबंधित परिवार को लेकर अभद्र टिप्पणी करते हुए कहा कि झगड़ा करने वाले कुंजड़े हैं, ब्राह्मण नहीं हैं। जो ब्राह्मण होते हैं, वह विवाद नहीं करते हैं। यही नहीं एसओ के बोल ऐसे बिगड़े कि उन्होंने पूरे थाना क्षेत्र के ब्राह्मण समाज को अनपढ़ गंवार कह दिया। इस पर ब्राह्मण ही नहीं अन्य समाज में भी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि मुख्यमंत्री से लेकर एसपी तक मर्यादित आचरण व संवाद का संदेश देते हैं, ऐसे में एक जिम्मेदार पुलिस अधिकारी द्वारा किसी समाज विशेष पर टिप्पणी करना दुर्भाग्यपूर्ण है। आम चर्चा है कि थानाध्यक्ष का व्यवहार पहले भी कई बार विवादित रहा है। संबंधित मामले में रूपेंद्र शुक्ल ने ऑडियो रिकार्डिंग व प्रार्थना पत्र संलग्न करते हुए एसपी समेत उच्च अधिकारियों से निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की है। एसएओ राधे बाबू ने सफाई देते हुए कहा कि कहने का आशय गलत शब्दों से नहीं जुड़ा है। वहीं एसपी दीपक भूकर ने एसओ महेशगंज को लाइन हाजिर कर दिया है।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई-निविदायें सिंगिल पैकेट सिस्टम द्वारा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं0 | 106-सिग/टेंडर/12/2026-27 |
| कार्य का नाम | उत्तर रेलवे के लखनऊ डिवीजन के चौखंडी (सीएचएच) स्टेशन पर लाइन नंबर 4 के दोनों ओर शंटिंग नेक के प्रावधान सहित एस एंड टी कार्य। |
| अनुमानित लागत | रु. 6652388.55/- |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | रु. 133100.00/- |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 365 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 29.05.2026 15:30 Hrs. |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/लखनऊ |

ठेकेदारों को ई- निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी। निविदा सू0 सं0 - 106-सिग/टेंडर/12/2026-27
दिनांक: 08.05.2026 1571/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


### डिग्री कॉलेजों को भी रैंकिंग दिलाने की तैयारी

**लखनऊः** योगी सरकार ने प्रदेश में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता सुधार की दिशा में अब नया लक्ष्य तय किया है। अब सरकार डिग्री कॉलेजों को भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की रैंकिंग दिलाने की तैयारी में जुट गई है। इसके लिए कॉलेजों के प्राचार्यों और शिक्षकों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने प्रेसवार्ता में कहा कि सरकार अब केवल विश्वविद्यालयों नए मानकों तक पहुंचाने पर फोकस कर रही है।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**

**संख्याः NER-BSBOSnT-OT-23-2026**

मण्डल रेल प्रबन्धक/सिग एवं दूरसंचार/पूर्वोत्तर रेलवे/वाराणसी कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए "खुली-ई" निविदा आमंत्रित की जाती है। **क्रमांक 1,** निविदा सूचना सं एवं कार्य का नामः NER-BSBOSnT-OT-23-2026: **कार्य का नामः-** वाराणसी मंडल के नंदगंज स्टेशन पर एक डॉक गुड्स शेड रनिंग लाइन, शंटिंग नेक, लाइन संख्या 3 के लिए स्टॉप बोर्ड के स्थान पर शंट सिग्नल तथा लाइन संख्या 4 को कॉमन लाइन बनाये जाने के लिए UP स्टार्टर लगाये जाने के संबंध में सिग्नलिंग कार्य।, **विवरण, अनुमानित लागतः** रू. 24739161.26, **बयाना की राशिः** रू. 494800.00 /-, **निविदा प्रपत्र की कीमतः** रू.00.00/-, **कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 12 माह, **निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समयः** 03.06.2026 को 15:00 बजे,
1. ई-निविदा दिनांक 03.06.2026 को 15:00 बजे तक आन लाईन जमा किया जा सकेगा।
2. पूर्ण विवरण की जानकारी प्राप्त करने एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेलवे की वेवसाईट i.e. www.ireps.gov.in देखें।

मण्डल रेल प्रबन्धक/सिग एवं दूरसंचार,
मुजाधि/सिगनल-29 पूर्वोत्तर रेलवे/वाराणसी

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें



**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना सं0 22/2026**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी0) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है।

**क्र.सं.1:-कार्य का विवरणः** इज्जतनगर डिवीजन के कानपुर अनवरगंज-मथुरा कैन्ट अनुभाग के मध्य ट्रैक नवीनीकरण कार्य के स्वीकृत कार्य (आईएसडी, टीआरआर, सीटी.आर, टीटीआर इत्यादि) के अंतर्गत ट्रैक नवीनीकरण साईट पर रेल के फ्लैश बट वेल्डिंग (60 किग्रा या उच्च न्यू/इन सर्विस) का कार्य। अनुमानित लागत रूपयों में: ₹6,79,77,661.26, बयाना राशि रूपयों में: ₹13,59,600/- निविदा प्रपत्र का मूल्य-शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 18 माह।

**क्र.सं.2:-कार्य का विवरणः (1)** वमं/।।/इज्जतनगर के अधिकार क्षेत्र में इंटरलॉक्ड एलसी गेट पर एस & टी सर्विस बिल्डिंग का निर्माण (कुल 9 नग) (इंटरलॉक्ड एलसी गेट पर एस & टी सर्विस बिल्डिंग का निर्माण के स्वीकृत कार्य के अंतर्गत (कुल 19 नग))। (2) वसमंइं/फतेहगढ़ के अधिकार क्षेत्र में एलसी गेट पर शौचालय का प्रावधान। अनुमानित लागत रूपयों में: ₹3,04,87,977.43, बयाना राशि रूपयों में: ₹6,09,800/- निविदा प्रपत्र का मूल्य-शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 12 माह।

1. ई- निविदा दिनांक 01.06.2026 को 15.00 बजे तक आन लाइन जमा कर सकेंगे।
2. ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेब साईट www.ireps.gov.in पर देखे।

मण्डल रेल प्रबन्धक (इन्जी0),
मुजाधि/डब्लू-93 इज्जतनगर

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।


# माफिया कुंटू सिंह की बड़ी हवेली कुर्क

**अमृत विचार, लखनऊ :** आजमगढ़ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के निर्देश पर सोमवार को माफिया ध्रुव कुमार सिंह उर्फ कुन्टू सिंह की लगभग डेढ़ करोड़ की संपत्ति को कुर्क किया गया। कुर्क किया गया भवन बड़ी हवेली के नाम से चर्चित है। बता दें कि कुंटू सिंह पर कुल 78 मुकदमे दर्ज हैं। एसएसपी के मुताबिक, ध्रुव सिंह उर्फ कुंटु सिंह प्रदेश स्तर पर चिन्हित माफिया है। जिसने अपने गैंग के सदस्यों के साथ मिलकर हत्या, लूट, डकैती, रंगदारी, धोखाधड़ी एवं अन्य संगठित अपराधों के माध्यम से अवैध धन अर्जित किया है तथा ग्राम छपरा सुल्तानपुर स्थित लगभग 23 वर्ष पुराने भवन का अवैध धन से व्यापक जिर्णोद्धार व निर्माण कार्य कराया गया। "बड़ी हवेली" अपराधियों एवं गैंग के सदस्यों के जमावड़े, रंगदारी की रकम के बंटवारे तथा आपराधिक गतिविधियों की योजना बनाने का प्रमुख केंद्र रही है।

## अधिवक्ताओं ने नारेबाजी करते हुए तहसीलदार को हटाने के लिए खोला मोर्चा



तहसील परिसर में प्रदर्शन करते अधिवक्ता।

**कुंडा (प्रतापगढ़) अमृत विचार :** कुंडा तहसील के अधिवक्ताओं और तहसीलदार के बीच पिछले नौ महीने से विवाद और तनातनी चल रही है। उसी मामले को लेकर बुधवार से अधिवक्ता लामबंद होकर तालाबंदी, प्रदर्शन, नारेबाजी, आन्दोलन कर रहे हैं। सोमवार को भी अधिवक्ता तहसील परिसर में तहसीलदार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए काफी देर तक प्रदर्शन किया। इस मौके पर महामंत्री योगेश कुमार त्रिपाठी योगी, सत्येन्द्र कुमार श्रीवास्तव, बृजेन्द्र त्रिपाठी, दिलीप यादव, श्याम पांडेय, सिद्धनाथ सरोज, दिवाकर मिश्रा, प्रदीप कुमार पांडेय, राहुल केसरी, श्रीकृष्ण शुक्ल, नीरज पांडेय, उपेन्द्र सिंह, सुशांत श्रीवास्तव, संतोष कुमार सरोज, श्रीचन्द केसरवानी, संतोष यादव, राम चन्द्र विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

## कॉफी मशीन में धमाके से किशोर की मौत

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** पट्टी कोतवाली क्षेत्र के बहुता गांव निवासी आदर्श वर्मा के यहां आई बारात में गांव के उदयभान का 15 वर्षीय बेटा विपिन वर्मा रविवार रात गया था। बारात में कॉफी मशीन लगाई गई थी। इसी दौरान अचानक मशीन में जोरदार धमाका हो गया। धमाका इतना तेज था कि मौके पर अफरातफरी मच गई। मशीन के पास खड़ा विपिन गंभीर रूप से झुलस गया। परिजन आनन-फानन में उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां हालत नाजुक देख चिकित्सकों ने प्रयागराज रेफर कर दिया। प्रयागराज में इलाज के दौरान सोमवार को भोर में करीब तीन बजे किशोर ने दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। सोमवार सुबह शव गांव पहुंचते ही गांव के लोगों की आंखें नम हो गईं।

## दो बदमाश की पुलिस से मुठभेड़, पैर में लगी गोली

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** साइबर अपराध व एटीएम बदलकर ठगी करने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया है। घेराबंदी करने पर पुलिस टीम पर बदमाशों ने गोली चलाई। जवाबी फायरिंग में दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दिलीपपुर थाना क्षेत्र और आसपास एटीएम बदलकर टप्पेबाजी और साइबर क्राइम की घटनाएं हो रही थीं। इसे देखते हुए पुलिस अलर्ट थी। सोमवार सुबह पुलिस वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान दिलीपपुर थानाध्यक्ष बलराम सिंह और उनकी टीम से बदमाशों की मुठभेड़ हो गई। शक के आधार पर बदमाशों को पुलिस ने रोका तो उन्होंने पुलिस टीम पर गोली चलाई। इसके बाद पुलिस ने भी फायरिंग की तो दोनों बदमाश घायल हो गए। पुलिस ने बदमाशों को गिरफ्तार कर अस्पताल में भर्ती कराया। बदमाशों की पहचान लीलापुर थाना क्षेत्र के मोहम्मद आफताब और नौशाद अली के रूप में हुई। सीओ पट्टी मनोज कुमार सिंह रघुवंशी ने बताया कि पुलिस मुठभेड़ में घायल दोनों बदमाश लीलापुर क्षेत्र हैं। इन पर कई मुकदमे दर्ज हैं। बाकी जांच की जा रही है। घायल बदमाशों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## ट्रेन से कटकर अधेड़ की मौत खड़ी रही पंजाब मेल

**रानीगंज (प्रतापगढ़) अमृत विचार :** नीलांचल एक्सप्रेस गौरा रेलवे स्टेशन के पश्चिमी आउटर सिग्नल के पास सोमवार सुबह रामापुर से गौरा की तरफ से पैदल ही ट्रैक के समीप जा रहा एक अधेड़ उसकी चपेट में आ गया। जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। थोड़ी देर बाद हावड़ा से अमृतसर जा रही पंजाब मेल ट्रेन उधर से गुजर रही थी। तभी लोको पायलट की नजर रेलवे ट्रैक पर पड़ी तो अधेड़ का शव पड़ा था। लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर पंजाब मेल को आधे घंटे रोक कर कंट्रोल रूम सहित स्टेशन मास्टर को इसकी जानकारी दी। स्टेशन मास्टर की सूचना पर फतनपुर पुलिस ने शव को ट्रैक से हटवाया।


**कार्यालय जिला नगरीय विकास अभिकरण, (डूडा) रायबरेली।**

पत्रांक: 65 / डूडा / निविदा / 2026-27 दिनांकरू- 11.5.2026

**निविदा सूचना**

जनपद रायबरेली उ0प्र0 में डूडा द्वारा संचालित मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित व मलिन बस्ती विकास योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में नगर पालिका परिषद रायबरेली के 04 निर्माण कार्यो की आनलाइन निविदा, निविदा सूचना संख्या- 64/01/डूडा / निविदा /2026-27 दिनांक 11.05.2026 के द्वारा आमंत्रित की जाती है। इन्हें निम्नलिखित विवरण के अधीन ऑनलाइन निविदायें http://etender.up.nic.in के माध्यम से देखा जा सकता है।

| क0 सं0 | निविदा विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रकाशन वेब साइट पर तिथि / समय | 14.05.2026 | अपरान्ह 12: 00 बजे |
| 2 | निविदा.डाउन लोड की प्रारम्भ तिथि /समय | 14.05.2026 | अपरान्ह 12: 00 बजे |
| 3 | निविदा डाउन लोड की अन्तिम तिथि / समय | 28.05.2026 | सांय 05: 00 बजे |
| 4 | निविदा अश्वनलाइन खोलने की तिथि / समय | 29.05.2026 | अपरान्ह 12: 00 बजे |

**परियोजना अधिकारी**
डूडा, रायबेरली।



**कार्यालय नगर पंचायत फतेहपुर चौरासी, जनपद-उन्नाव।**

पत्रांकः- 44/नि0सू0/सी0-ज0नि0यो0/न0पं0फतेहपुर-84/2026-27 दिनांक- 11.05.2026

**ई-निविदा सूचना**

समस्त ठेकेदारों/फर्मो को सूचित किया जाता है, कि सीवरेज एवं जल निकासी योजनान्तर्गत जारी पत्र संख्या-580/2026/नौ-5-2025/001- Com.No.2008025 नगर विकास अनुभाग-5 लखनऊ दिनांक- 17 जनवरी, 2026 के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर पंचायत फतेहपुर चौरासी-उन्नाव की सीमान्तर्गत नाला एवं नाली निर्माण कार्य हेतु ई-निविदा प्रतिशत दर पर आमन्त्रित की जाती है। निविदादाता एक या एक से अधिक कार्यो हेतु निविदा डाल सकता है।

:- निविदा अपलोड एवं तकनीकी, वित्तीय बिड खोलने का विवरण निम्नवत् हैः-

| | | |
|---|---|---|
| (a) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा प्रकाशन की तिथि | 11/05/2026 |
| (b) | वेबसाइट पर ऑनलाइन निविदा डाउनलोड की तिथि | 12/05/2026 प्रातः 10:00 बजे से |
| (c) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा डालने की अंतिम तिथि व समय | 01/06/2026 प्रातः 11:00 बजे तक |
| (d) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से तकनीकी निविदा खोलने की तिथि व समय | 01/06/2026 प्रातः 11:30 बजे |
| (e) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से वित्तीय निविदा खोलने की तिथि व समय | तकनीकी निविदा खोलने के उपरान्त |
| (f) | ई-निविदा खोलने का स्थान | कार्यालय नगर पंचायत फतेहपुर 84-उन्नाव। |

नोटः-निविदा से सम्बंधित विस्तृत विवरण/नियम व शर्ते वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है अथवा किसी भी कार्य दिवस में कार्यावधि तक कार्यालय नगर पंचायत फतेहपुर, चौरासी से सम्पर्क करते हुए प्राप्त कर सकते है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत फतेहपुर चौरासी,
जनपद-उन्नाव।

अध्यक्ष
नगर पंचायत फतेहपुर चौरासी,
जनपद-उन्नाव।



**अमृत विचार क्लासीफाइड**

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मेरे पुत्र के पासपोर्ट पर मेरा घरेलू नाम छिटाना देवी अंकित है जो गलत है। आधार कार्ड के अनुसार मेरा नाम **छिटाना पत्नी स्वर्गीय रामकुमार निवासी ग्राम पूरे नौरंग सिंह मजरे व पोस्ट आलमपुर तहसील लालगंज जनपद रायबरेली** है। मैं छिटाना के नाम से ही जानी पहचानी जाती हूं।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि तहसील मितौली ब्लाक बेहजम की न्याय पंचायत नीमगांव की ग्राम पंचायत किशुनपुर में प्रस्तावित बहुउद्देशीय मत्स्य जीवी सहकारी समिति के गठन हेतु तृतीय बैठक दिनांक मई 15/05/2026 प्राथमिक विद्यालय माझा नगर में आयोजित की जा रही है इच्छुक व्यक्ति प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। **रेशमा पांडे, ग्राम पंचायत किशुनपुर ब्लॉक बेहजम, तहसील मितौली जिला लखीमपुर खीरी मोबाइल नंबर 94506 87059**

**सूचना**

मैं **बीनू पुत्र नरवीर सिंह नि0 ग्रा0 सिसैया नगला पो0 कुंअरपुर बनवारी छिबरामऊ कन्नौज** जो क्रय किया है दिलीप कुमार पुत्र पूजन सिंह इनकी रजिस्टी वही सं0 1 जिल्द सं0 6008 पृष्ठ सं0 2 से 16 तक क्रमांक 126 पर दिनांक 27-12-2017 पंजीकृत उपनिबन्धक छिबरामऊ कन्नौज में दर्ज हुई है। जो वास्तव में खो गयी है। जिसकी गुमशुदगी की सूचना ऑनलाइन के माध्यम से एफ0आई0आर0 नं0- 2026000113256 दिनांक 27-01-2026 को दर्ज करा दिया है।

**सूचना**

मैं **नाजिमा बानो पत्नी फारुख अली निवासी मनेरा, नवाबगंज, जिला- बाराबंकी** मेरे पति फारुख के नाम पालिसी नं0- 218713808 है। जिनकी मृत्यु दिनांक- 12/04/2018 हो गई है। उक्त पालिसी की जानकारी न होने के कारण उक्त पालिसी का दावा प्रस्तुत करने में देरी हो गई है, जो माफी योग्य है मैं कम पढ़ी-लिखी होने के कारण पालिसी क्लेम देरी हुई है। मैं मृतक पति के उक्त पालिसी का देर से दावा स्वीकार किये जाने की अति आवश्यकता है।

**बेदखली सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र अनुज कुमार गुप्ता को उसके खराब आचरण और प्रताड़ना से तंग आकर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है। अनुज कुमार गुप्ता के किसी कृत्य व लेन-देन से मेरा कोई सम्बन्ध नहीं है, न ही मेरी संपत्ति में वो हकदार होगा। **नन्दलाल गुप्ता सुत कंधई लाल निवासी मकान नंबर- 1697 डिहवा, थाना कोतवाली नगर, जिला सुलतानपुर**

**सूचना**

मैने अपना नाम AAFRA KHATOON निवासी -202, Farabi Foster Apartment, Sector-7, Vikas Nagar, LUCKNOW से बदल कर AFRA KHAN D/o MOHD SAKIM कर लिया है। आज से मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाएगा।

**NOTICE**

Important Notice It is hereby informed to the general public that I have changed my name from A. MOID to ABDUL MOID S/O ABDUL JABBAR. In the future, I shall be known and recognized by the ABDUL MOID, Address: VILL-HARHATA, POST-GUDRA, BALRAMPUR, UP. ABDUL MOID S/O ABDUL JABBAR Note: OLD NAME: A. MOID NEW / CHANGED NAME: ABDUL MOID

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह कि मैंने अपना नाम RAKESH DIXIT से बदल कर RAKESH KUMAR DIXIT रख लिया है। भविष्य में मुझे RAKESH KUMAR DIXIT के नाम से जाना व् पहचाना जाये। **राकेश कुमार दीक्षित पुत्र सुरेश कुमार दीक्षित निवासी 345, मनोहर नगर, बर्रा-2, कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश- 208027**

**NOTICE**

Shivraji mother of JC-355913A Sub Mishra Jayshankar Shri Hosilaprasad presently residing at Village Dauri Faridpur, Post Mokalpur, Ps. Akhand Nagar, Teh. Kadipur District Sultanpur State Uttar Pradesh have changed my name and DOB form Shivraji to Shivraji Devi form and my DOB from 02 Sep 1936 to 15-05-1938 vide affidavit IN-UP-49966657765740Y date 07-05-2026 before Sadar Sultanpur

# विभिन्न स्थानों पर हुईं सड़क दुर्घटनाओं में छह लोगों की मौत

## चार व्यक्ति गंभीर रूप से हुए घायल, संबंधित थानों की पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल

**बेलगाम रफ्तार**

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल व शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

सोमवार को जैदपुर-सफदरगंज मार्ग पर ग्राम टांड़पुरवा पुलिया के पास दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में लखनऊ के गोसाईगंज निवासी मिथुन की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरी बाइक पर सवार गोठिया निवासी रामसमुझ और उनकी पत्नी लक्ष्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। मिथुन अपनी ससुराल मोहिउद्दीनपुर जा रहा था। रविवार देर रात सफदरगंज थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर रसौली के पास खड़ी वैशाली एक्सप्रेस बस के नीचे मरम्मत कार्य कर रहे चालक अमित कुमार की मौत हो गई। गोरखपुर से दिल्ली जा रही बस के नीचे चालक कार्य कर रहा था, तभी पीछे से आ रही डीसीएम ने बस में जोरदार टक्कर मार दी जिससे बस का पहिया अमित के सिर पर चढ़ गया। वहीं घायल डीसीएम चालक का इलाज जिला अस्पताल में जारी है। कुछ देर तक हाईवे पर जाम की स्थिति बनी रही। लोनीकटरा थाना क्षेत्र के ग्राम चंदरौली निवासी शैलेन्द्र उर्फ रिंकू की कबूलपुर मोड़ के पास सड़क हादसे में मौत हो गई। वह बाइक से जा रहे थे तभी असंतुलित होकर सड़क किनारे गहरी खाई में जा गिरे। रामसनेहीघाट कोतवाली क्षेत्र के दलसिंहपुर निवासी सुरेश यादव की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। वह सुमेरगंज बाजार में पल्लेदारी का काम कर पैदल घर लौट रहे थे, तभी पीछे से आए वाहन ने टक्कर मार दी। बड्डूपुर क्षेत्र में हिदायतपुर निवासी पुष्पेंद्र दीक्षित (25) रविवार शाम अपनी बाइक से कहीं जा रहे थे कि फतेहपुर-महमूदाबाद मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन लखनऊ ट्रामा सेंटर ले गए। इलाज के दौरान सोमवार को उसकी मौत हो गई। घुंघटेर के बाबागंज-जमुआ मार्ग स्थित बिटियापुर गांव के पास पिकअप की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। विजय (45) को सीएचसी भेजा गया, जहां उसकी मौत हो गई। मसौली में कस्बा बांसा निवासी अमरीश कुमार रविवार देर रात बाइक से किसी कार्य से मसौली जा रहे थे। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मारकर उन्हे घायल कर दिया।

### ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** लोनीकटरा थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह दहिला डीह रेलवे क्रासिंग के पास एक युवक का शव मिला। जिसकी पहचान सरैयां डीह निवासी राममिलन रावत (40) के रूप में की गई। बताया जा रहा कि राम मिलन बीते एक माह से मानसिक रूप से बीमार चल रहा था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# अभिलेखों में कमी पर कृषि मंत्री ने लगाई फटकार



निरीक्षण करते कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही। ● अमृत विचार

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने सोमवार को साधन सहकारी समिति लिमिटेड प्यारेपुर सरैया तथा नवीन खुशहाली किसान सेवा केंद्र, सफदरगंज का निरीक्षण कर उर्वरकों की उपलब्धता, वितरण व्यवस्था और किसानों को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। खरीफ सीजन 2026 में किसानों को समय पर यूरिया व अन्य उर्वरक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किए गए निरीक्षण के दौरान मंत्री ने स्टॉक स्थिति और वितरण व्यवस्था की जांच की। उन्होंने अधिकारियों को उर्वरकों की कालाबाजारी रोकने तथा प्रत्येक किसान तक उचित मात्रा में खाद पहुंचाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान समिति परिसर में फैली गंदगी तथा उर्वरक वितरण रजिस्टर में किसानों के हस्ताक्षर और आधार कार्ड विवरण दर्ज न मिलने पर कृषि मंत्री ने समिति सचिव विनोद कुमार वर्मा को कड़ी फटकार लगाते हुए व्यवस्था में सुधार की चेतावनी दी। इस दौरान अपर निदेशक कृषि रक्षा आशुतोष मिश्र, उप निदेशक कृषि धीरेंद्र सिंह, जिला कृषि अधिकारी राजित राम वर्मा एवं लोकेश कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### प्रधान डाकघर में हर रविवार मिलेंगी आधार सेवाएं

**बाराबंकी, अमृत विचार :** भारतीय डाक विभाग बाराबंकी मंडल द्वारा आमजन को आधार संबंधी सेवाएं ज्यादा सुविधाजनक रूप से उपलब्ध कराने के लिये महत्वपूर्ण पहल की गई है। जिसके क्रम में बाराबंकी प्रधान डाकघर में अब प्रत्येक रविवार को विशेष आधार सेवाएं संचालित की जाएंगी। इस विशेष व्यवस्था के तहत नागरिकों को आधार नामांकन, आधार में नाम संशोधन, पता परिवर्तन, मोबाइल नंबर अपडेट, जन्मतिथि संशोधन, बायोमेट्रिक अपडेट सहित विभिन्न आधार संबंधी सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। अधीक्षक डाकघर बाराबंकी मंडल डॉ. किरण सिंह ने बताया कि रविवार को सेवाएं प्रारम्भ होने से विद्यार्थियों, नौकरी-पेशा व्यक्तियों, वरिष्ठ नागरिकों व ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को विशेष सुविधा मिलेगी। ऐसे लोगों को कार्य दिवसों में समयाभाव के कारण आधार संबंधी कार्य कराने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। डाकघर में आधार सेवाएं प्रशिक्षित कर्मचारियों व आधुनिक उपकरणों के माध्यम से संचालित की जाएंगी, जिससे नागरिकों को कोई असुविधा न हो। डॉ. किरण सिंह ने बताया कि डाक विभाग सदैव नागरिकों को बेहतर एवं जनहितकारी सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। रविवार को आधार सेवाएं प्रारम्भ किया जाना आमजन, विशेषकर विद्यार्थियों एवं नौकरी-पेशा नागरिकों के लिए अत्यंत उपयोगी पहल साबित होगा। उन्होंने नागरिकों से इस सुविधा का अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने नागरिकों से अनुरोध किया कि आधार संबंधी आवश्यक कार्य के लिये प्रत्येक रविवार को आवश्यक दस्तावेजों के साथ प्रधान डाकघर पहुंचकर सेवाओं का लाभ प्राप्त करें।

### सभी निलंबन रद, अधिवक्ता संघ का चुनाव 21 को

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जिला बार एसोसिएशन चुनाव को सोमवार के दिन हरी झंडी मिल गई। एक तरफ एल्डर्स कमेटी की बैठक में आय व्यय का लेखा जोखा रखे जाने के साथ ही सभी निलंबन समाप्त कर दिए गए। वहीं 21 मई चुनाव की तारीख तय कर दी गई है। तारीख का ऐलान होते ही दावेदारी का सिलसिला तेज हो गया। सोमवार को पूर्व निर्धारित दिन के अनुसार सोमवार को जिला बार में एल्डर्स कमेटी की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता अध्यक्ष जुबैर अहमद अंसारी ने की। इस दौरान जिला बार के महामंत्री रामराज यादव ने साल भर का लेखा जोखा कमेटी के समक्ष रखा। कोई कमी सामने न आने के बाद पदाधिकारियों के निलंबन वापस ले लिए गए। बैठक में ही बार एसोसिएशन के आगामी चुनाव का खाका भी खींचा गया। इसके अनुसार मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 12 मई को, नामांकन 13 व 14 मई को, नामांकन पत्रों की जांच व नाम वापसी 15 मई को होगी। इसके पांच दिन बाद 21 मई को सुबह दस से छह बजे तक चुनाव व 22 को मतगणना व परिणाम घोषित किया जाएगा। यह भी तय हुआ कि संघ में संयुक्त मंत्री पुस्तकालय, कोषाध्यक्ष के अलावा कार्यकारिणी में वरिष्ठ व कनिष्ठ सदस्य के चार पद महिलाओं के लिए आरक्षित रखे जाएंगे। बैठक में कमेटी के ओमप्रकाश निगम, मुकुंद सिंह, शिवशंकर मेहरोत्रा, अजय श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। उधर चुनाव की तिथियां घोषित होते ही मैदान में आने के इच्छुक अधिवक्ताओं में हर्ष की लहर दौड़ गई। कचहरी में दावेदारी को लेकर चर्चा का माहौल बना रहा।

### छात्राओं को बताया स्वच्छता का महत्व



कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं, प्रधानाचार्य, निदेशक व अन्य। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जागो-री-जागो संस्था ने पार्टनर ऑर्गनाइजेशन, बाला के सहयोग से शहर स्थित पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में स्वस्थ पीरियड्स स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्या नंदिता सिंह ने छात्राओं को मासिक धर्म की प्रक्रिया, स्वच्छता के सही तरीके, चिकित्सकीय परामर्श की आवश्यकता तथा इसे एक सामान्य जैविक प्रक्रिया बताते हुए जागरूक किया। उन्होंने छात्राओं को आत्मबल और स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अनेक प्रश्न पूछे, जिनका उत्तर सरल भाषा में दिया गया। सतत मासिक धर्म प्रबंधन को बढ़ावा देने के लिए सभी 150 छात्राओं को बाला सैनिटरी पैड किट नि:शुल्क वितरित की गई। छात्राओं ने फीडबैक में बताया कि कार्यक्रम उनके लिए अत्यंत लाभकारी रहा और अब वे पैड का उपयोग कर नियमित रूप से विद्यालय आ सकेंगी। शिक्षिका दीप शिखा के नेतृत्व में 8 छात्राओं का स्वस्थ पीरियड्स स्वच्छता ब्रिगेड दल गठित किया गया, जो समय-समय पर जागरूकता अभियान चलाएगा। अंत में शिक्षिका दीप शिखा ने जागो-री-जागो संस्था, बाला संगठन और संस्थापक व निदेशक चंद्र प्रकाश तथा पूरी टीम का आभार व्यक्त किया।

# आग से आधा दर्जन छप्पर राख, हजारों का नुकसान

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** बदोसरांय थाना क्षेत्र में रविवार रात भीषण आग लगने से आधा दर्जन छप्पर नुमा मकान जलकर राख हो गए। आग की चपेट में आने से लाखों रुपये का घरेलू सामान, अनाज व नकदी नष्ट हो गई। हालांकि समय रहते ग्रामीणों और दमकल कर्मियों की सक्रियता से बड़ा हादसा टल गया।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ग्राम अल्पीपुरवा मजरे शेषपुर टूटरु में रविवार देर रात अचानक एक छप्पर से आग की लपटें उठने लगीं। देखते ही देखते आग ने आसपास के कई मकानों को अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों के शोर मचाने पर लोग घरों से बाहर निकले, लेकिन तब तक घरों में रखा सामान जल चुका था। सूचना मिलने पर फायर प्रभारी रामसनेही के नेतृत्व में दमकल टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पीड़ित दीपू लाल पुत्र रामकेश ने बताया कि आग में 36 हजार रुपये नकद, महिलाओं के जेवरात, सरसों, गेहूं, धान, साइकिल, मोबाइल फोन, गैस सिलेंडर, भूसा, बेड, चारपाइयां, पंखे समेत पूरी गृहस्थी जलकर राख हो गई। प्रभावित परिवारों में रिंकू, पिंटू, दीपू लाल, विजय कुमार, अजय कुमार, पवन कुमार और गिरधारी गौतम शामिल हैं। सोमवार को तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा एवं नायब तहसीलदार दिनेश कुमार पांडे राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचे और नुकसान का जायजा लेकर पीड़ितों में राहत सामग्री वितरित की। तहसीलदार ने बताया कि क्षति का आंकलन कर रिपोर्ट शासन को भेजी जा रही है।

# दूसरे दिन भी सांसद आवास का किया घेराव

- नारी शक्ति वंदन अधिनियम के विरोध को लेकर प्रदर्शन



सांसद तनुज पुनिया आवास के सामने धरना-प्रदर्शन करतीं महिलाएं व भाजपाई।

**बाराबंकी: अमृत विचार :** नारी शक्ति वंदन अधिनियम का संसद में विरोध किए जाने के विरोध में आक्रोशित महिलाओं व भाजपाइयों ने लगातार दूसरे दिन सोमवार को भी कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया के आवास के बाहर प्रदर्शन कर घेराव किया।

हाथों में तिरंगा और पट्टिकाएं लिए महिलाओं ने धरना स्थल से सांसद आवास तक मार्च निकालकर नारेबाजी की। भारी पुलिस बल ने प्रदर्शनकारियों को बैरिकेडिंग के आगे बढ़ने से रोक दिया। धरना प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने नारी शक्ति का अपमान नहीं सहेगा और नारी के सम्मान में भाजपा मैदान में जैसे नारे लगाए।

जिला उपाध्यक्ष रचना श्रीवास्तव ने कहा कि भाजपा सदैव मातृशक्ति के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए कार्य करती रही है। सरोज रावत ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने इस विधेयक का विरोध कर महिलाओं की भावनाओं को आहत किया है।

महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रामेश्वरी त्रिवेदी ने कहा कि महिला आरक्षण का विरोध महिलाओं को निर्णय प्रक्रिया से दूर रखने की पुरानी मानसिकता को दर्शाता है। उर्मिला रावत ने महिलाओं से इस मुद्दे पर एकजुट होकर आवाज उठाने की अपील की। प्रदर्शन में जिला महामंत्री विजय आनंद बाजपेई, नीता अवस्थी, अलका मिश्रा, गुलजार बानो, सरिता सिंह, सविता रावत, सुनीता रावत, गुंजन शर्मा, निर्मला रावत, सरिता वर्मा, नवीन राठौर, वैभव मिश्रा, राकेश सिंह पटेल, सूरज सिंह, संदीप बाल्मीकि, कुशाग्र श्रीवास्तव, राहुल बाल्मीकि, अरुण रावत सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और भाजपाई मौजूद रहे।

### भाजपा कार्यकत्रियों पर अभद्र टिप्पणी, रिपोर्ट

**बाराबंकी, अमृत विचार :** भाजपा कार्यकत्रियों के प्रदर्शन को लेकर सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने के मामले में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष रामेश्वरी त्रिवेदी की ओर से दी गई तहरीर में आरोप लगाया गया कि जन आक्रोश रैली के लाइव प्रसारण को लेकर सोशल मीडिया पर नूर आलम नामक व्यक्ति ने आपत्तिजनक एवं अशोभनीय टिप्पणी की। तहरीर में कहा गया कि रैली पर की गई टिप्पणी से महिला समाज का अपमान हुआ और कार्यकर्ताओं में आक्रोश फैल गया है। मामले में आरोपित के खिलाफ अभियोग पंजीकृत करने को लेकर दी गई तहरीर पर पुलिसने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। शिकायत पत्र पर ब्लॉक प्रमुख सिद्धौर आरती रावत, ब्लॉक प्रमुख सूरतगंज लकी सिंह समेत भाजपा महिला मोर्चा और पार्टी पदाधिकारियों के हस्ताक्षर हैं।

# खंडित मिली हनुमान प्रतिमा, आक्रोश

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** बिठौरा स्थित प्राचीन सागर दास महाराज के पावन स्थान पर बने मंदिर में स्थापित हनुमान प्रतिमा सोमवार सुबह खंडित मिली। घटना की जानकारी होते ही ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया और मंदिर परिसर में लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। कार्यकर्ताओं ने अज्ञात लोगों पर प्रतिमा खंडित करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं ग्रामीणों और मंदिर समिति की ओर से बताया गया कि ज्येष्ठ माह के दूसरे मंगलवार को नई हनुमान प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा कराई जाएगी। इस दौरान विहिप कार्यकर्ता रामनाथ मौर्य, राहुल वर्मा, रमाकांत, विनय समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



बैठक करतीं सदस्य नीरज गौतम। ● अमृत विचार

### अनुसूचित जातियों के उत्थान को सरकार प्रतिबद्ध : नीरज

**बाराबंकी, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति आयोग की सदस्या नीरज गौतम ने सोमवार विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने जिला समाज कल्याण अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर अनुसूचित जातियों के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी ली। समीक्षा के दौरान उन्होंने अधिकारियों को योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। नीरज गौतम ने कहा कि प्रदेश सरकार अनुसूचित जातियों के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास (बालक) का निरीक्षण किया। उन्होंने उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी नीलम सिंह, संत मुरारी दास महाराज, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डीके श्रीवास्तव, बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन पाठक, पूर्ति निरीक्षक अनुज सिंह, नायब तहसीलदार राजीव वर्मा आदि मौजूद रहे।

# डीआईजी ने फतेहपुर थाने का किया निरीक्षण

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** अयोध्या परिक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक सोमेन बर्मा ने रविवार देर रात थाना फतेहपुर का निरीक्षण किया। उन्होंने अपराध नियंत्रण, विवेचनाओं की गुणवत्ता, बीट पुलिसिंग तथा डिजिटल डेटा प्रबंधन की समीक्षा की। डीआईजी ने थाना परिसर के मालखाना, बंदी गृह एवं अभिलेखों के रख-रखाव का निरीक्षण किया और लंबित विवेचनाओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर देते हुए 'मिशन शक्ति' के तहत संचालित महिला हेल्प डेस्क की कार्यप्रणाली भी परखी। निरीक्षण के दौरान डीआईजी ने सक्रिय अपराधियों की प्रभावी मॉनिटरिंग करते हुए उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# खेलते समय तालाब में गिरी बच्ची, मौत

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** चंदनापुर में सोमवार को हादसे में डेढ़ वर्षीया बच्ची की तालाब में डूबने से मौत हो गई। गांव निवासी सूरज की डेढ़ वर्षीय पुत्री आरुषी घर के पास स्थित मंदिर के निकट खेल रही थी। इसी दौरान खेलते-खेलते वह पास के तालाब में जा गिरी। काफी देर तक बच्ची दिखाई न देने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। कुछ देर बाद तालाब में बच्ची का शव उतराता दिखाई दिया। परिजन तत्काल उसे बाहर निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर आवश्यक लिखापढ़ी की। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इन्कार कर दिया है।

### नदी में नहाते समय युवक डूबा, मौत

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** शनिवार शाम कल्याणी नदी में नहाने गए युवक की डूबने से मौत हो गई। परिजनों को सोमवार सुबह उसका शव उतराता मिला। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुतबापुर का रहने वाली राम सुनील (35) मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करता है। रविवार की शाम करीब छह बजे युवक अकेले ही हनुमान मंदिर के पास से गुजरी कल्याणी नदी में नहाने गया था। रात भर घर न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरु कर दी पर कुछ पता नहीं लगा। सोमवार सुबह ग्रामीणों ने नदी में शव उतराता देखा तो खबर गांव तक गई। मौके पर पहुंचे परिजनों ने मृतक की पहचान रामसुनील के रूप में की। सूचना पर गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### एल्युमिनाई एसो. ने मेधावियों को किया सम्मानित




मेधावियों को सम्मानित करती अल्युमनाई एसोसिएशन। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज बाराबंकी में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में एल्युमिनाई एसोसिएशन ने मेधावी छात्रों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। अलुमनाई एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. सुधीर वर्मा ने कहा कि उत्तम स्वास्थ्य, प्रबुद्ध शिक्षा और प्रतिभावान छात्र को केंद्र में रखकर रचनात्मक कार्य करना संस्था का प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि छात्र राष्ट्र के भाग्य विधाता हैं और उनके कंधों पर देश का भविष्य है। कार्यक्रम में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पांच-पांच छात्रों को प्रशस्ति पत्र, भारत रत्न डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम द्वारा लिखित पुस्तक एवं नोटबुक प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही कक्षा 6 से 12 तक प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले 7 छात्रों को प्रतिमाह 100 रुपये छात्रवृत्ति देने की घोषणा की गई तथा अप्रैल, मई व जून की अग्रिम राशि की डमी चेक प्रदान की गई। उपाध्यक्ष सुशील अग्रवाल व शरद राज सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों ने छात्रों को प्रेरित किया। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष संजय निगम व डॉ. एन.के. गुप्ता सहित कई सदस्य उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य राधेश्याम ने अल्युमनाई एसोसिएशन के कार्यों की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक सुशील कुमार द्विवेदी ने किया। इस दौरान विद्यालय के उप प्रधानाचार्य अरविंद प्रकाश त्रिपाठी व अन्य शिक्षक मौजूद रहे।



प्रशिक्षण के दौरान मौजूद डॉ. आर. आहूजा व अन्य चिकित्सक। ● अमृत विचार

### नवजात मृत्यु दर कम करने को चिकित्सकों का प्रशिक्षण

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जनपद में नवजात मृत्यु दर (एनएमआर) 37 प्रति 1000 होने को लेकर चिंता जताई गई है। आंकड़ों के अनुसार प्रति 1000 जीवित जन्मों में 37 नवजात 28 दिन के भीतर विभिन्न कारणों से मृत्यु को प्राप्त हो जाते हैं। इसी को देखते हुए राष्ट्रीय नवजात जीवन रक्षा दिवस के अवसर पर चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। राष्ट्रीय नवजात फोरम के सहयोग से प्रोफेसर इमेरिटस डॉ. आर. आहूजा एवं नवजात रोग विशेषज्ञ डॉ. रजत आहूजा ने शहर के करीब 20 चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षण दिया। प्रोफेसर डॉ. आर. आहूजा ने बताया कि वे पूर्व में राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन, विश्व स्तनपान जागरूकता, ओआरएस एवं हैंड वॉश अभियान तथा किशोरियों में गर्भाशय ग्रीवा कैंसर से बचाव के लिये टीकाकरण जागरूकता जैसे अभियानों से जुड़े रहे हैं। उन्होंने संकल्प लिया कि जनपद में एनएमआर इंडेक्स को 37 से घटाकर 10 से नीचे लाने के लिए जागरूकता एवं प्रशिक्षण अभियान चलाया जाएगा। डॉ. रजत आहूजा ने बताया कि नवजात मृत्यु के प्रमुख कारणों में शिशु का सांस न ले पाना भी शामिल है, जिसे प्रशिक्षण के माध्यम से बिना दवा के काफी हद तक कम किया जा सकता है। प्रशिक्षण में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. पंकज सिंह, डॉ. मीनू वर्मा, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. जी.आर. वर्मा, रंजीत यादव, आकाश वर्मा, डॉ. रणविजय यादव, डॉ. मनोज कुमार वर्मा, वर्षा वर्मा सहित कुल 20 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

**कार्रवाई** | सीएम के ड्रीम प्रोजेक्ट कॉरिडोर निर्माण ने पकड़ी रफ्तार

# महादेवा में विवादित भवनों पर चला बुलडोजर

रामनगर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल लोधेश्वर महादेवा कॉरिडोर निर्माण कार्य को गति देने के लिए प्रशासन ने सोमवार से अधिग्रहीत शेष विवादित मकानों और दुकानों के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई दोबारा शुरू करा दी।

भारी पुलिस बल की मौजूदगी में जेसीबी मशीनों से अभियान चलाया गया। कॉरिडोर परियोजना के लिए कुल 128 मकान और दुकानों का अधिग्रहण किया गया था। इनमें पहले चरण में 97 भवनों को ध्वस्त कराया जा चुका था, जबकि 31 भवन और दुकानें विवादित होने के कारण बची रह गई थीं। प्रशासन द्वारा शनिवार को डुग्गी मुनादी कराकर लोगों को भवन खाली करने की चेतावनी दी गई थी।

सोमवार को उपजिलाधिकारी आनंद तिवारी, तहसीलदार विपुल कुमार सिंह और कोतवाल अरुण प्रताप सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और ध्वस्तीकरण अभियान शुरू कराया। देर शाम तक करीब चार मकानों को गिराया जा चुका था। कार्रवाई के दौरान भवन स्वामी अपना सामान हटाने और मकान खाली करने में जुटे रहे। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि विवादित मामलों में न्यायालय का फैसला आने के बाद संबंधित भवन स्वामियों के खातों में मुआवजे की धनराशि भेजी जाएगी। वहीं, पर्यटन विभाग की देखरेख में मंदिर जाने वाले मुख्य द्वार का निर्माण कार्य भी तेजी से कराया जा रहा है। उपजिलाधिकारी आनंद तिवारी ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा और पर्यटन विकास को ध्यान में रखते हुए भव्य कॉरिडोर का निर्माण कराया जा रहा है। विकास कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा करने के लिए अधिग्रहित भवनों को हटाने की कार्रवाई जारी रहेगी। इस दौरान पर्यटन विभाग के अधिकारी, ग्राम प्रधान राजन तिवारी सहित अन्य विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे।



महादेवा मंदिर के पीछे चलता बुलडोजर। ● अमृत विचार



मकान खाली करते भवन मालिक।

### 30 ग्राम मार्फीन के साथ तस्कर गिरफ्तार

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने एक तस्कर को 30 ग्राम मार्फीन व बिना नम्बर प्लेट की अपाचे बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ उप निरीक्षक रणजीत सिंह यादव चौकी प्रभारी पोखरा आदित्य पाल बीती रात पुलिस बल के साथ पोखरा बाजार में ड्यूटी पर थे, तभी मुखबिर से मिली सूचना पर टीम ने पोखरा चीनी मिल के निकट नहर पुलिया पर घेरा लगाकर अपाचे सवार 23 वर्षीय युवक को पकड़ लिया। युवक ने अपना नाम पंकज दीक्षित पुत्र गया प्रसाद दीक्षित निवासी सराय चौबे वन पुकार कोतवाली हैदरगढ़ बताया। तलाशी के दौरान युवक के लोअर की दाई जेब से 30 ग्राम मार्फीन तथा बिना नम्बर प्लेट की अपाचे बाइक बरामद हुई। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया इसके अलावा पुलिस ने उसके पास से 220 रुपये भी बरामद किए।

### शराब पीकर वाहन चलाते मिले 84 वाहन चालक

**बाराबंकी, अमृत विचार :** यातायात निदेशालय के निर्देशन में पुलिस ने शराब पीकर व लापरवाही से वाहन चलाने वालों के विरुद्ध दो दिवसीय अभियान चलाया। टोल प्लाजा पर ड्रिंक एंड ड्राइव, मोडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हार्न, हूटर के विरुद्ध चेकिंग अभियान चला। अभियान के दौरान मुख्य रूप से टोल प्लाजा पर प्रत्येक लेन के लिए समर्पित टीमें नियुक्त की गई, जिन्हें ब्रेथ एनालाइजर, बॉडी वार्न कैमरा और रिफ्लेक्टिव जैकेट जैसे आधुनिक उपकरणों से लैस किया गया। अभियान के दौरान कुल 3078 वाहनों को चेक किया गया, जिसमें शराब पीकर वाहन चलाने वाले 84 चालकों के विरुद्ध चालान किया गया, मोडिफाइड साइलेंसर में 10, प्रेशर हॉर्न में 64, हूटर में 2 चालान सहित कुल 160 चालान कर कुल 6,70,000 रुपये शमन शुल्क अधिरोपित किया गया एवं लाउड हेलर के माध्यम से चालकों को निर्धारित गति सीमा का पालन करने और सीट बेल्ट लगाने जैसे सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

न्यूज ब्रीफ

### चाय की दुकान का ताला तोड़कर हजारों की चोरी

शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार : गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के राजमार्ग स्थित सुभाष नगर में एक चाय की दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने हजारों का सामान पार कर दिया। पीड़ित आशू शुक्ला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह रविवार रात रोज की तरह दुकान बंद कर घर चले गए। देररात चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर अंदर रखा गैस सिलेंडर व परचून के सामान समेत हजारों का माल पार कर दिया। सोमवार सुबह दुकान पहुंचने पर इसकी जानकारी हुई। सूचना पर गंगाघाट पुलिस इसकी जांच में जुट गई है।

### आज फीडर 4 में 6 घंटे गुल रहेगी बिजली

शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार : री-वैंप योजना के तहत मोहल्ला बिंदानगर में जर्जर एबीसी केबिल बदलने का कार्य 12 मई को होगा। इससे 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र शुक्लागंज से निकलने वाले 11 केवी शुक्लागंज फीडर-4 से जुड़े क्षेत्रों की आपूर्ति करीब 6 घंटे बाधित रहेगी। विद्युत विभाग के अनुसार सुबह 11 से शाम 5 बजे तक मरम्मत कार्य होगा। इसके चलते संबंधित क्षेत्रों में बिजली नहीं रहेगी। एसडीएम विद्युत वितरण खंड मगरवारा ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### जूलॉजी की प्रयोगात्मक परीक्षा 15 मई को

उन्नाव, अमृत विचार : डीएसएन पीजी कॉलेज के प्राणीशास्त्र विभाग के डॉ. अमित कुमार अवस्थी ने कहा कि बीएससी चतुर्थ सेमेस्टर की जूलॉजी की प्रायोगिक परीक्षा 15 मई को 10 बजे से होगी। सभी परीक्षार्थी निर्धारित समय पर अनिवार्य दस्तावेज एडमिट कार्ड व कॉलेज आईडी साथ लेकर आएं। परीक्षा छूटने की स्थिति में छात्र स्वयं जिम्मेदार होंगे और दोबारा परीक्षा के लिए कोई अवसर नहीं दिया जाएगा। कहा कि छात्र अपनी पूर्ण रूप से तैयार व हस्ताक्षरित प्रायोगिक फाइल साथ लेकर आएं।

### गर्मी में पेड़ों को बचाने में जुटी नगर पालिका

शुक्लागंज, उन्नाव, अमृत विचार : मई माह की गर्मी में पालिका की ओर से फोरलेन मार्ग के डिवाइडरों पर लगाए गए पौधों और पेड़ों को सूखने से बचाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पालिका प्रशासन द्वारा प्रतिदिन सुबह और शाम टैंकरों के माध्यम से पौधों में नियमित रूप से पानी डलवाया जा रहा है, ताकि तेज धूप और गर्म हवाओं के बावजूद हरियाली बनी रहे। इसके लिए पालिका कर्मियों की ड्यूटी शिफ्टवार लगाई गई है, जिससे किसी भी पौधे को पानी की कमी न हो।

# विकास की राह में लग रहा जाम का ग्रहण

## सड़कों पर लोग बेहाल, बच्चे और राहगीर पसीने से तरबदर

कार्यालय संवाददाता उन्नाव


आवास विकास कालोनी रेलवे क्रासिंग पर मरम्मत करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

अमृत विचार: शहर के सुंदरीकरण व मरम्मत कार्यों ने आमजन की मुश्किलों को सातवें आसमान पर पहुंचा दिया है। बीते एक माह से शहरवासी भीषण जाम से जूझ रहे हैं। आलम यह है कि मुख्य मार्गों से लेकर गलियों तक चिलचिलाती धूप में वाहनों के पहिए थमे नजर आ रहे हैं। जिससे स्कूली बच्चों व आम राहगीरों को परेशानी हो रही है।

शहर में जाम का सिलसिला करीब एक माह पूर्व बड़ा चौराहा पर शुरू हुए पाइप लाइन अंडर ग्राउंड कार्य से हुआ था। अभी लोग इससे उबरे भी नहीं थे कि हरदोई पुल की मरम्मत शुरू कर दी गई। स्थिति तब और भयावह हो गई जब सोमवार को आवास विकास कालोनी स्थित लखनऊ-कानपुर-रायबरेली रेलखंड स्थित रेलवे फाटक संख्या 126 पर होने वाली मरम्मत शुरू कर दी गई। इसके चलते हरदोई पुल, कचहरी पुल व आवास विकास मार्ग पूरी तरह ठप हो गए। मुख्य मार्गों पर वाहनों की कतारें लगने से लोग शॉर्टकट की तलाश में गलियों में घुस गए। इससे शहर के पीतांबर नगर, राम नगर, कासिम नगर सहित कोई कोना जाम से अछूता नहीं रहा। सबसे बुरा हाल स्कूली बच्चों का रहा। जो तपती दोपहर में स्कूल बसों व वैन में घंटों फंसे रहे। भीषण गर्मी व उमस के बीच घंटों तक फंसे रहने से राहगीर पसीने से तर-बतर और बेहाल नजर आए।

### यातायात पुलिस भी बहाती रही पसीना

हरदोई पुल पर आधी सड़क पर निर्माण कार्य चलने से यातायात पुलिस के लिए चुनौती काफी बढ़ गई है। भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों के बीच यातायात कर्मी छाता लेकर व्यवस्था को सुचारू कराने में जुटे रहे। यातायात पुलिसकर्मियों के भी पसीने छूट गए, लेकिन वाहनों के अत्यधिक दबाव के आगे सारे प्रयास नाकाफी साबित हो रहे हैं।

### प्रशासनिक तालमेल की कमी पर सवाल

जाम में फंसे लोगों ने कहा कि विकास जरूरी है लेकिन एक साथ कई प्रमुख रास्तों को खोद देना या मरम्मत शुरू करना प्रशासनिक दूरदर्शिता की कमी दर्शाता है। लोगों ने मांग की कि निर्माण कार्यों की गति बढ़ाई जाए और यातायात के लिए वैकल्पिक रूट्स का बेहतर प्रबंधन हो ।ताकि गर्मी के इस मौसम में जनता को कुछ राहत मिल सके।

# पुरानी रंजिश में मां-बेटे पर धारदार हथियार से हमला

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)


मारपीट में घायल मां-बेटा।

अमृत विचार: गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के गंगा नगर मोहल्ले में रविवार रात पुरानी रंजिश को लेकर दबंगों ने घर में घुसकर मारपीट की और बीच-बचाव करने आए मां-बेटे पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। घटना में दोनों घायल हो गए।

गंगा नगर निवासी शिवम द्विवेदी के अनुसार, रात करीब 8 बजे वह परिवार के साथ घर पर था। आरोप है कि तभी मोहल्ले के आयुष गोस्वामी, आसिफ व लाला करिया गाली-गलौज करते हुए घर के बाहर आ गए। विरोध करने पर आरोपियों ने पिता बृजेंद्र व छोटे भाई सत्यम से मारपीट शुरू कर दी। तभी शिवम व उसकी मां सरोज बीच-बचाव करने पहुंचे तो आरोपियों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे दोनों को चोटें आ गईं। घायल अवस्था में परिजन कोतवाली पहुंचे और पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने घायलों को मेडिकल के लिए भेजते हुए आरोपियों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# सोमनाथ स्वाभिमान पर्वः कलश यात्रा निकाली

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव


सिद्धनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना करते डीएम, सीडीओ व अन्य। ● अमृत विचार

अमृत विचार: सोमनाथ मंदिर की 75वीं वर्षगांठ पर सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के दृष्टिगत पर्यटन एवं संस्कृति विभाग द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। जिसे डीएम घनश्याम मीना ने हरी झंडी दिखाई। यह यात्रा देवी मंदिर से शुरू होकर सिद्धनाथ मंदिर में समाप्त हुई। जहां डीएम ने पूजन अर्चन भी किया।

विद्वान ब्राम्हणों की उपस्थिति में डीएम ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से पूजा-अर्चन ओंकार जाप महाआरती, रुद्राभिषेक दीपोत्सव आदि में प्रतिभाग कर विधिवत पूजन कर जिलावासियों की सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की। इस दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही व धार्मिक एवं आध्यात्मिक वातावरण बना रहा। डीएम ने कहा कि ऐसे धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजन हमारी परंपराओं और सामाजिक एकता को सुदृढ़ करते हैं। पूजन अर्चन के बाद हुए प्रसाद वितरण में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इसमें सीडीओ कृतिराज, परियोजना निदेशक तेजवंत सिंह, एसडीएम सदर क्षितिज द्विवेदी, एनसीसी व पीआरडी जवान व बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

● डीएम ने की जिलावासियों की सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना

### हत्या के मुकदमे में सुलह न करने पर दी धमकी

शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार : गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के बसधना गांव में हत्या के मुकदमे में सुलह न करने पर दबंगों द्वारा धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने आरोपियों के विरुद्ध पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित शिवदत्त के अनुसार रविवार सुबह वह खेत जा रहा था तभी रास्ते में विपिन सिंह के परिवार के दो लोगों ने उसे रोक लिया। दोनों ने गालीगलौज कर हत्या के मुकदमे में सुलह करने का दबाव बनाया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। बता दें कि 8 मार्च 2026 को बसधना गांव में शराब पार्टी के दौरान विवाद होने पर मनोकांत की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में मृतक की पत्नी सुमन शुक्ला की तहरीर पर कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज है। हाजीपुर चौकी इंचार्ज सुधीर दुबे ने बताया कि प्रार्थना पत्र मिला है। मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# डंपर की टक्कर से बाइक सवार अधेड़ की मौत

हसनगंज, उन्नाव


हादसे के बाद सड़क पर लगी लोगों की भीड़। ● अमृत विचार

अमृत विचार: हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के महुआ चौराहा पर तेज रफ्तार डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी। इसमें अधेड़ की मौत हो गई। वहीं उसका साथी गंभीर घायल हो गया। पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाकर शव मोर्चरी भेजा है। पुलिस ने डंपर चालक को हिरासत में लिया है।

कोतवाली क्षेत्र के छरिहरा गांव के मजरा रघुवर खेड़ा निवासी मोती (51) पुत्र कन्हई गांव के सुरेंद्र के साथ सोमवार दोपहर हसनगंज कस्बा स्थित बैंक ऑफ इंडिया की शाखा गए थे। जहां से वह कार्य निपटाकर शाम 4 बजे लौट रहे थे। तभी लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग पर महुआ चौराहे के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें पीछे बैठा मोती दाहिनी ओर सड़क पर गिर गया। जिसे डंपर ने रौंद दिया। इससे उसकी मौके पर मौत हो गई। वहीं दूसरी ओर गिरा सुरेंद भी गंभीर घायल हो गया। लोगों ने करीब 1 किमी पीछा कर भाग रहे डंपर को चालक सहित पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने घायल सुरेंद्र को अस्पताल में भर्ती कराया। मोती की मौत से पत्नी फूला, बेटी शीलू व बेटे देशराज, सोनू, मोनू व कमल किशोर बेहाल हैं। घटना के बाद लोगों की सड़क पर भीड़ एकत्र हो गई। इससे जाम के हालात बन गए। लोगों को हटाकर पुलिस ने शव मोर्चरी भेजा है। कोतवाली प्रभारी शरद कुमार ने बताया कि डंपर व चालक पकड़ा गया है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

● साथी गंभीर रूप से घायल डंपर चालक गिरफ्तार

# मातृत्व योजना की सभी सेवाएं हुईं ठप, गर्भवतियां परेशान

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार: सरकार द्वारा संचालित मातृत्व योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क जांच, टीकाकरण, दवाइयां व अल्ट्रासाउंड जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। लेकिन शुक्लागंज क्षेत्र में बीते 3 माह से अल्ट्रासाउंड सेवा ठप होने से गर्भवती महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

क्षेत्र की चंपापुरवा निवासी शबनम व ब्रह्मनगर निवासी माधुरी ने बताया कि उनके परिवार की अन्य महिलाओं को पहले इस योजना का लाभ मिल चुका है। लेकिन वर्तमान में उन्हें यह सुविधा नहीं मिल रही है। इससे उन्हें महंगे अल्ट्रासाउंड कराने को मजबूर होना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार, पहले गर्भवती महिलाओं के अल्ट्रासाउंड निजी संस्थानों के माध्यम से कराए जाते थे, लेकिन अब बजट के अभाव में यह व्यवस्था बाधित हो गई है। इस संबंध में डॉ. राजेश चंद्रा ने बताया कि धनराशि न मिलने के कारण फिलहाल यह सेवा बंद है। वहीं मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सत्य प्रकाश ने कहा कि मामले को गंभीरता से लिया जाएगा और बजट की व्यवस्था कर जल्द ही अल्ट्रासाउंड सुविधा पुनः शुरू कराई जाएगी, ताकि कोई असुविधा न हो।

● तीन माह से बजट के अभाव में नहीं मिल रही सुविधा

# एईई ने गंगाघाट स्टेशन का लिया जायजा

शुक्लागंज उन्नाव


स्टेशन के ले-आउट पर चर्चा करते सहायक अधिशाषी अभियंता। ● अमृत विचार

अमृत विचार: गंगाघाट रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत हो रहे निर्माण का सोमवार को उत्तर रेलवे लखनऊ गतिशक्ति के सहायक अधिशाषी अभियंता प्रथम डॉ. एससी श्रीवास्तव ने निरीक्षण किया। उनके साथ जेई अभिषेक मिश्रा भी रहे।

दोपहर करीब 1 बजे पहुंचे अफसरों ने स्टेशन परिसर में चल रहे कायाकल्प कार्यों की हकीकत देखी। इसमें उन्होंने कार्यदायी संस्था द्वारा निर्मित रिटर्निंग वॉल का निरीक्षण कर गुणवत्ता जांची। इसके बाद स्टेशन के केबिन में बैठक कर प्रोजेक्ट का लेआउट भी देखा। इस दौरान अधिकारियों ने कार्यदायी संस्था के जेई महेश व अन्य कर्मियों से निर्माण की प्रगति जानी। डॉ. श्रीवास्तव ने निर्देश दिए कि कार्य में कोई अनियमितता बर्दाश्त नहीं हो और सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुसार ही हों। उन्होंने कहा कि बारिश शुरू होने से पहले स्टेशन भवन के फाउंडेशन का कार्य हर हाल में पूरा कर लें। साथ ही कार्य में तेजी लाने व समयबद्ध ढंग से पूरा करने को भी कहा। करीब 2 घंटे तक चले निरीक्षण के बाद अधिकारी लौट गए।

● बिल्डिंग का फाउंडेशन कार्य बारिश से पहले पूरा करने के निर्देश

### सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर 7 योग्यता धारी स्पेशल एजुकेटर बने स्पेशल शिक्षक


नियुक्त पत्र देते बीएसए शैलेश पांडे। ● अमृत विचार

उन्नाव, अमृत विचार : उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुपालन में प्रदेश के 643 स्पेशल एजुकेटर में 434 उन स्पेशल एजुकेटर को जो टेट पास हैं उन्हें प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्तर पर विशेष शिक्षक बनाया गया है। इसमें उन्नाव के 35 स्पेशल एजुकेटर में केवल 7 ऐसे स्पेशल एजुकेटर हैं जिन्होंने टेट परीक्षा उत्तीर्ण की है। उन्हें सोमवार को बीएसए शैलेश पांडे ने नियुक्ति पत्र देकर कर स्पेशल शिक्षक के पद पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए हैं। जिला समन्वयक शशि प्रभा श्रीवास्तव ने बताया कि एक शिक्षक रमेश चंद्र पुत्र राम उजागर चौधरी की नियुक्ति प्राथमिक विद्यालय में हुई है। जबकि उच्च प्राथमिक विद्यालयों में धर्मेंद्र पाल सिंह, मीनू तिवारी, नितिन मुकेश, रमेश चंद्र, रवि श्याम शर्मा व विशेष यादव की नियुक्ति हुई है।

### 'पंखा' विहीन कूलर दे रहे 'लापरवाही' की ठंडी हवा


जिला अस्पताल की बदहाली उजागर करती तस्वीर। ● अमृत विचार

शुभम निगम, उन्नाव, अमृत विचार : भीषण गर्मी में जिला अस्पताल की बदहाली एक बार फिर उजागर हुई है। वार्डों में लगे कूलर शोपीस बने हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि कूलरों से पंखे ही नहीं हैं। जिससे वे ठंडी हवा देने में असमर्थ हैं। इससे मरीज व तीमारदार पसीने से बेहाल हैं। अस्पताल प्रशासन की इस घोर लापरवाही ने सरकारी दावों की पोल खोल दी है। तस्वीर में दिख रहा है कि किस तरह पंख विहीन कूलर लापरवाही की ठंडी हवा दे रहे हैं।

# स्वगणना को जनगणना ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव



ब्रांड एंबेसडर के साथ शिक्षक अमित तिवारी व अन्य। ● अमृत विचार

अमृत विचार: जनगणना-2027 के पहले चरण के तहत स्व. गणना अभियान को सफल बनाने के लिए शिक्षकों द्वारा विद्यालय के छात्रों को जनगणना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया। जिससे वह अपने घर व पड़ोसियों को स्व. गणना के लिए प्रेरित कर सकें।

विकासखंड सफीपुर के कम्पोजिट स्कूल रनियामऊ में शिक्षक अमित तिवारी ने बताया कि स्कूल में सक्रिय विद्यार्थियों को 'जनगणना ब्रांड एंबेसडर' नियुक्त कर उन्हें प्रशिक्षित किया गया कि वह ग्रामीणों को डिजिटल जनगणना की बारीकियों व ऑनलाइन प्रक्रिया के 33 महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी दे सकें। अपने परिवारों व पड़ोसियों की स्व. गणना करने में मदद कर सकें। जनगणना ब्रांड एंबेसडर सर्वसम्मति से कक्षा 8 के कान्हा व प्रिंस, कक्षा 7 के दुर्गेश, अंबिका व लक्ष्मी और कक्षा 6 के सत्यम को बनाया गया। बता दें कि इस बार जनगणना में कागजी रजिस्टरों के बजाय मोबाइल एप्लिकेशन का उपयोग हो रहा है। इससे डेटा प्रविष्टि में लगने वाला समय 30 से 40 मिनट से घटकर करीब 20 मिनट रह गया है।

● सक्रिय छात्रों को 'जनगणना ब्रांड एंबेसडर' बना प्रशिक्षित किया

### बाइक खड़ी करने को लेकर दो पक्षों में मारपीट

शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार। गंगाघाट कोतवाली अंतर्गत राजमार्ग स्थित निषाद मार्केट के पास रविवार रात बाइक खड़ी करने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। बताया गया कि रात करीब साढ़े 9 बजे एक युवक बाइक खड़ी कर रहा था तभी वहां मौजूद लोगों से उसकी कहासुनी हो गई। कुछ ही देर में दोनों पक्षों के 8 से 10 युवक आमने-सामने आ गए और लात-घूंसे व बेल्टों से एक-दूसरे पर हमला करने लगे। इस दौरान एक फल का ठेला भी पलट दिया और राहगीरों से धक्का-मुक्की की गई। सूचना पर पहुंचे सिपाही को देख अधिकांश युवक भाग गए। पुलिस 2 युवकों को कोतवाली ले जाकर पूछताछ कर रही है।

# 15 कार्यालय दिवसों में आईं 594 शिकायतों में 387 हल

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार: डीएम घनश्याम मीना जनता दर्शन के दौरान कलक्ट्रेट कार्यालय में जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों से आए फरियादियों की शिकायतें गंभीरता से सुन उनका त्वरित निस्तारण कर रहे हैं।

बता दें कि 22 अप्रैल को आईएएस घनश्याम मीना ने डीएम के रूप में कार्यभार गृहण किया था। इसके बाद 15 कार्यालय दिवसों में आई कुल 594 शिकायतों में उन्होंने 387 का निस्तारण किया है। इन शिकायतों में राजस्व, पुलिस, विकास, पेंशन सहित अन्य विभागों की शिकायतें हैं। इनमें सर्वाधिक राजस्व विभाग से जुड़ी हैं। जिसमें अवैध कब्जा, पैमाइश, अतिक्रमण, चकरोड पैमाइश आदि प्रमुख रही हैं। डीएम ने संबंधित अफसरों को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये अवशेष शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व पारदर्शिता से समयबद्ध ढंग से निस्तारण कराने के निर्देश दिये हैं। कहा कि फरियादियों की शिकायतों के निस्तारण में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। सोमवार को जनसंवाद के दौरान एडीएम न्यायिक अमिताभ यादव आदि उपस्थित रहे।

● जनता दर्शन में शिकायतों के निस्तारण में डीएम गंभीर

### रानीपुर व पड़री खुर्द में जांची जमीनी हकीकत


ग्रामीणों से संवाद करते यूनिवर्सिटी टीम के विशेषज्ञ।

उन्नाव, अमृत विचार : राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के जल जीवन मिशन के अंतर्गत नामित आईआईएम यूनिवर्सिटी लखनऊ की विशेषज्ञ टीम ने विकासखंड बिछिया के गांव पड़री खुर्द व विकासखंड सिकन्दरपुर कर्ण के गांव रानीपुर का भ्रमण कर योजनाओं की जमीनी हकीकत परखी। टीम ने प्राथमिक विद्यालयों, पंचायत भवन व घरों में जाकर लोगों से संवाद कर सर्वेक्षण किया। टीम में शामिल हिमांशू पांडेय, डा. आरके जायसवाल, रज्जन बाबू मिश्रा व आयुष मिश्रा ने जल टंकियों, पाइप लाइन नेटवर्क व गुणवत्ता जांची।

योजना | गंगा नदी पर बने रेलवे पुल की डाउन लाइन पर चल रहा मरम्मत का कार्य अब अंतिम चरण में पहुंच गया

# रेलवे पुल की डाउन लाइन पर 40वें दिन 48 स्लीपर डाले गए

शुक्लागंज उन्नाव


रेलवे पुल के डाउन ट्रैक पर होता एचबीम का काम। ● अमृत विचार

अमृत विचार: गंगा नदी पर बने रेलवे पुल की डाउन लाइन पर चल रहा मरम्मत कार्य अब अंतिम चरण में पहुंच गया है। सोमवार को कार्य के 40वें दिन शुक्लागंज की ओर जर्जर ट्रफ हटाने के बाद नए एचबीम स्लीपर डाले गए।

रेलवे द्वारा 2 अप्रैल से शुरू हुए इस अभियान के तहत कानपुर छोर से पुराने स्लीपर व ट्रफ हटाकर नए स्लीपर लगाए जा रहे हैं। सोमवार सुबह 9:45 से शाम 5:45 बजे तक 8 घंटे के मेगा ब्लॉक के दौरान कुल 48 स्लीपर डाले गए। इसके साथ डाउन ट्रैक पर पड़ी गिट्टियों को भी हटाने का भी काम हुआ। रेल कर्मियों की लगातार मेहनत से करीब 40 दिनों में कार्य लगभग पूरा हो चुका है। अधिकारियों के अनुसार एक-दो दिन में मरम्मत कार्य समाप्त होने की उम्मीद है। इसके बाद डाउन लाइन पर पूर्व की तरह रेल संचालन बहाल कर दिया जाएगा, जिससे यात्रियों को राहत मिलेगी।

### ट्रांसगंगा सिटी से गांवों की बिजली जोड़ने की तैयारी, अनुमति का इंतजार

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव : उप्र राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) के वरिष्ठ प्रबंधक (विद्युत) ने ट्रांसगंगा सिटी परियोजना से आसपास के गावों की बिजली जोड़ने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में विद्युत वितरण खंड को पत्र जारी किया गया है। पत्र के अनुसार गांव शंकरपुर सराय, कन्हवापुर, मुरलीपुर, लक्ष्मीखेड़ा, नयाखेड़ा, पिपरी व पिंडोखा आदि गावों की आपूर्ति ट्रांसगंगा सिटी स्थित बिजलीघर व फीडर से जोड़ने की योजना पर कार्रवाई होनी है। यह पत्र 11 मई 2026 को जारी हुआ इसमें किसान आंदोलन संगठन के 24 अप्रैल 2026 के पत्र का भी संदर्भ दिया गया है। वरिष्ठ प्रबंधक संदीप ने कहा कि संबंधित विद्युत उपकेंद्रों पर लोड का आकलन कर जल्द ही आपूर्ति शुरू करने की प्रक्रिया की जाए। इस संबंध में एक्सईएन भरत गौतम ने बताया कि प्रस्ताव डायरेक्टर लखनऊ को भेजा गया है। अनुमति मिलते ही संबंधित गांवों को ट्रांसगंगा सिटी की लाइन से जोड़ दिया जाएगा, जिससे क्षेत्र की बिजली व्यवस्था में सुधार होने की उम्मीद है।

### स्कूटी सवार युवक दो गत्ता सिगरेट लेकर फरार, सीसीटीवी में कैद

शुक्लागंज, उन्नाव : गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में सोमवार दोपहर स्कूटी सवार दो युवकों द्वारा सिगरेट के दो गत्ता चोरी कर फरार होने का मामला सामने आया है। घटना राजधानी मार्ग स्थित नेहरू नगर के पास की बताई जा रही है, जो आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। माखी निवासी आदित्य प्रकाश तिवारी ने गंगाघाट कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि वह सेल्समैन का कार्य करता है। सोमवार दोपहर वह बैटरी रिक्शा में सिगरेट लादकर शुक्लागंज की ओर जा रहा था। नेहरू नगर के पास ई-रिक्शा में हवा भरवाने के लिए रुका था। इसी दौरान पीछे से स्कूटी पर सवार दो अज्ञात युवक पहुंचे और ई-रिक्शा में रखे सिगरेट के दो गत्ता उठाकर मौके से फरार हो गए। घटना की जानकारी होने पर पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है।

### दलहनी फसलों के प्रति किसान हुए जागरूक


कार्यक्रम में किसानों को दी गई जानकारी।

नवाबगंज उन्नाव, अमृत विचार : ब्लॉक परिसर में सोमवार को मृदा स्वास्थ्य व उन्नत कृषि विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें क्षेत्र के सैकड़ों किसानों व महिला कृषकों ने भाग लिया। भारतीय दलहन अनुसंधान संस्थान के डॉ. शैलेश त्रिपाठी ने सभी को बताया कि रासायनिक उर्वरकों का अंधाधुंध प्रयोग मिट्टी की सेहत बिगाड़ रहा है। उन्होंने फसल चक्र में दलहनी फसलों को शामिल करने पर जोर दिया। ताकि मिट्टी की प्राकृतिक उर्वरता बनी रहे। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. आलोक दास ने जैविक खेती व मल्चिंग की विधियां अपनाने की सलाह दी। जिससे कम लागत में बेहतर उत्पादन संभव है। वैज्ञानिक डॉ. शमीमा परवीन ने मृदा स्वास्थ्य कार्ड के महत्व बता। उप कृषि निदेशक रामचन्द्र प्रकाश ने किसानों से अपील की कि वे पारंपरिक गोबर खाद को वैज्ञानिक विधि से तैयार कर खेतों में उपयोग करें।

**न्यूज ब्रीफ**

### तालाब किनारे मिला नवजात बच्ची का शव

**उन्नाव, अमृत विचार।** अचलगंज थानाक्षेत्र के पड़री खुर्द गांव के पास एक नवजात बच्ची का शव कुत्ते के मुंह में दबा देख लोग दहशत में आ गए। गांव के युवक ने किसी तरह शव कुत्ते के मुंह से छुड़ाया। पूर्व प्रधान की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव मोर्चरी भेजा है। पड़री खुर्द गांव में तालाब किनारे किसी ने नवजात बच्ची का शव फेंक दिया था। जिसे कुत्ते नोच रहे थे। इसमें एक कुत्ता शव मुंह में दबाकर बस्ती में पहुंच गया तो लोग उसे देख दहशत में आ गए। गांव निवासी पिंटू ने कुत्ते के जबड़े से उसे छुड़ाया। देखते ही देखते वहां भीड़ एकत्र हो गई। पूर्व प्रधान मनीष की सूचना पर पहुंचे दरोगा ऋषि कपूर ने जांच कर शव मोर्चरी भेजा। दरोगा ने बताया कि शव की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

### अवैध ताड़ी का धंधा तेज, कार्रवाई की मांग

**बांगरमऊ, उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के कई गांवों में अवैध नशीली ताड़ी का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस और आबकारी विभाग की कथित मिलीभगत से यह धंधा लगातार फैल रहा है। सुबह से देर रात तक गलियों और खेत किनारे बने ठिकानों पर खुलेआम ताड़ी बेची जा रही है, जिससे युवाओं और मजदूर वर्ग में नशे की लत तेजी से बढ़ रही है। आलमऊ सरायं, महराजापुर, गोलुहापुर, बहलोलपुर और छतरपुर समेत दर्जनों गांवों में ताड़ी के अड्डे लोगों के लिए परेशानी बने हैं। ग्रामीणों का कहना है कि नशे में धुत लोग आए दिन गाली-गलौज, मारपीट और उत्पात करते हैं, जिससे महिलाओं और बच्चों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। कई बार शिकायत के बावजूद कार्रवाई सिर्फ औपचारिक छापेमारी तक सीमित रह जाती है, जबकि बड़े कारोबारी बेखौफ कारोबार चला रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि ताड़ी में नशीले पदार्थ मिलाए जा रहे हैं, जिससे स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ रहा है।

# बांगरमऊ में रोवर तकनीक से होगी ज़मीन की सटीक पैमाइश, भूमि विवाद होंगे खत्म

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र में अब ज़मीन के सीमांकन व पैमाइश के लिए पारंपरिक जरीब व फीते की जगह अत्याधुनिक रोवर तकनीक का उपयोग शुरू हुआ है। राजस्व विभाग का यह कदम भूमि विवाद खत्म करने व किसानों को त्वरित न्याय दिलाने की दिशा में बड़ी पहल माना जा रहा है।

एसडीएम बृजमोहन शुक्ला ने बताया कि जीपीएस व सैटेलाइट आधारित यह उपकरण सेंटीमीटर स्तर तक की सटीक माप करता है। पहले जिन पैमाइशों में घंटे या दिन लगते थे और मानवीय त्रुटि की आशंका बनी रहती थी। अब वे कार्य बेहद कम समय में और पूरी पारदर्शिता के साथ पूरे हो सकेंगे। रोवर तकनीक से प्राप्त डेटा डिजिटल रूप में सुरक्षित रहेगा। जिससे भविष्य में मेड़ काटने या अवैध कब्जों जैसे विवादों की संभावना न के बराबर होगी। एसडीएम के अनुसार, इस तकनीक का लाभ केवल निजी खेतों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सरकारी चकरोड, तालाब और ग्राम समाज की भूमि के सत्यापन में भी इसका कड़ाई से पालन होगा। आधुनिक तकनीक के इस समावेश से किसानों को अब तहसील के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे और राजस्व कार्यप्रणाली में तेज़ी आएगी। इस बदलाव से ग्रामीण क्षेत्रों में वर्षों से चले आ रहे भूमि विवादों के निपटारे की नई उम्मीद जगी है।



रोवर तकनीक से जमीन की पैमाइश करते अधिकारी।

# रेल वन ऐप से टिकट पर अतिरिक्त शुल्क का बोझ

संवाददाता, हरदोई



**अमृत विचार।** भारतीय रेलवे इन दिनों देशभर में रेल वन ऐप के प्रचार-प्रसार में जुटी हुई है। रेलवे कर्मचारी स्टेशनों और ट्रेनों में यात्रियों को इस ऐप के फायदे बता रहे हैं। यात्रियों को यह भी बताया जा रहा है कि ऐप के जरिए टिकट बुक करने पर आकर्षक कैशबैक की सुविधा मिल रही है, लेकिन दूसरी ओर ऑनलाइन टिकट बुकिंग के दौरान लगने वाले अतिरिक्त शुल्क को लेकर रेल यात्रियों में नाराजगी भी देखने को मिल रही है।

दरअसल, ऑनलाइन टिकट बुकिंग के समय आईआरसीटीसी द्वारा कन्वीनियंस फीस वसूली जाती है। यह शुल्क टिकट की श्रेणी और भुगतान के माध्यम के अनुसार अलग-अलग तय होता है। यात्रियों का कहना है कि छोटे शहरों और मध्यमवर्गीय परिवारों के लोगों पर इसका सीधा असर पड़ रहा है। रेल यात्रियों के मुताबिक यदि कोई यात्री स्लीपर क्लास का टिकट बुक करता है और यूपीआई के माध्यम से भुगतान करता है, तो उसे लगभग 11 रुपये 80 पैसे अतिरिक्त देने पड़ते हैं। वहीं डेबिट या क्रेडिट कार्ड से भुगतान करने पर यह शुल्क बढ़कर करीब 17 रुपये 70 पैसे तक पहुंच जाता है। इसी तरह एसी श्रेणियों में यह रकम और अधिक हो जाती है। सेकंड एसी टिकट बुक करने पर यूपीआई से भुगतान करने वाले यात्रियों को करीब 23 रुपये 60 पैसे और कार्ड से भुगतान करने पर लगभग 35 रुपये 40 पैसे अतिरिक्त देने पड़ते हैं।

### टिकट रद होने पर शुल्क वापस नहीं होता

**हरदोई।** रेल यात्री मुदित शर्मा, गोपाल वर्मा, अमृत रंजन राय और श्रीपाल गुप्ता ने इस व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि रेलवे को यात्रियों पर लगाया जा रहा यह अतिरिक्त बोझ समाप्त करना चाहिए। उनका कहना है कि ऑनलाइन टिकट बुकिंग को बढ़ावा देने के लिए सरकार और रेलवे लगातार डिजिटल सुविधाओं का प्रचार कर रहे हैं, लेकिन दूसरी ओर कन्वीनियंस फीस यात्रियों की जेब पर अतिरिक्त भार डाल रही है। यात्रियों ने यह भी कहा कि टिकट रद्द होने की स्थिति में यह शुल्क वापस नहीं किया जाता, जिससे लोगों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। उनका मानना है कि यदि रेलवे इस शुल्क को खत्म कर दे तो अधिक से अधिक लोग ऑनलाइन टिकट बुकिंग की ओर आकर्षित होंगे और टिकट काउंटरों पर भीड़ भी कम होगी। रेल यात्रियों ने रेलवे प्रशासन से मांग की है कि डिजिटल सेवाओं को बढ़ावा देने के साथ-साथ यात्रियों के हितों का भी ध्यान रखा जाए, ताकि ऑनलाइन टिकट प्रणाली आम लोगों के लिए और अधिक सुविधाजनक बन सके।

# पिकअप की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, पत्नी और बेटा गंभीर

## सर्वोदय आश्रम में पढ़ाई कर रही बेटी से मिलकर वापस जा रहे थे सभी

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** सर्वोदय आश्रम में पढ़ाई कर रही बेटी के बीमार होने की खबर सुनकर उसका हाल जानने के बाद बाइक से वापस लौट रहे मां-बाप और भाई हादसे के शिकार हो गए। जिसमें पिता की मौत हो गई, जबकि मां और भाई को हायर सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया है। हादसा रविवार की शाम को टड़ियावां थाने के गुलरीपुरवा के पास होना बताया जा रहा है।

हरियावां थाने के बरगदिया गांव निवासी सुभाष (40) रोहतक में नौकरी करता था, उसका बेटा सौरभ बीमार था, उसकी खबर सुनकर वह 7 मई को गांव आया था। सौरभ की तबियत बहाल हुई, उसी बीच सर्वोदय आश्रम में पढ़ाई कर रही बेटी सुचि के बीमार होने पर रविवार को वह पत्नी राजरानी (35) और 15 वर्षीय बेटे सौरभ के साथ बाइक से सर्वोदय आश्रम पहुंचा, जहां से शाम को तीनों वापस गांव जा रहे थे, उसी बीच टड़ियावां थाने के गुलरीपुरवा के पास पहुंचते ही तेज़ रफ्तार पिकअप ने टक्कर मार दी, जिससे तीनों बुरी तरह ज़ख्मी हो गए। उन्हे आनन-फानन एम्बुलेंस-108 से मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, जहां सुभाष की मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी राजरानी और बेटे सौरभ को हायर सेंटर लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया है। उधर हादसा होने के बाद ड्राइवर पिकअप वहीं छोड़ कर भाग निकला। पुलिस हादसे की जांच कर रही है।

### 24 जून को आनी है बड़ी बेटी की बारात

**हरदोई।** रोहतक (हरियाणा) की निजी कम्पनी में नौकरी करने वाले सुभाष की तीन बेटियां और दो बेटे है। उसकी बड़ी बेटी रुचि की शादी शाहाबाद कोतवाली के बहेरा निवासी पुनीत के साथ तय है, 24 जून को बारात आनी है। बेटे की बीमारी की खबर सुन कर गांव आया सुभाष शादी की तैयारियों में जुट गया। दहेज़ खरीदा जा रहा था, रसोइया से बात पक्की हो चुकी थी, लेकिन उसी बीच छोटी बेटी सुचि के बीमार होने का पता चलते ही सुभाष तैयारियां बीच में ही छोड़ कर उसका हाल जानने चल दिया, वहीं से वापस होते हुए हादसा हो गया। खुशियां आने से पहले ही शादी वाले घर में मौत का मातम बरपा हो गया।

# जन समस्याओं को लेकर सपा का प्रदर्शन



**हरदोई, अमृत विचार।** विभिन्न मांगों को लेकर सपाइयों ने सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया। सपा जिलाध्यक्ष शराफत अली की अध्यक्षता में जनहित समस्याओं को लेकर एक 21 सूत्री मांगों का ज्ञापन राष्ट्रपति को संबोधित जिला प्रशासन के माध्यम से भेजा। ज्ञापन में मांग की गई कि जनता के घरों में जबरदस्ती लगाये गए स्मार्ट मीटर को हटाया जाए और पुराने बिजली के मीटर को पुनः लगाया जाए। महंगी शिक्षा को समाप्त कर एक देश एक शिक्षा का स्तर किया जाए। शहर में सीवर लाइन डलवाई जाए। शहर में पानी के निकास की समुचित व्यवस्था कराई जाए। शहर में लग रहे भयंकर जाम को खत्म करने के लिए बस अड्डे का संचालन जिले से बाहर कराया जाए। महंगाई पर रोक लगाने के लिए अविलम्ब कदम उठाए जाएं सहित अन्य मांगों को लेकर शीघ्र निस्तारण की मांग की गई। इस दौरान सपा नेता अखिलेश पाठक, पूर्व सांसद उषा वर्मा, पूर्व विधायक अनिल वर्मा, राजेश्वरी देवी, पूर्व प्रत्याशी पदमराग सिंह यादव पम्मू, जिला उपाध्यक्ष अजय सिंह पाल, सुशील हंस, नसीम नेता, अमित बाजपेई, राहुल गुप्ता, फूलचंद वर्मा, धर्मवीर यादव, रहमत अली, जिला महासचिव चंद्रशेखर पाल, प्रदेश सचिव डॉ. अरुण मौर्य, विमल प्रकाश मिश्र मौजूद रहे।

# चोर ले गए ट्रांसफार्मर का तेल, 15 घंटे बत्ती गुल

- पेयजल संकट और भीषण गर्मी से जूझते रहे सैकड़ों लोग

संवाददाता, हरदोई,

**अमृत विचार।** ऊर्जा मंत्री जहां विद्युत सेवाएं देने की बात कह रहे हैं, वहीं जिला मुख्यालय पर जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते ट्रांसफार्मर का तेल निकल गया, जिससे आधी रात से दर्जनों घरों में अंधेरा छा गया। लगभग 15 घंटे बाद ट्रांसफार्मर बदलने पर दोबारा बिजली चालू हो सकी। भीषण गर्मी में बिजली न आने से लोग पीने को पानी को लेकर लोग तरस गए।

बताते चले कि नगर के सरकुलर रोड स्थित आलू मिल के पास रखे ट्राली ट्रांसफार्मर से लगभग दो बजे रात तेल निकल गया, जिससे ट्रांसफार्मर फुंकने से दर्जनों घरों में अंधेरा छा गया। सोमवार को भी पूरे दिन भी विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी। देर शाम दूसरे ट्रांसफार्मर का इंतजाम कर बिजली चालू की गई। भीषण गर्मी में लोग बिजली न मिलने से परेशान रहे। मोटर आदि न चलने से पेयजल संकट भी रहा।

### नुकसान का आखिर कौन जिम्मेदार

**हरदोई।** ट्रांसफार्मर का तेल निकल कर फुंक जाने से लाखों रुपये के सरकारी राजस्व का नुकसान हुआ। इस ट्राली पर रखे ट्रांसफार्मर को उस समय लगाया गया था। जब यहां प्लेटफार्म पर लगा ट्रांसफार्मर फुंक गया था अभी वह बनकर लग भी नहीं पाया था कि दूसरा ट्रांसफार्मर फुंक गया। एक महीने में लगातार दो ट्रांसफार्मर बिजली विभाग के जिम्मेदारों की लापरवाही से फुंक गए। इन लाखों रुपये के नुकसान का जिम्मेदार कौन होगा। इसका जवाब कौन देगा यह भी किसी को भी पता है। जानकारी के लिए जब अधिशासी अधिकारी खंड द्वितीय तथा अधीक्षण अभियंता का सीयूजी फोन मिलाया गया तब दोनों फोन रिसीव ही नहीं हुए।

### जिम्मेदारों के नहीं उठते फोन

**हरदोई।** बिजली चले जाने से जहां लोग परेशान थे, वहीं उपभोक्ताओं को यह भी जानकारी देने वाला नहीं था, बिजली क्यों बंद है। पावर हाउस से लेकर अन्य जिम्मेदारियों तक के फोन रिसीव नहीं हुए, जबकि सरकार का आदेश है कि सीयूजी फोन अवश्य रिसीव किए जाएं। बिजली विभाग के अधिकारियों के फोन न रिसीव होने का यह कोई पहला मामला नहीं है। बिजली विभाग के अधिकारियों की गैर जिम्मेदाराना हरकत के चलते गत दिनों सांसद व विधायकों ने कलेक्ट्रेट में बिजली विभाग की बैठक का बहिष्कार किया था। जनप्रतिनिधियों का भी यही कहना है कि विभागीय अधिकारी उनके फोन तक नहीं उठाते हैं।

### छत से गलियारे में गिरी वृद्धा, हुई मौत

**औरास उन्नाव, अमृत विचार।** थानाक्षेत्र के परसहरा गांव निवासी इंदाला (80) पत्नी स्व. मैकू अपने छोटे बेटे हरीराम के साथ रहती है। रविवार देररात खाना खाकर वह छत पर बने कमरे में सोने जा रही थी। अंधेरा होने से छत पर उसका संतुलन बिगड़ गया और वह गलियारे में लगे खड़ंजे पर सिर के बल गिर गई। परिजन उसे लेकर औरास सीएचसी पहुंचे, जहां से डॉक्टर ने जिला अस्पताल भेज दिया। परिजन उसे वहां ले जाते इससे पहले उसने दम तोड़ दिया। परिजन शव लेकर लौटे व सोमवार को नानामऊ घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया।



माता-पिता व गुरुजनों के साथ काव्या मिश्रा। अमृत विचार

### काव्या ने नवोदय प्रवेश परीक्षा में मारी बाजी

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** प्राथमिक विद्यालय माढ़ापुर द्वितीय की छात्रा काव्या मिश्रा ने जवाहर नवोदय विद्यालय राजीव पुरम की कक्षा 6 की प्रवेश परीक्षा में 95 प्रतिशत अंक लाकर अपनी जगह पक्की की है। काव्या की इस सफलता से क्षेत्र में खुशी है। शिक्षक शिवम मिश्रा व गृहिणी गीता देवी की बेटी काव्या ने इस सफलता का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों को दिया। प्रभारी शिक्षिका शिखा गुप्ता ने बताया कि काव्या शुरू से पढ़ने में तेज है। इस उपलब्धि पर पूर्व प्रधान रामसेवक यादव, शिक्षक अनूप वर्मा, जितेंद्र मिश्र ने काव्या को सम्मानित किया व उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### महिला से छेड़छाड़ करते हुए की मारपीट

**फतेहपुर, बाराबंकी : अमृत विचार।** थाना क्षेत्र में बाग की रखवाली कर रही एक महिला के साथ छेड़छाड़ करते हुए मारपीट की गई। आरोप है कि यह लोग असलहों के साथ आए थे। घटना 1 मई की सुबह की बताई जा रही है। मूल रूप से बिहार राज्य की रहने वाली महिला कोतवाली क्षेत्र के जिस गांव में रह रही है, वहीं के रहने वाले महेंद्र प्रताप सिंह, वीरेंद्र प्रताप सिंह, पंकज वर्मा तथा बदोसरांय क्षेत्र निवासी सुफैल अवैध असलहों के साथ उसकी बाग में पहुंचे और महिला पर जमीन छोड़ने का दबाव बनाने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए महिला के साथ छेड़छाड़ की, मारपीट की और जबरन झोपड़ी की ओर ले जाने का प्रयास किया।

# छुट्टा मवेशियों में फंसा ई-रिक्शा पलटा, ड्राइवर की दबकर हुई मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** शाहाबाद-पाली रोड पर सड़क पर अचानक घुमंतू जानवर पहुंच गए, उन्ही किए बीच फंसा ई-रिक्शा पलट गया, उसका ड्राइवर नीचे दब गया, वहां पहुंचे राहगीरों ने उसे बाहर निकाल कर एम्बुलेंस-108 से सीएचसी पहुंचाया, वहां से मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया, जहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। पुलिस जांच कर रही है।

पचदेवरा थाने के नरवे खेरिया निवासी 35 वर्षीय रामनिवास ई-रिक्शा चला कर पत्नी सुमन के अलावा तीन बेटे और एक बेटी के साथ गुज़र करता था। रविवार की शाम को रामनिवास वापस गांव जा रहा था, उसी बीच शाहाबाद-पाली रोड पर पहुंचते ही सड़क पर अचानक घुमंतू जानवर आ गए, रामनिवास का ई-रिक्शा जानवरो. की भीड़ में फंस गया, वह कुछ समझता, उसी बीच वह पलटा और ड्राइवर रामनिवास उसके नीचे दबगया, हादसा होते देख तमाम राहगीर दौड़ पड़े, उन्होने ई-रिक्शे के नीचे दबे पड़े रामनिवास को उसके नीचे से निकाल कर एम्बुलेंस-108 से सीएचसी शाहाबाद पहुंचाया, लेकिन वहां से उसे मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गयख, जहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। सोमवार को शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस हादसे की जांच कर रही है।



रामनिवास की फाइल फोटो।

# बेटियों को शिक्षित करना बेहद आवश्यक

**औरास उन्नाव, अमृत विचार।** मातृत्व दिवस पर ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय खडवल में बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने को ऊंची उड़ान शीर्षक से एक संगोष्ठी का आयोजन हुआ। इसकी अध्यक्षता प्रधान शिक्षक तैमूर आलम ने की। जबकि मुख्य अतिथि के रूप में खंड विकास अधिकारी दीप शिखा वर्मा मौजूद रहीं। उन्होंने कहा कि बालिकाएं ही भविष्य की माताएं हैं। यदि हम परिवार को समृद्ध व उज्जवल बनाना चाहते हैं तो बेटियों को शिक्षित करना बेहद जरूरी है। प्रधान शिक्षक ने कहा कि महिलाओं पर न केवल परिवार बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी होती है। एआरपी डॉ. अंजु रंजना व डॉ. पूनम ने अभिभावकों से अपील की कि वे विद्यालयों में बालिकाओं का अधिक से अधिक नामांकन कराएं। संचालन आकांक्षा श्रीवास्तव ने किया। इसमें मोनिका यादव, प्रधान माधुरी देवी, रंजन लाल, गिरजा शंकर, डॉ. मनोज, ममता द्विवेदी व प्रियंका आदि उपस्थित रहे।



संगोष्ठी में बच्चों के साथ बैठीं बीडीओ दीप शिखा वर्मा। अमृत विचार

# दो थानाक्षेत्रों में पकड़े गए 9 चोर, नकदी व माल बरामद

**उन्नाव, अमृत विचार।** जिले में अपराधियों के विरुद्ध जारी अभियान के तहत फतेहपुर चौरासी व दही पुलिस ने अलग-अलग कार्रवाई कर चोरी की घटनाओं का खुलासा कर 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास नगदी, चोरी का माल, मोबाइल फोन व वाहन बरामद किए हैं।

फतेहपुर चौरासी पुलिस ने सेलापुर गांव के पास पुलिया से मोहित भारती निवासी प्रतापगढ़, धर्मेश निवासी खजुरी बाग उन्नाव, सुनील निवासी रायबरेली व श्रवण को पकड़ा। एसओ ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि इनके पास चोरी की एक जोड़ी पायल, चोरी का माल बेचकर मिले 5000 रुपये, बाइक व मोपेड मिली है। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा की बढ़ोत्तरी की गई है। दोनों वाहनों को सीज कर आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उन्हें जेल भेजा गया। वहीं दही थाना पुलिस ने झंझरी क्रासिंग के पास से शुभम गौतम, सौरभ उर्फ मोनू, नितीश उर्फ सुधांशु, मयंक वर्मा व आकिब को पकड़ा। एसओ ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपियों के पास चोरी की भैंस बेचकर मिले 40 हजार रुपये व 5 मोबाइल बरामद हुए। सभी को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से वह जेल भेज दिये गए।

**स्व-जनगणना** | डिजिटल जनगणना के लिए कार्यशाला में एसडीएम ने दी स्व. गणना की जानकारी

# नागरिकों को देने होंगे करीब 33 सवालों के जवाब

संवाददाता, सफीपुर उन्नाव

**अमृत विचार।** आगामी जनगणना को त्रुटिहीन व सफल बनाने के लिए सोमवार को तहसील सभागार में एक कार्यशाला आयोजित हुई। एसडीएम शिवेंद्र वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला में अधिवक्ताओं व तहसील कर्मियों को जनगणना की डिजिटल प्रक्रिया व स्व-गणना के महत्व के बारे में बताया गया। इस दौरान एसडीएम ने टीवी डिस्प्ले पर डेमो देते हुए बताया कि जनगणना 2027 के तहत नागरिक 7 से 21 मई तक स्वयं अपना विवरण पोर्टल पर दर्ज कर सकते हैं। बताया कि लोगों को आधिकारिक पोर्टल https://se.census.gov.in पर जाना होगा। डिजिटल फॉर्म में मकान की स्थिति, परिवार का विवरण व उपलब्ध सुविधाओं से संबंधित करीब 33 सवालों के जवाब देने होंगे। फॉर्म सफलतापूर्वक भरने के बाद एक 11 अंकों की आईडी मिलेगी। जब प्रगणक घर आएंगे तो उन्हें केवल वह 11 अंकों की आईडी दिखानी होगी। प्रगणक उस डेटा का सत्यापन करेंगे जिससे समय की बचत होगी और सटीक आंकड़े मिल सकेंगे। उन्होंने अधिवक्ताओं से अपील की कि वे समाज के प्रबुद्ध वर्ग होने के नाते आमजन को इसके प्रति जागरूक करें। इस दौरान तहसीलदार देवेंद्र यादव, रामखेलावन कुरील, संजीव शुक्ला, आरएस कुशवाहा, प्रशांत त्रिपाठी, आनंद गुप्ता, केके गौड़, नेहरू गौड़, विपिन सिंह, हरि प्रकाश कुशवाहा, अरशद जमील, अशोक गुप्ता, केके कन्नौजिया, मुख्तार अहमद, श्याम चंद्र व उमेश कुशवाहा आदि रहे।



स्व-गणना के बारे में जानकारी देते एसडीएम। अमृत विचार

### गाली-गलौज के विरोध पर की मारपीट

**बांगरमऊ, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के अतरधनी गांव निवासी अर्फिया पुत्री मोइन खान (लड्डन) ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव निवासी रईस उसके परिवार से खुन्नस रखता है। सोमवार को रईस अपने साथी कैफ व आसिफ के साथ उनके घर के बाहर गालियां दे रहा था। विरोध करने पर आरोपियों ने रॉड व लाठी-डंडों के साथ घर में घुस कर हमला कर दिया। इसमें अर्फिया की मां फातिमा, भाई मोहिब व बहन तहसीन गंभीर घायल हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली प्रभारी अखिलेश चंद्र पांडेय ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज है। जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

# महिला की संदिग्ध हालात में मौत

- पति व उसकी परिचित महिला सहित 5 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज
- पीएम में मौत की वजह स्पष्ट नहीं विसरा सुरक्षित



आरती का फाइल फोटो।

**उन्नाव, अमृत विचार।** बीघापुर कोतवाली के बाबूखेड़ा गांव निवासी विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। पिता ने दामाद पर एक महिला से अवैध संबंधों का आरोप लगाते हुए बेटी को जहर देकर मारने का आरोप लगाया। पुलिस ने नामितों पर गैर इरादातन हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम कराया। मौत की वजह स्पष्ट न होने पर बिसरा सुरक्षित किया गया है।

बिहार थानाक्षेत्र के शुक्ला खेड़ा गांव के मजरा जगत खेड़ा गांव निवासी कन्हई ने बताया कि उसने 18 साल पहले इकलौती बेटी आरती की शादी बीघापुर कोतवाली अंतर्गत गांव मगरायर के मजरा बाबूखेड़ा निवासी गंगादीन से की थी। आरती के बच्चा नहीं था। पिता का आरोप है कि बीते कई वर्षों से दामाद का गांव की एक महिला से निकटता है। इससे वह बेटी को प्रताड़ित करता था। बताया कि गंगादीन मुंबई में मजदूरी करता है। 11 दिन पहले वह मुंबई से लौटा लेकिन अपने घर न आकर उसी महिला के मायके में रुक गया। रविवार शाम वह घर आया और बेटी से मारपीट की। बाद में उसे जहरीला पदार्थ खिला दिया। हालत बिगड़ने पर अस्पताल ले गया जहां इलाज के दौरान आरती (38) की मौत हो गई। पति ने इसकी सूचना आरती के पिता को भोरपहर 5 बजे दी। पिता ने 112 पर इसकी जानकारी दी। बाद में बीघापुर कोतवाली पुलिस व सीओ ने जांच की। आरती 2 भाइयों सुनील व अजय से बड़ी थी। बहन की अचानक मौत से भाई बदहवाश हैं। वे दिल्ली से घर लौट रहे हैं। पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति व उसकी करीबी महिला समेत 3 ननद पर रिपोर्ट दर्ज की है। सूत्र बताते हैं कि पति व महिला को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ की है। कोतवाली प्रभारी राजपाल ने बताया कि पिता ने आरोप लगाया है। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। पीएम रिपोर्ट मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### विदाई समारोह में कार्यकाल पर हुई चर्चा

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** एलआईसी बिलग्राम शाखा के प्रबंधक विवेक शुक्ला का सीतापुर स्थानांतरण होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विगत तीन वर्षो से एलआईसी बिलग्राम शाखा में प्रबंधक विवेक शुक्ला तैनात थे। उन्होंने बिलग्राम शाखा को उच्च शिखर पर पहुंचाने में अहम योगदान दिया। सोमवार को आयोजित विदाई समारोह में फूल माला पहनाकर शानदार विदाई दी गईं। इसके साथ ही नव नियुक्त प्रबंधक फरहान अली ने कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर विकास अधिकारी अरुण त्रिपाठी, जयशंकर पांडेय, जयपाल सिंह, अवधेश तिवारी, अली हसन, गुड्डू, वासिफ सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### जमीन पर अवैध कब्जा करने का आरोप

**हरपालपुर, हरदोई, अमृत विचार।** थाना अरवल क्षेत्र के ग्राम किर्तियापुर निवासी अमित कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके पिता वीरेन्द्र कुमार के नाम तहसील सवायजपुर में स्थित भूमि पर गांव का ही मनफूल मकान का निर्माण कर रहा था। शनिवार सुबह जब अमित ने मौके पर जाकर इस निर्माण का विरोध किया, तो आरोपी मनफूल, उसकी पत्नी गायत्री देवी व उनके अन्य साथियों ने लात-घूंसों से उसकी जमकर पिटाई कर दी। जातिसूचक गालियां और जान से मारने की धमकी। पीड़ित का आरोप है कि मारपीट के दौरान आरोपियों ने उसे जातिसूचक गालियां दीं और दोबारा जमीन पर आने या विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देकर मौके से भगा दिया। थाना प्रभारी अनिल सिंह ने बताया कि मामले की गहनता से जांच की जा रही हैं।

# भाई-बहन की गड्ढे में डूबकर मौत

## खेलते-खेलते अचानक हुए थे लापता, 4 घंटे बाद बरामद किए गए शव

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** ईंट-भट्ठा मज़दूर की बेटी और उससे छोटा बेटा खेलते-खेलते कहीं गायब हो गए,देर होने पर उन्हें ढूंढा जा रहा था, करीब 4 घंटे बाद उन दोनों के शव भट्ठे के पास पानी भरे गड्ढे में शव पड़े देखे गए। पुलिस ने दोनों शवों को बरामद कर उनका पोस्टमार्टम कराया है।

लखीमपुर खीरी ज़िले के अमीनगर थाना मोहम्मदी निवासी इरशाद पुत्र अशफाक लोनार थाने के चिमना गांव में आशीष ईंट-भट्ठे पर मज़दूरी करता है और वहीं अपनी पत्नी सलमा,दो बेटों और तीन बेटियों के साथ भट्ठे के बगल में रह रहा है। रविवार शाम को उसकी 9 वर्षीय बेटी रुख्सार और 7 वर्षीय बेटा अबज़द भट्ठे के पास खेल रहा था,लेकिन उसी बीच दोनो गायब हो गए। इधर देर शाम दोनों नहीं पहुंचे,तो मां सलमा के बताने पर उन्हे ढूंढा जाने लगा,करीब 4 घंटे बाद भट्ठे से करीब 100 मीटर दूर पानी से भरे हुए गड्ढे में दोनो के शव पड़े देखे गए। माना जा रहा है कि दोनों खेल रहे थे,उसी बीच कोई एक गड्ढे में गिरा होगा,उसे बचाने में दूसरा भी गिर गया और पानी में डूबने से उनकी मौत हो गई। इसका पता होते ही वहां पहुंचे सीओ हरपालपुर सत्येंद्र सिंह ने इस बाबत पूछताछ की,पुलिस ने दोनो. शवों को अपने कब्ज़े में लेते हुए उनका पोस्टमार्टम कराया है। इस तरह हादसे में दो बच्चों की मौत से मां सलमा का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस जांच कर रही है।




अबजद और रुख्सार की फाइल फोटो।

### अपनों की मोहब्बत बन गई मौत

**हरदोई।** ईंट-भट्ठा मज़दूर इरशाद ने बताया कि उसकी बेटी रुख्सार अमीनगर में रहकर प्राथमिक विद्यालय में कक्षा-4 की पढ़ाई करती थी, जबकि उसके भाई-बहन मां-बाप के साथ ईंट-भट्ठे पर रह रहे हैं। उधर अकेली रह रही रुख्सार को अपनों को याद सताने लगी और वह जिद कर के आ गई थी,लेकिन किसे पता था कि उसके अपनों की मोहब्बत ही मौत बन जाएगी और ऐसा ही हुआ।

# कोटेदारों ने बताईं अपनी समस्याएं

संवाददाता, माधौगंज, हरदोई

**अमृत विचार।** उचित दर विक्रेताओं का कमीशन व ठेकेदारों द्वारा की जा मनमानी को लेकर कोटेदारों में आक्रोश सौंपा ज्ञापन।

सस्ता गल्ला परिषद के जिला अध्यक्ष अनिल अवस्थी ने बताया कि कोटेदारों की समस्याओं को लेकर आठ सूत्रीय ज्ञापन जिला पूर्ति निरीक्षक दिलीप कुमार सौंपा गया है। ज्ञापन में बताया कि खाली कट्टी का वजन उपलब्ध न कराना, दुकानदारों को बिना तौल के नग की मात्रा के हिसाब देना, मनमाने रास्ते व ढाबों, पेट्रोल पंप आदि स्थानों पर कोटेदारों को बुलाकर राशन देना, एमडीएम व आंगनबाड़ी का खाद्यान्न एक जगह पर बुलाकर देना, कोटेदारों द्वारा खाद्यान्न लोड करके कई दिनों बाद पहुंचाना, भीगा हुआ खाद्यान्न कोटेदारों को उपलब्ध कराना, जीपीएस सिस्टम पूरी तरह फेल हो गया है, कोटेदार प्रतिनिधि को स्टाक रजिस्टर की रिविंग उपलब्ध न कराना आदि समस्याओं कि जांच कराकर निजात दिलाए जाने की मांग गई है। इस मौके पर अखिलेश शुक्ला, उदय राज सिंह, विमलेश कुमार, रामकिशोर, राजेश कुमार आदि पदाधिकारी गण मौजूद रहे।



जिला पूर्ति अधिकारी को ज्ञापन देने आए कोटेदार। अमृत विचार

- **जिला पूर्ति निरीक्षक को ज्ञापन देकर निस्तारण की मांग**

# बाइक की टक्कर से घायल छात्र की लखनऊ में मौत

संवाददाता, हरदोई, हरपालपुर

**अमृत विचार।** स्कूल से वापस लौट रहा छात्र को रास्ते में तेज़ रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी, गंभीर रूप से घायल छात्र को सीएचसी से मेडिकल कालेज और मेडिकल कालेज से हायर सेंटर लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया, जहां उसकी मौत हो गई। घर वाले उसका शव वहां से फर्रुखाबाद उठा ले गए। उसके बाद देर शाम को गांव लाए। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

अरवल थाने के मस्तापुर निवासी श्यामवीर का 11 वर्षीय पुत्र मोहित गांव के परिषदीय विद्यालय में कक्षा-6 का छात्र था। दो भाइयों में वह छोटा था, बड़ा भाई अजय और सबसे छोटी बहन है। शनिवार की दोपहर वह स्कूल से घर लौट रहा था,उसी बीच कुसुमखोर वाले रास्ते पर आ रही तेज़ रफ्तार बाइक उसे टक्कर मारते हुए बेकाबू हो कर दूर जा गिरी, हादसे में छात्र मोहित बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया, जबकि कुम्हारनपुरवा का रहने वाला बाइक सवार भी चुटहिल हुआ। लखनऊ में रविवार देर शाम इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।



मोहित की फाइल फोटो।

### मामूली विवाद में मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**हरपालपुर, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम ककरा में झाड़ू न लगाने की बात को लेकर युवक के साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट की गई। एसपी के निर्देश पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मारपीट और एससी/एसटी एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। ग्राम ककरा निवासी गोपाल ने बताया कि बीते 3 मई की रात करीब 8 बजे वह ककरा तिराहे पर मौजूद था, तभी हरपालपुर निवासी टुन्नी चिकवा वहां पहुंचा और झाड़ू लगाने की बात को लेकर विवाद करने लगा। आरोपी ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गोपाल को लाठी-डंडों से पीटा, जिससे उसके दाहिने हाथ और शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं।

# पैथालॉजी सेंटर व निजी अस्पतालों पर छापा

संवाददाता, पिहानी, हरदोई

**अमृत विचार।** कस्बे के करांवा रोड स्थित कई पैथालॉजी सेंटरों और निजी अस्पतालों पर सोमवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सघन जांच अभियान चलाया। अचानक हुई इस कार्रवाई से निजी स्वास्थ्य संस्थानों में हड़कंप मच गया। जांच के दौरान कई केंद्रों से पंजीकरण एवं संचालन से जुड़े जरूरी अभिलेख मौके पर प्रस्तुत नहीं किए जा सके, जिस पर विभाग ने नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पिहानी की जांच टीम ने केके पैथालॉजी, डीके पैथालॉजी, बालाजी पैथालॉजी, प्रेमचन्द्र पैथालॉजी, एमएस पैथालॉजी एवं सहारा हॉस्पिटल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संस्थानों से पंजीकरण, संचालन एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया, लेकिन कई जगह अभिलेख तत्काल उपलब्ध नहीं कराए जा सके। जांच टीम में अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र कुमार, मेडिकल ऑफिसर डॉ. अभय दीक्षित, बीसीपीएम अजय कुमार रावत एवं बीएचडब्ल्यू हर्षिता शुक्ला शामिल रहीं। टीम ने संबंधित संचालकों को निर्देशित किया कि निर्धारित समयावधि के भीतर सभी अभिलेख विभाग के समक्ष प्रस्तुत किए जाएं।

स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि यदि समय सीमा के भीतर अभिलेख प्रस्तुत नहीं किए गए अथवा किसी प्रकार की अनियमितता या नियमों के उल्लंघन की पुष्टि हुई, तो संबंधित संस्थानों के विरुद्ध कठोर विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।स्वास्थ्य विभाग की इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र के निजी अस्पतालों और पैथालॉजी संचालकों में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा, वहीं आम लोगों में भी बिना मानकों के संचालित स्वास्थ्य संस्थानों पर कार्रवाई को लेकर चर्चा तेज रही।



जांच के दौरान अभिलेखों का परीक्षण करती स्वास्थ्य विभाग की टीम।

- **कई केंद्रों पर पंजीकरण व अन्य कागज न मिलने पर नोटिस जारी**

# मुठभेड़ में अंतर्जनपदीय दो चोर किए गिरफ्तार

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** पिहानी पुलिस ने थाना क्षेत्र में हुई चोरी की घटना में शामिल दो अंतर्जनपदीय चोरों को मुठभेड़ में घायल कर गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरों के कब्जे से बाइक, तमंचे और चोरी के जेवरात बरामद कर घायल चोरों को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया है।

9 मई को दीपक सिंह निवासी ग्राम गौखरिका ने थाना पिहानी पर तहरीर दी गई कि 8/9 की रात्रि में उनके घर से आभूषण व 20,000 रुपए चोरी हो गए। पड़ोसी सतीश सिंह के बन्द मकान का दरवाजा तोड़कर अलमारी व बक्शे में रखा सामान चोरी कर ले गए तथा गांव के ही धर्मपाल सिंह के घर के पीछे की दीवार तोड़कर घर आभूषण व 97 हजार रुपए नगदी चोरी की गई। इस संबंध में थाना पिहानी पर अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही थी। एसपी अशोक कुमार मीणा द्वारा टीम गठित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए थे।

सीसीटीवी फुटेज, लोगों से पूछताछ व सर्विलांस आदि की मदद से संदिग्ध अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयास कर रही थी।

रविवार की रात थाना पिहानी पुलिस रसूलपुर तिराहे पर संदिग्ध व्यक्ति/ वाहनों की चेकिंग कर रही थी, तभी लखीमपुर खीरी की तरफ से मोटरसाइकिल पर सवार दो संदिग्ध लोग आते दिखाई दिए। जिसको पुलिस टीम द्वारा रोकने का इशारा किया गया तो उक्त व्यक्तियों ने पुलिस टीम को देखकर भागने का प्रयास किया गया। पुलिस ने घेराबंदी की तो अभियुक्तों ने फायर कर दिया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बुद्धपाल निवासी नई बस्ती थाना मिर्जापुर और आसिफ निवासी मोहल्ला कोटकला कस्बा व थाना पिहानी गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक अदद बाइक बिना नंबर की, कुछ जेवर, दो तमंचे 315 बोर, एक जिंदा कारतूस एवं तीन खोखा कारतूस बरामद किये गए। पुलिस टीम द्वारा घायल अभियुक्त को उपचार हेतु चिकित्सालय भिजवाया गया है।




मुठभेड़ में घायल अभियुक्तों को पकड़कर ले जाती पुलिस। अमृत विचार

### डीएम ने जन सुनवाई में सुनीं 114 शिकायतें

**हरदोई, अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई मे सोमवार कुल 114 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण पूर्ण हो। जनसुनवाई मे प्राप्त कुछ शिकायतों का जिलाधिकारी ने मौके पर ही समाधान किया। जनसुनवाई में ज्वाइंट मजिस्टेट सुश्री संस्कृति त्रिवेदी, अतिरिक्त मजिस्टेट पूनम भाष्कर व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

# अनाथ बच्चों की मदद को बढ़ाए हाथ

संवाददाता, भरखनी, हरदोई

**अमृत विचार।** पहले मां और बाद में पिता की मौत से तीन बच्चे अनाथ और असहाय हो गए। ऐसे समय में बच्चों की मदद को क्षेत्र के एडवोकेट सत्यम बाजपेयी ने हाथ बढ़ाया है।

ग्राम चांदा महमदपुर निवासी मनोज तिवारी का ब्रेन हैमरेज के चलते निधन हो गया है। श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार के दौरान मौजूद मासूम बच्चों को देखकर हर इंसान द्रवित हो उठा। 6 वर्षीय शिवा अपने पिता की पार्थिव देह को निहारते हुए बेसहारा नजर आ रहा था। उसकी दो बड़ी बहनें रचना तिवारी और मुस्कान तिवारी भी पिता के निधन से पूरी तरह टूट चुकी थीं। बच्चों की मां की पहले ही मौत हो चुकी है। अब पिता के निधन के बाद तीनों बच्चे पूरी तरह असहाय और अनाथ हो गए हैं। परिवार आर्थिक तंगी से भी जूझ रहा है और किराए के मकान में रह रहा था।

इस हृदयविदारक घटना की जानकारी मिलने पर एडवोकेट सत्यम बाजपेयी बच्चों की मदद के लिए आगे आए। उन्होंने परिवार से मुलाकात कर तीनों बच्चों की पढ़ाई-लिखाई, भोजन, कपड़े और अन्य जरूरी खर्चों में हर संभव सहयोग देने का भरोसा दिलाया। सत्यम बाजपेयी ने कहा कि यह केवल एक परिवार का दुःख नहीं, बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है।



मासूम बच्चों के साथ एडवोकेट सत्यम बाजपेई। अमृत विचार



हादसे में घायल दंपति को एंबुलेंस से ले जाते कर्मचारी। अमृत विचार

### एक्सप्रेसवे पर दो कारों में टक्कर, दंपति घायल

**हरपालपुर, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के लमकन गांव के पास गंगा एक्सप्रेसवे पर रविवार देर रात तेज रफ्तार कार एक्सप्रेसवे पर खड़ी दूसरी कार से टकरा गई। हादसे में पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। मध्य प्रदेश के उज्जैन के महावीर नगर निवासी राजेश कुमार (54) अपनी पत्नी प्रवीणा (52) और बच्चों के साथ अयोध्या से फरीदाबाद जा रहे थे। गंगा एक्सप्रेस-वे पर लमकन गांव के पास उनकी कार अनियंत्रित होकर सामने खड़ी एक कार से टकरा गई। गनीमत रही कि कार के एयरबैग समय पर खुल गए, जिससे उनके पुत्र चिराग और पुत्री भक्तिका बाल-बाल बच गए। सूचना पर पहुंची एक्सप्रेसवे पर कार्यरत एंबुलेंस ने घायल पति-पत्नी को तत्काल हरपालपुर सीएचसी पहुंचाया, जहाँ से उनकी गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें हरदोई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है।

# मातृ दिवस पर सजा भावनाओं का रंगारंग मंच

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** सेंट जेवियर्स हाई स्कूल में मातृ दिवस के अवसर पर नर्सरी से कक्षा दो तक के बच्चों के लिए विशेष बैगलेस डे कार्यक्रम का आयोजन बड़े उत्साह और खुशी के माहौल में किया गया। इस खास अवसर पर विद्यार्थियों की माताओं को विद्यालय में आमंत्रित किया गया, जिससे पूरा परिसर पारिवारिक और भावनात्मक माहौल से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्रधानाचार्या मौसुमी चटर्जी, सीमा सिंह तथा प्रधानाध्यापिका द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। इसके बाद अतिथियों का स्वागत बच्चों द्वारा तैयार किए गए हस्तनिर्मित शुभकामना कार्ड और पौधे भेंट कर किया गया। बच्चों की मासूम मुस्कान और उनके स्नेहपूर्ण प्रयासों ने सभी का दिल जीत लिया। समारोह के दौरान छोटे बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों के नृत्य और गीतों पर उपस्थित अभिभावकों ने जमकर तालियां बजाईं। वहीं शिक्षिकाओं द्वारा मां और बच्चों के रिश्ते पर प्रस्तुत कविताओं ने कार्यक्रम को भावुक बना दिया। कई माताएं अपने बच्चों की प्रस्तुतियां देखकर भावुक भी नजर आईं।

कार्यक्रम को रोचक बनाने के लिए माताओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं और मनोरंजक खेल भी आयोजित किए गए। केश-सज्जा प्रतियोगिता और गुब्बारे के साथ गिलास उठाओ खेल में माताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विजेता प्रतिभागियों में प्रेक्षा सिंह, राधा यादव, पूनम कुमारी, नीलू, स्वर्णलता यारातिम्मा और प्रतिभा को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्या श्रीमती चटर्जी ने कहा कि मां बच्चों के जीवन की पहली गुरु होती है। उनका प्रेम, त्याग और समर्पण जीवनभर बच्चों का मार्गदर्शन करता है। उन्होंने विद्यार्थियों को हमेशा अपनी माताओं का सम्मान करने और उनकी बातों का पालन करने की सीख दी। पूरा कार्यक्रम प्रेम, अपनापन और मातृत्व की भावनाओं से भरा रहा। विद्यालय परिवार और अभिभावकों के लिए यह आयोजन यादगार बन गया।




कार्यक्रम के दौरान सम्मानित विजेता प्रतिभागी। अमृत विचार

# कोयलरा में तालाब बनी सड़क बच्चे व राहगीर हो रहे परेशान

संवाददाता, बिलग्राम, हरदोई

**अमृत विचार।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने सोमवार को ब्लॉक मुख्यालय पहुंचकर खण्ड विकास अधिकारी (बिलग्राम को ज्ञापन सौंपते हुए ग्राम पंचायतों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग उठाई। ब्लॉक अध्यक्ष विनय कुमार सिंह के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में ग्रामीण क्षेत्रों में जलनिकासी और खराब रास्तों की समस्या को प्रमुखता से उठाया गया। भाकियू नेताओं ने बताया कि कोयलरा गांव के मुख्य मार्ग पर आरसीसी सड़क का निर्माण तो करा दिया गया, लेकिन नाली न बनने के कारण गांव का गंदा पानी सड़क पर ही भर जाता है। बरसात के दिनों में स्थिति और गंभीर हो जाती है, जिससे ग्रामीणों और स्कूली बच्चों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा बेरुआ निजामपुर से नूरपुर हथौड़ा मार्ग स्थित प्राथमिक विद्यालय की ढलान पर मिट्टी बह जाने से रास्ता खतरनाक हो गया है। बरसात में वहां जलभराव होने से बच्चों को स्कूल आने-जाने में परेशानी होती है। ज्ञापन सौंपने वालों में महेंद्र सिंह, शिवकुमार बाजपेई, सुनीता, सुमन सिंह, रंजीता, आरती देवी, मीरा समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

- **भाकियू ने समस्याओं को लेकर बीडीओ को सौंपा ज्ञापन**

**आयोजन** | **मां कात्यायनी शक्तिपीठ पर सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा**

# कथा श्रवण से पापों से मिलती मुक्ति : जितेन्द्र

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** दिलेरगंज स्थित मां कात्यायनी शक्तिपीठ पर सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा में आचार्य जितेंद्र कृष्ण व्यास के मुख से कथा के प्रथम दिन मोक्षदायिनी श्रीमद् भागवत कथा के अंतर्गत धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष का निरूपण किया गया।

बताया कि श्रोता को चाहिए धर्म मार्ग से अर्थ प्राप्ति के साधन को सुनिश्चित करके अपनी इच्छाओं को पूर्ण करने के बाद मोक्ष प्राप्ति के साधन में लग जाना चाहिए। भगवान शंकर की कथा के माध्यम से धर्म की चर्चा सम्पन्न हुई। ध्रुव कथा के माध्यम से यह बताया कि बाल्यावस्था से ही अगर भगवत प्राप्ति में लग जाएं तो कल्याण का मार्ग प्रशस्त हो जाता है, यद्यपि युवावस्था में मार्ग से भटकने की स्थितियां बन सकती हैं। जीव के जीवन में इसलिए गुरू की महत्ता अत्यधिक हैं। अतः जीव को सावधानी पूर्वक गुरू की शरण में रहते हुए भगवत प्राप्ति के साधन में सदैव तत्पर रहना चाहिए। भागवत कथा में पंचम स्कन्ध में ऋषभ देव चरित्र व भरत चरित्र की चर्चा अत्यंत महत्वपूर्ण हैं जो कि आसक्ति धर्म के त्याग करने की कला को सिखाता है। इसी श्रंखला में व्यास जी ने कहा कि प्रह्लाद की तरह अगर मातृ गर्भ में ही सुविचारों का बीज संस्कार के रूप में रहता है तो समय पाकर व अंकुरित पुष्पित व पल्लवित होता है। प्रह्लाद जी के जीवन में यही एक अच्छे साधक की निशानियां है। आज वामन चरित्र, समुद्र मंथन, वमत्स्य अवतार की कथा के साथ राम जन्म की कथा भी समपन्न हुई। मां कात्यायनी शक्तिपीठ के पीठाधीश्वर स्वामी आत्मानंद गिरी महाराज ने सभी को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर शैलेंद्र मिश्रा, अरुण कुमार श्रीवास्तव, सुभाष रस्तोगी, गौरव श्रीवास्तव, पीयूष गुप्ता, मधु कश्यप, दुर्गावती शुक्ला, प्रथा मिश्रा आदि भक्त सपरिवार उपस्थित रहे।



कथा सुनाते कथा व्यास आचार्य जितेंद्र कृष्ण।

### पैसे के लेनदेन में विवाद फॉयरिंग का आरोप


**हरदोई, अमृत विचार।** सण्डीला में डेढ़ लाख रुपये के लेनदेन में फोन पर धमकी देने और फिर घर के बाहर फायरिंग करने का मामला सामने आया है। सीओ सण्डीला संतोष कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के मुताबिक केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है। सण्डीला के सुम्बाबाग़ निवासी पवन सिंह और शिवम जायसवाल के बीच बोलेरो की खरीद-फरोख्त में डेढ़ लाख रुपये के लेनदेन का विवाद चल रहा था। पवन सिंह के भाई सूरज सिंह ने सोमवार की शाम पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि शिवम जायसवाल ने पहले उसके भाई पवन सिंह को फोन पर गाली-गलौज करते हुए उसे धमकाया। उसके बाद घर के बाहर पहुंच कर फायरिंग की। सीओ सण्डीला संतोष कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर पर शिवम जायसवाल, अनुज जायसवाल, ऋषभ, टीटू और आकाश के खिलाफ केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# श्रीराम का जन्म मानव जीवन को मर्यादा सत्य और कर्तव्य पालन का देता है संदेश

संवाददाता, पाली, हरदोई

**अमृत विचार।** क्षेत्र के सिमरिया गांव स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर परिसर में चल रही श्रीराम कथा के दूसरे दिन सोमवार को चित्रकूट धाम से आए कथा व्यास परम पूज्य रामस्वरूपाचार्य जी महाराज ने भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव का भावपूर्ण प्रसंग सुनाया। कथा के दौरान भगवान श्रीराम के प्राकट्य का वर्णन सुन श्रद्धालु भावविभोर हो उठे और पूरा पंडाल जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा।

कथा व्यास ने कहा कि जब-जब पृथ्वी पर अधर्म बढ़ता है, तब भगवान धर्म की स्थापना के लिए अवतार लेते हैं। भगवान श्रीराम का जन्म मानव जीवन को मर्यादा, सत्य और कर्तव्य पालन का संदेश देता है। उन्होंने राम जन्मोत्सव प्रसंग का विस्तार से वर्णन करते हुए भक्तों को प्रभु भक्ति का महत्व बताया। कथा स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे और श्रद्धा भाव से कथा श्रवण किया। आयोजकों ने बताया कि कथा प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से साम 6 बजे तक आयोजित की जा रही है। कार्यक्रम के मुख्य यजमान सदाप्यारी पाण्डेय एवं सतीश चंद्र पाण्डेय हैं, जबकि आयोजन की व्यवस्था डॉ. मनोज पाण्डेय एवं डॉ. यामिनी पाण्डेय द्वारा कराई जा रही है। अनुज पाण्डेय ने बताया कि कथा का शुभारंभ 10 मई से हुआ, जबकि 16 मई को कथा विश्राम एवं 17 मई को पूर्णाहुति एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा।



राम के जन्मोत्सव की कथा सुनाते रामस्वरूपाचार्य।

# खैराबाद में नजूल की जमीन से 'करोड़ों रुपये का खेल'

## खैराबाद कस्बा स्थित नजूल की 100 बीघा से अधिक भूमि पर बन गईं दुकानें, हो सकती है विधिक विभागीय कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर


खैराबाद स्थित जोशा टोला में नजूल की भूमि पर बनी बाउण्ड्रीवाल। अमृत विचार



खैराबाद स्थित कमाल सरांय में नजूल की जमीन पर बनीं दुकानें। अमृत विचार

**अमृत विचार।** खैराबाद की फलपट्टी और फिर नजूल की संपत्ति पर करोड़ों के खेल हैं। राज तब खुला जब जिलाधिकारी ने गोपनीय जांच कराई, पता चला है कि नजूल की भूमि पर पूर्व मंत्री के पुत्र और कई अन्य रसूखदार कब्जा कर लाभ ले रहे हैं।

कब्जे की सूची में पहला नाम पूर्व मंत्री स्व. बुनियाद हुसैन अंसारी के पुत्र जुनैद अंसारी का है। ये भूखण्ड संख्या 324, 325 और 327 पर काबिज हैं। इन्होंने नजूल भूमि पर बाउण्ड्री और अन्य कार्य कियान्वित कर रखे हैं। वहीं, कमाल सरांय की शफीकुन्निसा पत्नी स्व. रफीक ने बड़ी संख्या में दुकानें बना ली हैं। इनकी गाटा संख्या 2157 है। वहीं, कजियारे के इश्तियाक पुत्र इब्राहीम ने गाटा संख्या 325 और 328 पर कब्जा कर निर्माण कार्य करा लिया है। जांच में आए सच के बाद डीएम के आदेश पर सभी को स्पष्टीकरण के साथ संपत्ति खाली करने के लिए नगर पालिका की ओर से नोटिस जारी हो गई है।

**परिवार का प्रदर्शन, जिम्मेदार पर लगे गंभीर आरोप:** मामला खैराबाद विकास खण्ड क्षेत्र की परातपुर गांव का है। यहां के निवासी चमेली और रामसिंह का आरोप है कि उनकी पुश्तैनी जमीन को अवैध तरीके से कब्जा कर लिया गया है। इतना ही नहीं परिवार को बलपूर्वक धमकाया और खदेड़ा जा रहा है। कब्जेदारी में मुख्य रूप से जनप्रतिनिधि पति का हाथ है। गांव में हुए धरना प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद था।

## न्यूज ब्रीफ

### रामलीला मैदान में विशाल भंडारा आज

**लहरपुर, सीतापुर।** नगर के श्री रामलीला मैदान स्थित पक्का तालाब तीर्थ पर ज्येष्ठ माह के द्वितीय आयोजित होने वाले विशाल भंडारे एवं सुंदरकांड पाठ की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सोमवार शाम को पूर्व भाजपा विधायक सुनील वर्मा ने आयोजन स्थल पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पूर्व विधायक सुनील वर्मा ने बताया कि मंगलवार सुबह 8:00 बजे से विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना के बाद सरस संगीतमय सुंदरकांड का पाठ प्रारंभ होगा। पाठ के समापन के उपरांत दोपहर से विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा, जो प्रभु इच्छा तक अनवरत चलेगा। गौरतलब है कि प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले इस विशाल भंडारे में क्षेत्रीय लोगों के साथ-साथ दूर-दराज से हजारों की संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करने पहुंचते हैं। हलवाई और अन्य सेवादारों ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस दौरान संजय शुक्ला, राम लखन वर्मा, रघुवंश अवस्थी, विपिन अवस्थी, ज्ञानेंद्र पांडे, महेंद्र मिश्रा, दिनेश पटेल और प्रमोद मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### मजदूर की बाइक चोरी, दी तहरीर

**लहरपुर/सीतापुर।** नगर के जोशी ताल चुंगी के निकट से एक मजदूर की मोटरसाइकिल चोरी हो गई। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम रामपुर रुद्धा निवासी अतीक पुत्र मैफूज अली ने पुलिस को बताया कि वह जोशी ताल चुंगी के पास एक बाउंड्री निर्माण में मजदूरी करने आया था। उसने अपनी बाइक चुंगी के निकट एक कैंटीन के पास खड़ी की थी। वहीं से मोटरसाइकिल चोरी हो गई।

### अभियान के तहत नौ वांछित किए गिरफ्तार

**सीतापुर, अमृत विचार।** जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत विभिन्न थानों की पुलिस ने 9 वांछित और वारंटियों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान थाना रामकोट पुलिस ने धोखाधड़ी और धमकी देने के मामले में वांछित त्रिभुवन और उसकी पत्नी किरन निवासी कटैया को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा। वहीं, सिधौली पुलिस ने मोहल्ला संत नगर निवासी पुन्नू उर्फ राजेश को दबोचा। रामपुर कलां पुलिस ने वर्ष 2005 के एक पुराने वाद से संबंधित वारंटी लालजी प्रसाद को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। बड़ी कार्रवाई थानगांव पुलिस द्वारा की गई, गिरफ्तारी में ग्राम गुमई निवासी मोतीलाल, गजोधर, रमेश और चलहारी निवासी गोमती व तमनदारपुरवा निवासी सिराजूद्दीन शामिल हैं।

# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर उमड़ी आस्था

- कलश यात्रा में शामिल हुए राज्यमंत्री व डीएम, जंगलीनाथ मंदिर में की पूजा-अर्चना

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर


सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा के दौरान उपस्थित नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु और जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** धर्मनगरी सीतापुर में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अवसर पर भक्ति और सनातन संस्कृति का संगम देखने को मिला। इस पावन अवसर पर पुलिस लाइन से बाबा जंगलीनाथ मंदिर तक एक विशाल कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर मंगल गान किया। पूरे मार्ग पर बाबा जंगलीनाथ की जय के उद्घोष से वातावरण गुंजायमान रहा। यात्रा के मंदिर पहुंचने पर विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया और जिले की सुख-समृद्धि की कामना की गई। इस अवसर पर कई लोग मौजूद रहे।

आयोजन में प्रदेश के नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर 'गुरु', जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर., नगरपालिका अध्यक्ष नेहा अवस्थी, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मुनेंद्र अवस्थी और भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ल ने हिस्सा लिया। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने बाबा जंगलीनाथ के दरबार में मत्था टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# किसान गोष्ठी का हुआ आयोजन

**बिसवां, सीतापुर।** संतुलित उर्वरक उपयोग अभियान के तहत बिसवां विकास खंड के ग्राम नसीरपुर अनंत सिंह में कृषि विज्ञान केंद्र कटिया द्वारा किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रसार वैज्ञानिक डॉ. शैलेन्द्र सिंह ने किसानों को मिट्टी की सेहत सुधारने और पैदावार बढ़ाने के गुर सिखाए। गोष्ठी को संबोधित करते हुए डॉ. शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि रसायनों के अंधाधुंध और असंतुलित प्रयोग से भूमि की उर्वरा शक्ति घट रही है और लागत बढ़ रही है। उन्होंने किसानों को मृदा परीक्षण मिट्टी जांच की रिपोर्ट के आधार पर ही खाद डालने की सलाह दी। गोष्ठी में क्षेत्र के प्रगतिशील कृषकों सहित कुल 47 किसानों ने सहभागिता की।

# काव्योत्सव: हुजूर ये महफिल है प्यार की

संवाददाता सीतापुर


कार्यक्रम में उपस्थित कवि व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** आलोक लोक सेवा संस्थान के तत्वावधान में जीआईसी के निकट स्थित भगवान चित्रगुप्त मंदिर प्रांगण में काव्योत्सव का आयोजन किया गया। शिव प्रताप सिंह चौहान की वाणी वंदना से शुरू हुए इस कार्यक्रम में कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

अध्यक्षता करते हुए कुंवर आलोक सीतापुरी ने अपनी गजल के शेर 'मैने कहा हुजूर ये महफिल है प्यार की, जबरन यहां किसी को बुलाया न जायगा' से खूब तालियां बटोरीं। संस्थान के वरिष्ठ उपाध्यक्ष इंजी. अम्बरीष श्रीवास्तव 'अम्बर' ने सामाजिक एकता पर जोर देते हुए कहा, 'अलग-थलग मत रहें बन्धुओं आपस में मिल जाएं'। कार्यक्रम का सफल संचालन करते हुए युवा हास्यकवि शिवांश सिंह सुंदरम ने अपनी पंक्तियों 'मेरे भगवान मुझको तुम सिलेंडर ही बना देते' से उपस्थित जनसमूह को लोटपोट कर दिया।

कवयित्री विदुषी विदु और विशिष्ट अतिथि तुषार मिश्र ने 'मां' पर भावपूर्ण काव्य पाठ किया। आचार्य अम्बिका तिवारी 'अंबुज' ने बेटी बचाने और पढ़ाने का संदेश दिया। इस अवसर पर डॉ. सतीश चंद्र वर्मा सहित बाल गोविंद द्विवेदी, अनामिका आईना, रामदास वैश्य, ए. पी. गौतम, और रामकिशोर श्रीवास्तव आदि ने अपनी प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में शौर्य श्रीवास्तव, भव्या और आराधना सहित भारी संख्या में काव्य प्रेमी उपस्थित रहे।

# लेखक व मीडिया लोकतंत्र की अंतिम चौकी: सांसद

- सिधौली में बुद्धिजीवी सम्मेलन आयोजित, डॉ. ज्ञानवती और चंद्रशेखर किए गए सम्मानित

सिधौली, सीतापुर


सम्मेलन में सम्मानित किए गए विशिष्टजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** क्षेत्र के मदारीपुर गांव स्थित एक रेस्टोरेंट में कांग्रेस सांस्कृतिक प्रकोष्ठ द्वारा 'वर्तमान चुनौतियां और लेखकों व मीडिया की भूमिका' विषय पर सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सांसद राकेश राठौर ने किया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए सांसद राकेश राठौर ने कहा कि यह सिर्फ लेखकों की सभा नहीं, बल्कि लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए अंतिम चौकी पर खड़े प्रहरियों का संगम है। इस अवसर पर 'भाषाविद डॉ. सुन्दर लाल राठौर सम्मान-2026' यूट्यूबर चंद्रशेखर प्रजापति को और 'जनकवि बलभद्र दीक्षित पढ़ीस सम्मान-2026' लेखिका डॉ. ज्ञानवती दीक्षित को प्रदान किया गया।

कार्तिकेय शुक्ल ने कहा कि जब सत्ता निरंकुश होती है, तब कविता और पत्रकारिता ही जनता की आवाज बनती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे लेखक अरुण अवध ने जोर दिया कि बुद्धिजीवी वही है जो जनता के पक्ष में खड़ा हो। लेखिका अमृता ने इस संवाद को प्रदेश स्तर पर ले जाने की आवश्यकता बताई। इस दौरान अजीज अहमद गौरी, राहुल सिंह, शिवप्रकाश सिंह, दीन मोहम्मद रिजवी और अनुप्रिया वर्मा सहित तमाम साहित्यकार व बुद्धिजीवी मौजूद रहे।

# महिला ने संदिग्ध हालात में फांसी लगाकर दी जान

**कमलापुर, सीतापुर।** थाना क्षेत्र के कसमंडा गांव में 22 वर्षीय विवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतका की पहचान गंगा मौर्य पुत्री रामकुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद परिवार में चीख-पुकार मच गई। गंगा मौर्य का विवाह करीब 13 माह पूर्व इटौंजा के बगहा निवासी संजय मौर्य के साथ हुआ था। वह 10 दिन पहले ही अपने मायके कसमंडा आई थी। परिजनों के मुताबिक, सोमवार दोपहर मोबाइल पर पति से बात करते समय उसकी कहासुनी हो गई थी। इसके बाद उसने घर के पीछे शहतूत के पेड़ से दुपट्टे के सहारे फांसी लगा ली। छोटी बहन के शोर मचाने पर परिजनों ने उसे फंदे से नीचे उतारा और कसमंडा अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी इतुल चौधरी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि अभी तक किसी भी पक्ष से कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जमीन के नाम पर 40 लाख की धोखाधड़ी, तीन पर केस

**सीतापुर, अमृत विचार।** हरगांव थाना क्षेत्र में जमीन दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी का मामला प्रकाश में आया। पुलिस ने व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष, उनके पुत्र समेत तीन नामजद और कई अज्ञात लोगों के खिलाफ फर्जी एग्रीमेंट तैयार कर रकम हड़पने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। हरगांव क्षेत्र की निवासी रूबी गुप्ता ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत की थी कि व्यापारी भगवती गुप्ता, उनके पुत्र शुभम गुप्ता और निर्भय ने अनुसूचित जाति की जमीन का फर्जी एग्रीमेंट तैयार कर उनसे करीब 40 लाख रुपये ले लिए। आरोप है कि जब पीड़िता ने जमीन और अपनी रकम के बारे में पूछताछ की, तो आरोपियों ने टालमटोल शुरू कर दी और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी के निर्देश पर हरगांव पुलिस ने धोखाधड़ी, जालसाजी और धमकी देने जैसी गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक बलवंत शाही ने बताया कि केस दर्ज कर मामले की गहनता से जांच की जा रही है और दस्तावेजों की पड़ताल के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# शिविर में 145 मरीजों के सेहत की हुई जांच


मरीजों की जांच करती चिकित्सीय टीम। अमृत विचार

**लहरपुर, सीतापुर।** ग्राम सिकंदरा रौरापुर में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। आयोजित स्वास्थ्य शविर में 145 मरीजों ने अपनी सेहत की जांच के लिए पंजीकरण किया गया, जिन्हें विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य परामर्श, आवश्यक जांच एवं दवाएं प्रदान की गई। इस मौके पर 35 मरीजों के रक्त नमूने भी लिए गए। स्वास्थ्य शिविर में डॉ. एसए मीर, डॉ. अहतीशाम खान, डॉ. मधुलिका राय, डॉ. हर्षित जैन (सर्जन), डॉ. मुस्कान स्त्री रोग विशेषज्ञ ने मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें परामर्श देकर दवाइयां दी।

## सीएम से मिलने जा रहे किसानों को रोका

**कमलापुर/ सीतापुर।** कमलापुर इलाके में स्थानीय समस्याओं को लेकर किसान नेता अनिकेत के नेतृत्व में मुख्यमंत्री से मिलने जा रहे किसानों को पुलिस ने रोका, इस दौरान देर तक हंगामे जैसी स्थिति बनी रही। किसान नेता अनिकेत के मुताबिक, कई बार चक मार्गों के अतिक्रमण को लेकर भी मुद्दा उठाया गया, लेकिन कोई हल नहीं निकला। इसी कारण समूह लखनऊ की ओर जा रहा था। बढ़ते हंगामें के बीच किसी तरह स्थितियां आश्वासन के बाद शांत की जा सकी। इस दौरान बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे।

## नौ विधानसभाओं में कमल खिलाने का लक्ष्य


समीक्षा बैठक में उपस्थित जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कहा कि वर्ष 2027 के चुनाव का आगाज हो चुका है। हमारा लक्ष्य सीतापुर की सभी 9 विधानसभा सीटों पर कमल खिलाना है। जिलाध्यक्ष ने आगामी प्रशिक्षण शिविरों की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में सेवता विधायक ज्ञान तिवारी, विश्राम सागर राठौर, महेश शर्मा, सुधाकर शुक्ल, नैमिष रत्न तिवारी, विपुल प्रताप सिंह, रेखा वर्मा, सचिन मिश्रा, आकाश अग्रवाल, जया सिंह सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता व अपेक्षित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## पुष्कर सेवा संस्थान ने बच्चों को किया सम्मानित


पुरस्कृत छात्राओं के साथ अतिथिगण। अमृत विचार

**कमलापुर / सीतापुर।** पार्वती विद्या मंदिर जूनियर हाई स्कूल कसमंडा में 'पुष्कर सेवा संस्थान' द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बृजेंद्र कुमार सक्सेना 'पुष्कर' की स्मृति में शैक्षिक और खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित हुआ। प्रतियोगिता के दौरान कक्षा 6, 7 और 8 के छात्र-छात्राओं के बीच सामान्य ज्ञान, श्लोक व दोहा गायन और क्विज का आयोजन किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेताओं को संस्थान की ओर से प्रशस्ति पत्र व नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अमरेंद्र प्रताप सिंह, रवि प्रकाश सिंह, वेद प्रकाश सक्सेना, रविजा सक्सेना और नंदाराम सहित विद्यालय का स्टाफ व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। इस मौके पर सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की गई।


मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार शातिर। अमृत विचार

## 50-50 हजार के दो इनामी गिरफ्तार

**सीतापुर, अमृत विचार।** अटरिया थाना क्षेत्र में सोमवार तड़के पुलिस और बदमाशों के बीच हुई भीषण मुठभेड़ में 50-50 हजार रुपये के दो इनामी शातिर अपराधी घायल हो गए। एसओजी और अटरिया पुलिस की संयुक्त टीम ने नहर कोठी के पास घेराबंदी कर दोनों को दबोच लिया। एसपी अंकुर अग्रवाल के अनुसार, खुद को घिरा देख बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली लगने से दोनों बदमाश घायल हो गए। गिरफ्तार बदमाशों की पहचान मोहम्मद फरीद निवासी सराय बाड़ी, सिधौली और बैजनाथ उर्फ धीरज निवासी नंदवन, संदना के रूप में हुई है। इन दोनों पर आईजी रेंज लखनऊ द्वारा 50-50 हजार का इनाम घोषित था। शातिरों के पास से बिना नंबर की बाइक, दो तमंचे, कारतूस आदि बरामद हुए हैं।

# भोलिया बाबा मंदिर परिसर में हुआ रुद्राभिषेक देखा गया लाइव प्रसारण

**लहरपुर/सीतापुर।** भोलिया बाबा मंदिर प्रांगण में 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' के पावन अवसर पर विधि-विधान के साथ भगवान भोले शंकर का रुद्राभिषेक किया गया। नगर पालिका परिषद के तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में पालिका अधिकारियों और कर्मचारियों ने अटूट श्रद्धा के साथ पूजा-अर्चना की। अधिशासी अधिकारी अनूप राय, नीरज गौड़ व अन्य पालिका कर्मियों ने आचार्य राजेंद्र अवस्थी के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच महादेव का अभिषेक कर लोक कल्याण की कामना की। सोमनाथ मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित इस पर्व के दौरान मंदिर परिसर में प्रधानमंत्री द्वारा किए गए जलाभिषेक कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी दिखाया गया। इस अवसर पर कृष्ण कुमार, शेखर वर्मा, राजन अवस्थी, उमंग मेहरोत्रा आदि मौजूद रहे।

## पुलिया में मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

**सीतापुर, अमृत विचार।** थानगांव थाना क्षेत्र के थौरा ग्राम स्थित थानगांव-राजपुर रोड पर सोमवार सुबह एक निर्माणाधीन पुलिया में युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान सरवन बाजपेई (42) निवासी कटोलिया के रूप में हुई है। परिजनों ने लूट के बाद हत्या कर शव फेंकने की आशंका जताई है। सरवन शाम करीब 5 बजे घर से निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। मोबाइल स्विच ऑफ होने के कारण रात भर उनकी तलाश की गई। सुबह राहगीरों ने पुलिया के नीचे क्षतिग्रस्त बाइक और सरवन का खून से लथपथ शव देखा। परिजनों का आरोप है कि सरवन गल्ला मंडी से पैसे लेकर लौट रहे थे, लेकिन मौके से उनका मोबाइल और नकदी गायब है। सीओ वेद प्रकाश श्रीवास्तव का कहना है कि लूट और हत्या के आरोपों को ध्यान में रखते हुए गहन जांच की जा रही है।


ई-रिक्शा में लगी आग बुझाता दमकलकर्मी। अमृत विचार

## सीएनजी रिक्शा में लगी आग, सामान जलकर राख

**तंबौर / सीतापुर।** तंबौर-रेउसा मार्ग पर दोपहर एक सीएनजी रिक्शा में भीषण आग लग गई। इस हादसे में रिक्शा पूरी तरह जलकर खाक हो गया। रिक्शा चालक अपनी बहन की शादी का सामान लेकर घर जा रहा था, जो आग की भेंट चढ़ गया। रेउसा थाना क्षेत्र के नकहा कनौरा निवासी अवध राम पिछले पांच वर्षों से लखनऊ में किराए पर सीएनजी रिक्शा चलाता है। मंगलवार को उसकी बहन की शादी होनी थी, जिसके लिए वह लखनऊ से खरीदारी कर रिक्शा से अपने गांव जा रहा था। जैसे ही वह खरौहां पेट्रोल पंप के पास पहुंचा, अचानक शॉर्ट सर्किट से रिक्शा में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना पर खरौहां फायर स्टेशन की दमकल टीम मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक रिक्शा और उसमें रखा कीमती सामान जलकर राख हो चुका था।

**मायूसी** | योगी सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार की सियासी चर्चाओं में रहीं आगे, सूची में नहीं मिली जगह

# बधाइयों के बीच आई निराशा, मंत्री नहीं बन पाईं आशा

- मंत्री न बनने पर फेसबुक पोस्ट में विधायक का छलका दर्द
- कई दिन पहले से ही आशा मौर्य को समर्थक देने लगे थे बधाई

संवाददाता महमूदाबाद, सीतापुर



विधायक द्वारा फेसबुक पर लिखा गया पोस्ट।

**अमृत विचार।** महमूदाबाद विधानसभा सीट से भाजपा विधायक आशा मौर्य का नाम सूबे की सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार तेजी से चर्चा में रहा। हालांकि, रविवार को मंत्रिमंडल की तस्वीर साफ होने के बाद उनका नाम सूची में शामिल नहीं हुआ। इसके बाद विधायक आशा मौर्या ने अपने फेसबुक वाल पर एक भावुक पोस्ट साझा कर समर्थकों और शुभचिंतकों का आभार जताया। उन्होंने लिखा कि देश-प्रदेश से मिले फोन कॉल, सोशल मीडिया संदेश और समर्थन उनके लिए बड़ी ताकत हैं। विधायक ने अपने संदेश में कहा कि वह पिछले 35 वर्षों से पार्टी और संगठन के लिए पूर्ण समर्पण, निष्ठा और ईमानदारी के साथ कार्य करती रही हैं तथा जनसेवा ही उनके जीवन का उद्देश्य रहा है।

उन्होंने लिखा कि एक समर्पित कार्यकर्ता होने के नाते कहीं न कहीं मन में थोड़ी पीड़ा अवश्य हुई है, क्योंकि वर्षों की मेहनत, संघर्ष और निष्ठा हर कार्यकर्ता के लिए भावनात्मक रूप से जुड़ी होती है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि यह पीड़ा उनके संकल्प को कमजोर नहीं करेगी, बल्कि समाज और संगठन के प्रति जिम्मेदारियों को और मजबूती देगी। उन्होंने कहा कि वह पहले जैस अपने कर्तव्य को बाखूबी अंजाम दे रही थीं वैसे ही उनमें वही लगन और मेहतन देखने को मिलेगी। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाएगी।

**मंत्री बनने पर गांजर के विकास को रफ्तार की थी आशा:** बाढ़ और कटान की समस्या से जूझ रही महमूदाबाद तहसील के गांजर क्षेत्र में विधायक आशा मौर्य के मंत्री बनने की चर्चाओं से लोगों में विकास को लेकर नई उम्मीद जगी थी। क्षेत्रीय लोगों का मानना था कि मंत्री पद मिलने पर सड़क, तटबंध, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी मूलभूत योजनाओं को रफ्तार मिल सकती थी।

# सहादतनगर गांव में फंदे से लटका मिला महिला का शव

**संवाददाता मिश्रिख, सीतापुर, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सहादतनगर में विवाहिता का शव घर के अंदर फंदे से लटकता मिलने से सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान सोनी (25) पत्नी उमेश मौर्य के रूप में हुई है। घटना के बाद मृतका के दो मासूम बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों के अनुसार, सोनी का विवाह 20 मई 2022 को उमेश के साथ हुआ था। आरोप है कि शादी के बाद से ही उसे प्रताड़ित किया जा रहा था। मायके वालों का दावा है कि सोनी की हत्या करने के बाद साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से शव को फंदे से लटकाकर आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया गया है। क्षेत्राधिकारी बृजेश कुमार और इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। हंगामे की स्थिति को देखते हुए नायब तहसीलदार अजय कुमार ने करीब तीन घंटे तक मायके पक्ष को समझाकर शांत कराया।

न्यूज ब्रीफ

### महिला को जमीन पर पटक कर पीटा वीडियो वायरल

**ऊंचाहार, अमृत विचार :** नगर के खत्री टोला मोहल्ले में जमीनी विवाद में एक महिला को युवक ने जमीन पर पटक दिया। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। पीड़िता ने कोतवाली प्रभारी को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता रमन मौर्या ने बताया कि रविवार की शाम वह घर पर अकेली थी और मकान की दीवार पर प्लास्टर का कार्य चल रहा था। इस दौरान क्षेत्र का एक दबंग व्यक्ति वहां पहुंचा और काम रुकवाने का प्रयास करने लगा। शिकायती पत्र के अनुसार, विरोध करने पर आरोपी ने महिला को धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया और लात-घूसों से बेरहमी से पिटाई की। आरोप है कि इस दौरान उनके कपड़े अस्त-व्यस्त हो गए और उनके सम्मान को ठेस पहुंचाई गई। मौके पर काम कर रहे मजदूरों ने बीच-बचाव कर महिला की जान बचाई। पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल माडिया में वायरल हो रहा है। फिलहाल पीड़िता ने पुलिस से इस मामले में तत्काल प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है। कोतवाली प्रभारी संजय शर्मा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ 13 से

**शिवगढ़ (रायबरेली), अमृत विचार :** सर्वोदय आदर्श इण्टर कॉलेज कुकहा रामपुर के प्रांगण में नवनिर्मित शिव मन्दिर सीता सत्कर्म आश्रम में 13 मई 2026 से संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का आयोजन किया जाएगा। संस्थापक जगदम्बा प्रसाद तिवारी व उनकी धर्मपत्नी कान्ती तिवारी ने बताया कि कथा के समापन पर 20 मई को भण्डारा आयोजित किया जाएगा। सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में श्रीधाम अयोध्या से कथा व्यास प्रेमशरण जी महाराज पधार कर अपनी अमृतमई वाणी से श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराएंगे।

### रंजिश में दंपति को पीटा, मुकदमा दर्ज

**अमावां, अमृत विचार :** मिल एरिया थाना क्षेत्र के सन्दीराम गांव में पुरानी रंजिश को लेकर महिला और उसके पति के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता सियावती पत्नी राजकुमार ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि सोमवार सुबह करीब सात बजे गांव के ही नन्हहउ, मंशाराम, प्रिंशु, करन तथा चार अज्ञात लोगों ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में महिला और उसके पति राजकुमार घायल हो गए। गंभीर हालत में राजकुमार को एंबुलेंस से अमावा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि विपक्षियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। मिल एरिया थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर नन्हहउ, मंशाराम, प्रिंशु, करन व चार अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई।

### बाइकों में टक्कर, दो लोग घायल

**बछरावां, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के अंतर्गत शारदा नहर पटरी मार्ग पर कसरावा गांव निवासी आदित्य पुत्र मनोज कुमार (16) सेहगो तमनपुर गांव से रात में घर वापस लौट रहा था। रास्ते में बछरावां से अपने गांव महरौरा जा रहे दूसरे घायल बाइक सवार दिवाकर पुत्र राम सजीवन की बाइक से आमने की टक्कर हो गई। जिसमें दोनों घायल हो गए। घायलों को सीएचसी बछरावां पहुंचाया गया, जहां से दोनों को ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया।

## अधिवक्ताओं ने आरोपियों को पीटा, नहीं बचा पाई खाकी

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** जिला सत्र न्यायलय में रिमांड पर लाए गए आरोपियों की अधिवक्ताओं ने पिटाई कर दी।

जानकारों की माने तो दो दिन पूर्व अधिवक्ता गौरव नारायण पांडे पर किसी मामले से नाराज आरोपियों ने हमला बोल दिया था। जिसमें अधिवक्ता गौरव नारायण पांडे की तहरीर पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। जगतपुर पुलिस ने दर्ज मामले में गिरफ्तार आरोपी दीपेंद्र तिवारी, सत्यम तिवारी, सुरेंद्र तिवारी और अनुज तिवारी उर्फ गोलू निवासी पूरे बल्लू को सोमवार को एंबुलेंस से सत्र न्यायालय

● दो दिन पूर्व अधिवक्ता गौरव नारायण पांडे पर किया था हमला

लेकर पहुंची। इस दौरान साथी अधिवक्ता पर हुए हमले से नाराज अधिवक्ताओं ने एम्बुलेंस से लाए गए आरोपियों पर उतरते ही लात घूसों से पिटाई शुरू कर दी। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार आरोपियों के बचाव में एसआई व पुलिस कर्मियों को भी अधिवक्ताओं के कोप का शिकार होना पड़ा।

इस संबंध में कोतवाली प्रभारी शिवशंकर सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है, लेकिन अभी तक भुगतभोगियों की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली है।

## डॉ. मनोज पांडेय के कैबिनेट मंत्री बनने पर मनाया गया जश्न

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** ऊंचाहार विधायक डॉ. मनोज कुमार पांडेय को कैबिनेट मंत्री बनाए जाने पर क्षेत्रभर में खुशी की लहर दौड़ गई। लोगों ने जगह-जगह पटाखे फोड़कर, मिठाइयां बांटकर और नारेबाजी कर जश्न मनाया।

दीनशाह गौरा विकासखंड के सैकड़ों कार्यकर्ता ब्लॉक प्रभारी अशोक मिश्रा के नेतृत्व में लखनऊ पहुंचे और मंत्री आवास पर पहुंचकर उन्हें बधाई दी। कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया। अलावलपुर, धीरनपुर, विश्वनाथगंज और मधवापुर समेत कई स्थानों पर उत्साह का माहौल रहा। इस मौके

खुशी की लहर

● पटाखे फोड़कर और मिठाइयां बांटकर की नारेबाजी

पर पूर्व भाजपा अध्यक्ष अनुराग तिवारी, ओम प्रकाश तिवारी, ज्ञानचंद, आदित्य किशोर तिवारी, सौरभ सिंह, राकेश सिंह, अनुराग सिंह, बाबू सिंह, कल्लू तिवारी, नवनीत अग्निहोत्री, अशोक अग्निहोत्री और नोखे त्रिवेदी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

**डॉ. मनोज को मंत्री बनाए जाने पर भाजपाइयों ने मनाया जश्न, शिवगढ़:** पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं ऊंचाहार विधायक डॉ. मनोज कुमार पांडेय को योगी सरकार में मंत्री बनाए जाने पर रविवार देर शाम भवानीगढ़ चौराहे पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार जश्न मनाया। कार्यकर्ताओं ने गोले दागकर, मिठाइयां बांटकर और एक-दूसरे का मुंह मीठा कर खुशी व्यक्त की। भाजपा नेताओं ने प्रधानमंत्री, गृह मंत्री तथा मुख्यमंत्री का आभार जताया। इस अवसर पर भाजपा नेता पंकज मिश्रा, ललित तिवारी, नीरज शुक्ला, राहुल द्विवेदी, अजय पांडेय, लक्ष्मीकांत त्रिवेदी, वीरेंद्र पांडे, सुखराम रावत, आदर्श सिंह आदि लोग मौजूद रहे।


डॉ. मनोज कुमार पांडेय को मंत्री बनाए जाने पर खुशी का इजहार करते लोग।


प्रभारी अशोक मिश्रा को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार करते हुए कैबिनेट मंत्री।

# ओवरलोड डंपरों पर चला प्रशासन का हंटर


▶ डीएम के निर्देश पर खनन विभाग के अधिकारी ने की ताबड़तोड़ कार्रवाई, ठोंका पांच लाख का जुर्माना

सलोन (रायबरेली)

**अमृत विचार।** जनपद में लंबे समय से बेखौफ दौड़ रहे ओवरलोडिंग के खेल पर प्रशासन का हंटर चला है। परिवहन विभाग की सांठगांठ से चल रहे इन वाहनों पर विभागीय अधिकारियों का आशीर्वाद आम नागरिकों के लिए मौत बन कर दौड़ रहा था। डीएम सरनीत कौर ब्रोका के सख्त निर्देशों के बाद सोमवार तड़के खनन विभाग की टीम ने सलोन और डलमऊ थाना क्षेत्र में ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए मौरंग और गिट्टी से लदे लगभग एक दर्जन ओवरलोड डंपरो को पकड़ कर उन्हें सीज कर दिया है। वहीं लगभग पांच लाख रुपये का भारी भरकम जुर्माना भी ठोका है। प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद से खनन माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।

जनपद में दिन-रात हजारों डंपर आवागमन करते हैं। जिनमें से अधिकांश ओवरलोड होते हैं, लेकिन प्रशासन व आरटीओ की सांठगांठ से ओवरलोड वाहनों की बल्ले बल्ले थी। इससे उत्तर प्रदेश की योगी सरकार को बड़े पैमाने पर राजस्व का चूना भी लगाया जा रहा था। साथ ही सड़कें भी क्षतिग्रस्त हो रही थी। जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुई ओवरलोड वाहनों के खिलाफ प्रशासन की सख्त कार्रवाई के बाद बड़े वाहन चालकों में हड़कम्प मचा हुआ है। सूत्रों के मुताबिक कार्रवाई के दौरान कई ओवरलोड वाहनों ने अपना रास्ता भी बदल लिया था। जनपद के सलोन और डलमऊ थाना क्षेत्र में ओवरलोडिंग का मुद्दा लंबे समय से गंभीर चिंता का विषय रहा है। बीती रात डीएम सरनीत कौर ब्रोका के निर्देश पर चलाए गए विशेष अभियान के दौरान खनन विभाग के अधिकारी सुरेश कुमार लकड़ा ने सलोन और डलमऊ में मुख्य चौराहे के समीप घेराबंदी करके ओवरलोड गिट्टी और मौरंग के डंपरों को टीम की मदद से पकड़कर उन पर बड़ी कार्रवाई की है। इस दौरान सलोन से 6 और डलमऊ से 5 ओवरलोड डंपरो को सीज कर उनके ऊपर लगभग पांच लाख रुपये जुर्माना की कार्रवाई की गई है। इस सम्बंध में खनन अधिकारी सुरेश कुमार लकड़ा ने बताया कि 10/11 की रात डीएम के निर्देश पर ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई की गई है। इनमें डलमऊ और सलोन क्षेत्र के ओवरलोड डंपर शामिल हैं। लगभग 11 डंपरों को सीज कर पांच लाख का जुर्माना ठोका गया है।

**कार्य की प्रगति न होने पर डीएम ने दी चेतावनी:** सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन ग्रामीण एवं शहरी योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डीएम सरनीत कौर ब्रोका ने की। यहां पर विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति, कार्यों की गुणवत्ता तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर योजनाओं को पूर्ण कराने के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने नगर पंचायत परशदेपुर पेयजल योजना, रायबरेली सीवरेज योजना, गोराबाजार पेयजल योजना सहित अन्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में संचालित योजनाओं की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए कार्यदायी संस्थाओं से प्रगति रिपोर्ट प्राप्त की जिसमें कार्य की प्रगति संतोषजनक न होने पर नाराजगी व्यक्त की। बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका स्वर्ण सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी व कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।


ओवरलोड डंपर के खिलाफ कार्वाई करती खनन विभाग की टीम। अमृत विचार

### डीएम ने एम्स का किया औचक निरीक्षण

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** सोमवार को जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) मुंशीगंज परिसर का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई, मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाएं, पेयजल, विद्युत व्यवस्था एवं सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। डीएम ने एम्स अस्पताल प्रशासन से मरीजों को बेहतर एवं समयबद्ध चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न वार्डों का भ्रमण कर मरीजों एवं तीमारदारों से संवाद किया तथा स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एम्स डॉ. नीरज श्रीवास्तव सहित चिकित्सकगण एवं अस्पताल प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे।


एम्स का निरीक्षण करतीं डीएम सरनीत कौर ब्रोका।

### बचत भवन में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**रायबरेली, अमृत विचार।** जिला जनगणना अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अमृता सिंह की अध्यक्षता में जनगणना 2027 के अंतर्गत संचालित स्व-गणना अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए आज बचत भवन में एक विशेष जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों को जनगणना 2027 के अंतर्गत 7 मई से 21 मई तक चलने वाले स्व-गणना अभियान की विस्तृत जानकारी दी गई। जिला जनगणना अधिकारी द्वारा जनपद न्यायाधीश अमित पाल सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पवन कुमार सिंह एवं अन्य न्यायाधीश को जनपद न्यायालय में स्व-गणना के बारे में जानकारी देते हुए सभी की स्व-गणना कराई गई। कार्यक्रम में रायबरेली कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन अध्यक्ष, जिला कलेक्ट्रेट कर्मचारी संगठन अध्यक्ष, सेंट्रल बार एसोसिएशन अध्यक्ष एवं महामंत्री सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता गण, कर्मचारी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों ने जनगणना 2027 को सफल बनाने हेतु सक्रिय सहयोग का आश्वासन दिया।

### सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर गौरी शंकरन मंदिर में हुआ आयोजन

**ऊंचाहार (रायबरेली)।** सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तहत सोमवार को हमीदपुर बड़ागांव स्थित गौरी शंकरन शिवालय में आयोजन हुआ। भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रांतीय मंत्री अभिलाष कौशल ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश की धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को पुनर्जीवित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऊंचाहार विधायक डॉ. मनोज पांडेय द्वारा मंदिर का पुनरुद्धार कर स्थानीय आस्था को नई पहचान मिली है। कार्यक्रम में हवन-पूजन के साथ सैकड़ों लोग शामिल हुए। भाजपा नेता आशीष तिवारी, राजा जितेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष पवन सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। बीडीओ सुनील कुमार सिंह ने भी पूजा-अर्चना कर सहभागिता निभाई। इस मौके पर पवन सिंह, बुदुन पांडेय, रीना पाल, विनीत कौशल, विनय शुक्ल, अमरेश यादव, राजेंद्र तिवारी बाबा, अनुभव सिंह, सूरज तिवारी आदि लोग मौजूद थे। इसके अलावा खंड विकास अधिकारी सुनील कुमार सिंह, महेंद्र सिंह यादव ने भी पूजा अर्चना करके समारोह का हिस्सा बने।


कार्यक्रम को संबोधित करते अभिलाष कौशल।

### मुण्डन कार्यक्रम में पूर्व व वर्तमान प्रधान समर्थकों में मारपीट, छह लोग घायल

**महराजगंज।** चंदापुर थाना क्षेत्र के समरहदा गांव में मुण्डन संस्कार कार्यक्रम के दौरान वर्तमान ग्राम प्रधान और पूर्व प्रधान समर्थकों के बीच जमकर मारपीट हो गई। खूनी संघर्ष में दोनों पक्षों के छह लोग घायल हो गए, जिनमें वर्तमान प्रधान की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है। घटना रविवार देर रात करीब साढ़े ग्यारह बजे की है। गांव निवासी दुर्गेश तिवारी के यहां आयोजित मुण्डन कार्यक्रम में समरहदा ग्राम प्रधान राजकुमार मौर्य पहुंचे थे। इसी दौरान इंटरलॉकिंग के पास पूर्व प्रधान पक्ष के रणधीर सिंह उर्फ पप्पू से किसी बात को लेकर कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद मारपीट में बदल गया और दोनों पक्षों के समर्थकों ने एक-दूसरे पर हमला बोल दिया। मारपीट में एक पक्ष से रणधीर सिंह उर्फ पप्पू, स्वप्निल सिंह उर्फ छोटू और शिवा सिंह घायल हो गए। जबकि दूसरे पक्ष से ग्राम प्रधान राजकुमार मौर्य, उनके भाई संजय और श्रीकांत घायल हुए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को अमावा सीएचसी पहुंचाया, जहां से गंभीर हालत में राजकुमार मौर्य को जिला अस्पताल रेफर किया गया। चंदापुर थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों के 11 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### मारपीट के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

**जगतपुर, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के पूरे बल्लू मजरे कुसमी गांव में गेट लगाने के विवाद को लेकर हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामले में पहले ही 10 नामजद और चार अज्ञात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। गौरतलब है कि 9 मई को पूरे बल्लू मजरे कुसमी गांव में गेट लगाने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया था। देखते ही देखते विवाद हिंसक हो गया और दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। घटना में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मामले में गौरव नारायण पांडे की तहरीर पर पुलिस ने जानलेवा हमला समेत विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सोमवार को दीपेंद्र तिवारी, सत्यम तिवारी, सुरेंद्र तिवारी और अनुज तिवारी उर्फ गोलू निवासी पूरे बल्लू को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी पंकज त्यागी ने बताया कि मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। अन्य आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

### हमले के विरुद्ध फूटा वकीलों का गुस्सा

**ऊंचाहार, अमृत विचार।** तहसील परिसर में सोमवार को अधिवक्ताओं का गुस्सा सातवें आसमान पर रहा। साथी वकील सुरेश कुमार पाण्डेय, अजय नारायण और गौरव पाण्डेय पर हुए कातिलाना हमले से आक्रोशित तहसील बार एसोसिएशन ने न्यायिक कार्य का बहिष्कार कर दिया। अध्यक्ष रामजीत सिंह की अगुवाई में हुई आपातकालीन बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास कर पुलिस प्रशासन को सीधी चेतावनी दी गई है। अधिवक्ताओं का कहना है कि जगतपुर थाना क्षेत्र के गांव पूरे बल्लू मजरे कुसुमी में हिमांशु तिवारी, दीपेन्द्र कुमार तिवारी और वीरेंद्र तिवारी जैसे हमलावरों की गिरफ्तारी न होना कानून-व्यवस्था पर बड़ा सवाल है। महासचिव राजेन्द्र कुमार शुक्ला ने कड़े शब्दों में कहा, "जब तक हमलावर जेल के पीछे नहीं जाते और 'अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट' लागू नहीं होता, हमारा संघर्ष जारी रहेगा।" एसोसिएशन ने स्पष्ट कर दिया है कि वकीलों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। अब देखना यह है कि प्रशासन इस 'वकील शक्ति' के आगे कितनी जल्दी हरकत में आता है।

### शिक्षिका पर बच्चों को धमकाने का लगा आरोप

**लालगंज, अमृत विचार।** उच्च प्राथमिक विद्यालय बेहटाकला के आधा दर्जन छात्रों ने एक शिक्षिका पर धमकाने का आरोप लगाया है। अभिभावकों ने पुलिस को शिकायती पत्र सौंपा है। पूरे विश्राम मजरे बेहटाकला गांव निवासी ऊषा देवी पत्नी सज्जन लाल, राजकुमार, सोनिका पत्नी मुकेश के बच्चे पूर्व माध्यमिक विद्यालय बेहटा कला में पढ़ते है। विद्यालय में काफी समय से दो शिक्षिकाओ के मध्य विवाद चल रहा है जिसमें निर्मला देवी निलंबित हो चुकी है। अभिभावको का कहना है कि शनिवार को निर्मला देवी वापस स्कूल आई और उन्होंने बच्चों को धमकाना शुरू कर दिया। निर्मला देवी ने बच्चों से कहा कि यदि दूसरी मैडम के चमचे बने तो सब की खाल उधेड़ दूंगी। छात्रो के माता पिता का कहना है कि विद्यालय में शिक्षकों के मध्य का विवाद शिक्षकों के बीच रहना चाहिए उसमें बच्चों को नहीं धमकाना चाहिए था। जब इस बात को लेकर शिक्षिका को फोन किया तो उसने फोन पर भी धमकी देना शुरू कर दिया। अभिभावकों का आरोप है कि सोमवार की सुबह निर्मला देवी का पुत्र अपने दो साथियों के साथ उनके घर आ गया और धमकी देते हुए बच्चों का भविष्य बर्बाद करने की धमकी दी। इस संबंध में बीईओ राजीव ओझा ने बताया कि मामला में संज्ञान है। इसकी जांच कराई जाएगी। मामले में दोष सिद्ध होने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## बेसुध किसान की अस्पताल ले जाते समय मौत, हत्या का आरोप

सरेनी (रायबरेली)

**अमृत विचार।** बीती रात ट्रेक्टर से खेतों की जुताई कर रहे किसान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने गांव के दो लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है।

थाना क्षेत्र के पूरे शुकुरू मजरे कुटिया एहतमाली गांव के रहने वाले अरुण कुमार (35) पुत्र चुन्नू लाल बीती रात कटरी क्षेत्र में ट्रैक्टर से खेत जोत रहे थे। देर रात तक घर न पहुंचने पर उसका छोटा भाई खेत पहुंचा, जहां खेत में उसे बेसुध पड़ा देखा तो उसके होश उड़ गए। इसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने चार पहिया वाहन से उसे सीएचसी पहुंचाया, जहां से डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिसकी जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने बड़े भाई विजय कुमार की सूचना पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों का आरोप है कि जमीन ठेके पर लेने को लेकर गांव के दो लोगों से विवाद था। आशंका है कि उन्हीं लोगों ने अरुण कुमार को जहर पिलाकर मार डाला है। इस संबंध में भोजपुर चौकी इंचार्ज शैलेंद्र सिंह का कहना है कि पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।


परिजनों से बातचीत करती पुलिस।

## मोदी की अपील पर मिली-जुली प्रतिक्रिया

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** पश्चिम एशिया संकट के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देशवासियों से ईंधन बचाने, खर्च कम करने, साल भर सोना न खरीदने और 'वर्क फ्रॉम होम' अपनाने की अपील पर जिले में नेताओं और आम जनता के बीच समर्थन और विरोध दोनों तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। लोगों ने प्रधानमंत्री की अपील को समय पर सही सलाह बताते हुए कहा कि संकट के दौर में हर नागरिक को देशहित में निर्विकार भाव से योगदान देना चाहिए। इस पर कुछ स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने सुझाव दिया कि ग्रामीण क्षेत्रों के लिए विशेष राहत योजनाएं चलाई जाएं।

आर्थिक मामलों के विशेषज्ञों का मानना है कि रायबरेली जैसे जिलों में ईंधन की खपत में कुछ कमी आ सकती है लेकिन बाजार में मांग घटने से छोटे व्यापार प्रभावित हो सकते हैं। ग्रामीण और शहरी


बिनोद कुमार शुक्ल।


मनोज कुमार।


कंचन अग्निहोत्री।


सुरेंद्र कुमार।

● रायबरेली की जनता ने भी दिए अपने-अपने सुझाव

क्षेत्रों के बीच इस नीति का असर अलग-अलग होगा। रायबरेली में प्रधानमंत्री की अपील को लेकर तस्वीर पूरी तरह साफ नहीं है। जहां एक ओर कुछ लोग इसे देशहित में जरूरी कदम मान रहे हैं, वहीं दूसरी ओर आम जनता का एक वर्ग इसे व्यवहारिक रूप से कठिन बता रहा है। आने वाले दिनों में यह देखना दिलचस्प होगा कि जिले में लोग इन सुझावों को कितनी गंभीरता से अपनाते हैं।

गृहणी कंचन अग्निहोत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री की सलाह देशहित में उचित है, लेकिन शादी ब्याह में जेवरात खरीदना पारंपरिक रीति रिवाज का प्रमुख अंग है। जेवरात ही नवविवाहिता के प्रमुख श्रृंगार माने जाते हैं। ऐसी स्थिति में खरीदारी रोक पाना बेहद कठिन होगा। रिटायर्ड बैंक कर्मी बिनोद कुमार शुक्ल ने कहा कि मोदी जी की अपील काबिले तारीफ है लेकिन इसका हश्र स्वदेशी अपनाओ की अपील जैसा न हो जाए। प्राइवेट सेक्टर में तो वर्क फ्रॉम होम संभव है लेकिन बैंकिंग सहित सरकारी विभागों में कैसे संभव होगा। ग्रामीण मजदूर मनोज कुमार व युवा सुरेंद्र कुमार का कहना है कि गांव से 20 किलोमीटर दूर रायबरेली मोटरसाइकिल से मजदूरी करने जाना पड़ता है। ऐसे में पेट्रोल ही एक सहारा है जिससे समय से काम पर पहुंच पाते है। दूसरे साधन के उपयोग से ज्यादा खर्च आएगा।

आयोजन

मंदिर में विधि-विधान से पूजन-अर्चन और भव्य आरती में बड़ी संख्या में शामिल हुए भक्त

# जगमोहनेश्वर शिवालय तक श्रद्धालुओं ने निकाली शोभायात्रा

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** प्रदेश के प्रमुख शिवालयों में आयोजित विशेष कार्यक्रमों की श्रृंखला में सोमवार को रिफॉर्म क्लब से चंदापुर स्थित जगमोहनेश्वर शिवालय तक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और पूरे मार्ग में भक्तिमय माहौल बना रहा।

शोभायात्रा के समापन के बाद जगमोहनेश्वर शिव बाबा मंदिर में विधि-विधान से पूजन-अर्चन और भव्य आरती का आयोजन किया गया। इसके पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धिलाल पासी, सीडीओ अंजू लता, एडीएम प्रशासन सिद्धार्थ, डीसी एनआरएलएम सविता सिंह, नपाप अधिशाषी अधिकारी स्वर्ण सिंह, भाजपा नगर प्रभारी शिवेंद्र सिंह, छोटे राजा चंदापुर तथा भाजपा नेता अभिलाष कौशल सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।


शोभायात्रा में शामिल भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धीलाल पासी, सीडीओ अंजू लता व भाजपा नगर प्रभारी शिवेंद्र सिंह, अन्य। अमृत विचार

**कथावाचक ने सुनाई ध्रुव व विदुर चरित्र की कथा, महराजगंज:** क्षेत्र के पूरे लीला मजरे कोटवा मोहम्मदाबाद में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन सोमवार को कथावाचक अंकुल जी ने ध्रुव व विदुर चरित्र की कथा का प्रसंग सुनाया। कहा कि अगर ध्रुव पांच साल की उम्र में भगवान को पा सकता है, तो फिर हम कैसे पिछड़ सकते हैं। अगर सच्चे मन से भगवान की भक्ति की जाए, तो भगवान खुद अपने भक्तों से मिलने पहुंच जाते है। कथा के दौरान झांकियां भी सजाई गई। वहीं विदुर प्रसंग में भगवान श्रीकृष्ण के प्रेम की व्याकुलता के बारे में उन्होंने विस्तार से बताते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण विदुरजी की कुटिया में भोजन करने गए और वहां केले के छिलकों का भोग स्वीकारा। इससे पहले वे दुर्योधन के महल में छप्पन भोग का त्याग कर आए थे। इस मौके पर यजमान महेश यादव, शिवहर्ष, रामसागर, श्रीपाल, गयाप्रसाद, मनीराम, सहजराम, बबलू सिंह आदि रहे।

### कथा के रस से सराबोर हुए श्रोता

**रायबरेली, अमृत विचार।** धर्म और आस्था की नगरी रायबरेली आज 'जय चित्रगुप्त' के जयघोष से गुंजायमान हो उठी। भगवान श्री चित्रगुप्त चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में रिफर्म क्लब लॉन 'ए' में आयोजित दो दिवसीय दिव्य संगीतमय कथा का शनिवार को अत्यंत भव्यता के साथ शुभारंभ हुआ। कथा के मुख्य व्यास श्री चित्रगुप्त पीठ वृंदावन धाम के पीठाधीश्वर डॉ. स्वामी सच्चिदानंद महाराज के जनपद आगमन पर कायस्थ समाज ने पलक-पावड़े बिछा दिए। कथा के प्रथम दिन चित्रगुप्त महिमा का बखान करते हुए महाराज जी ने भगवान चित्रगुप्त के अवतरण और मानव जीवन में उनके न्याय व आदर्शों के महत्व पर प्रकाश डाला। अखिल भारतीय हिंदू संत महासभा के अध्यक्ष जगद्गुरु स्वामी चक्रपाणि जी महाराज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कथा के समापन के उपरांत आयोजित भंडारे में लोगों को प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर अनिता श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, कमल श्रीवास्तव, डॉ. रमेश श्रीवास्तव, मुकेश श्रीवास्तव, गुड्डन श्रीवास्तव, दीपक श्रीवास्तव, नितिन श्रीवास्तव, चित्रांशु निगम, सौरभ श्रीवास्तव रहे।


पीठाधीश्वर डॉ. स्वामी सच्चिदानंद महाराज को भगवान का चित्र भेंट करतीं अनीता श्रीवास्तव।

# 13 दिन से बिजली गुल, ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

**प्रदर्शन:** ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के कर्मचारियों पर पुलिस बुलाकर धमकाने का भी लगाया आरोप




पावर हाउस पर प्रदर्शन करते आक्रोशित ग्रामीण। अमृत विचार

जगदीशपुर (अमेठी)

**अमृत विचार।** 29 अप्रैल को आए तेज आंधी-पानी के बाद क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था अब तक पूरी तरह पटरी पर नहीं लौट सकी है। कई गांवों में टूटे बिजली पोल और क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मरों के कारण हजारों लोग अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। लगातार शिकायतों के बावजूद आपूर्ति बहाल न होने से नाराज ग्रामीणों का गुस्सा सोमवार को फूट पड़ा। सुबह से दोपहर बाद तक बड़ी संख्या में ग्रामीण थौरी विद्युत उपकेंद्र पर जुटे और विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।

भीषण गर्मी में प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बिजली कर्मचारी सुविधा शुल्क लेकर ही लाइन दुरुस्त करने का काम कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना था कि विभाग की ओर से भेजे गए 70 पोल उपभोक्ताओं को अपने खर्चे पर ढोने पड़े। आरोप लगाया कि एक पोल के लिए करीब 900 रुपये तक वसूले गए। प्रदर्शनकारियों ने यह भी आरोप लगाया कि समस्या का समाधान करने के बजाय कर्मचारियों ने डायल-112 पुलिस बुलाकर उन्हें डराने, धमकाने और फंसाने की कोशिश की। थौरी पावर हाउस से जुड़े भूली नगर, सीनेत का पुरवा, पिछूती, कोटे, नसीराबाद, मांझा, कोनिया, पूरे घासी, ऊंचवा, कचनाव, नया पुरवा और अलीनगर समेत दर्जनों पुरवों आदि की करीब 20 हजार आबादी बिजली संकट से प्रभावित बताई जा रही है।

प्रदर्शन के दौरान रमेश मिश्रा, मोहम्मद आरिफ, सुशील मिश्रा, संजय यादव, मनोज मिश्रा, दीनानाथ, रामपाल यादव, सलमान और राजबहादुर यादव समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे। वहीं, उपखंड अभियंता भैयालाल ने बताया कि क्षतिग्रस्त लाइनों को दुरुस्त कराने का कार्य जारी है। सुविधा शुल्क वसूले जाने के आरोप निराधार हैं।

## महिला आरक्षण को लेकर महिला मोर्चा ने दिया धरना

**अमेठी, अमृत विचार।** गौरीगंज स्थित केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय के सामने 33 फीसदी महिला आरक्षण बिल के समर्थन में महिलाओं का आंदोलन सोमवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। सुबह से ही बड़ी संख्या में महिलाएं टेंट के नीचे जुटीं और महिला अधिकारों को लेकर जोरदार नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने कांग्रेस, सपा समेत कई विपक्षी दलों पर महिला आरक्षण के मुद्दे को लेकर उदासीन रवैया अपनाने का आरोप लगाया। धरने पर बैठी महिलाओं का कहना था कि यह आंदोलन केवल राजनीतिक विरोध नहीं, बल्कि महिलाओं की भागीदारी और सम्मान की लड़ाई है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि वर्षों से महिलाओं के अधिकार और सशक्तिकरण की बातें करने वाले दल अब आरक्षण के मुद्दे पर पीछे हटते दिखाई दे रहे हैं। महिलाओं ने आरोप लगाया कि संसद में महिला आरक्षण बिल को लेकर राजनीति की जा रही है, जबकि देश की आधी आबादी लंबे समय से अपने अधिकार की मांग कर रही है। धरने में शामिल महिलाओं ने केंद्र सरकार की पहल का समर्थन करते हुए कहा कि राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ना समय की जरूरत है। उनका कहना था कि पंचायत से लेकर संसद तक महिलाओं को बराबर प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने हाथों में तख्तियां लेकर "महिलाओं को अधिकार दो" और "आरक्षण लागू करो" जैसे नारे लगाए। महिलाओं ने साफ कहा कि जब तक महिला आरक्षण पूरी तरह लागू नहीं होगा, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। प्रदर्शन स्थल पर दिनभर बैठकों और चर्चा का दौर चलता रहा। मौके पर मौजूद लोगों की भीड़ से इलाके में राजनीतिक माहौल भी गर्म बना रहा।, आरती, रानी देवी, पूजा सिंह, ममता तिवारी, रीना यादव, अर्चना मिश्रा, सुनीता देवी और किरण वर्मा।



कांग्रेस कार्यालय के सामने धरने पर बैठीं महिलाएं।

# युवक की गोली मारकर हत्या करने वाला हत्यारोपी गिरफ्तार

संवाददाता, अमेठी

**कार्रवाई**

- पुलिस ने देसी पिस्टल और जिंदा कारतूस बरामद किया

**अमृत विचार।** चार दिन पहले दिनदहाड़े युवक को गोली मार कर मौत के घाट उतारने वाले 25 हजार के इनामी हत्यारोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। रविवार देर रात पीपरपुर पुलिस ने आरोपी सचिन पांडेय को रेलवे स्टेशन पर बने प्रतीक्षालय से गिरफ्तार किया है। उसके पास से हत्या में प्रयुक्त देसी पिस्टल और जिंदा कारतूस बरामद हुआ है।

बताते चलें कि पीपरपुर थाना क्षेत्र के खानापुर गांव का है जहां शुक्रवार की दोपहर दीपक मिश्रा की देसी पिस्तौल से गोली मारकर हत्या कर दी गई। दिनदहाड़े हुई इस वारदात के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया था। घटना के बाद आरोपी सचिन पांडेय मौके से फरार हो गया।आरोपी की गिरफ्तारी के लिए एसपी के निर्देश पर पांच टीमों का गठन किया गया जो लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थी। एसपी ने उस पर 25 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया था। घटना के चौथे दिन देर रात पुलिस ने आरोपी सचिन पांडेय को थाने से महज 1 किलोमीटर दूर पीपरपुर रेलवे स्टेशन पर बने प्रतीक्षालय से गिरफ्तार किया।तलाशी के दौरान उसके पास से हत्या में प्रयुक्त एक देशी पिस्तौल,32 बोर का एक खोखा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। संचिन पांडेय उर्फ नागेंद्र पांडेय पुत्र स्व राजनारायण पांडेय निवासी गौरामाफी थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़ का रहने वाला है।



पुलिस के गिरफ्त में हत्यारोपी।

## न्यूज ब्रीफ

### ब्लाक कांग्रेस कार्यालय में बैठक संपन्न

**महराजगंज (रायबरेली) अमृत विचार:** ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष की अध्यक्षता में इंहौना रोड स्थित कांग्रेस कार्यालय पर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आए जिला उपाध्यक्ष एवं विधानसभा प्रभारी मो. इलियास (मन्नी) एवं सह प्रभारी रामखेलावन पासी द्वारा चर्चा की गई कि एसआईआर के तहत बूथ स्तर पर छूटे नामो तथा भाग छह में नाम बढ़ाए जाने वालों की सूची तैयार होनी है। इस दौरान ब्लाक अध्यक्ष सच्चिदानंद त्रिपाठी, भरत मिश्रा, दिलीप शर्मा, दिनेश मिश्रा, राहुल सिंह, रामचंद्र सिंह, रजत वर्मा, मुकेश कुमार, मनी राम यादव, हनुमान जायसवल, राजकुमार, रवि चंद्र सिंह आदि ने अपने विचार व्यक्त किए।

### तीन युवकों का शांतिभंग में चालान

**जगतपुर (रायबरेली), अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के उड़वा गांव में ब्यूटी पार्लर में घुसकर मारपीट और तोड़फोड़ करने के मामले में पुलिस ने तीन युवकों का शांतिभंग की आशंका में चालान किया है। पीड़िता जरीना बानो पत्नी जहीर का आरोप है कि 9 मई को युवकों ने पार्लर में मारपीट करने के साथ तोड़फोड़ भी की थी। पुलिस ने फुटेज के आधार पर शिवम, सतीश और रौनक की पहचान कर उन्हें हिरासत में लिया। इसके बाद तीनों का शांतिभंग की आशंका में चालान कर दिया गया। थाना प्रभारी पंकज त्यागी ने बताया कि वायरल सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तीन युवकों की पहचान कर कार्रवाई की गई है। मामले में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### पुल निर्माण के लिए किया गया सर्वे

**रायबरेली, अमृत विचार:** राही ब्लॉक क्षेत्र के खुरहटी व ताला बषाढ़ के बीच सई नदी पार करने वालों ने सदर विधायक अदिति सिंह से शिकायत की है। सदर विधायक के निर्देश पर सोमवार को पुल निर्माण के लिए सेतु निगम ने सर्वे किया। इस मौके पर भखरवारा प्रधान प्रतिनिधि शैलेंद्र प्रताप सिंह उर्फ गट्टू सिंह, खुरहटी पूर्व प्रधान शयाम लाल पासी आदि लोग मौजूद रहे।

### पुलिस ने छह वारंटियों को भेजा जेल

**सिंहपुर (अमेठी) अमृत विचार:** शिवरतनगंज पुलिस ने आपरेशन चक्रव्यूह के क्रम में न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय कोर्ट रायबरेली द्वारा जारी गैर जमानती वारण्ट के छः अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। सोमवार को दयाशंकर मिश्रा ने बतायाकि रामकुमार पुत्र परीदीन निवासी ग्राम जैतपुर, इलियास पुत्र मुचुर निवासी शिवरतनगंज, इरशाद पुत्र मुचुर मकसूद पुत्र कल्लू निवासी ग्राम जियापुर थाना इन्हौना, गंगा प्रसाद पुत्र राम नारायण शाहीपुर मजरे सातनपुरवा थाना शिवरतनगंज व अपर प्रधान न्यायालय कुटुम्ब न्यायालय बाराबंकी द्वारा जारी वसूली वारण्ट के अभियुक्त वासिफ अली पुत्र वारिस अली निवासी पूरे शुक्लन मजरे महिया सिन्दुरिया थाना शिवरतनगंज को जेल भेजा है।

### मार्ग दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल

**अमेठी, अमृत विचार:** स्थानीय कोतवाली के अंतर्गत थौरा गांव के पास एक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खड़ी दूसरी बाइक से टकरा गई जिससे एक व्यक्ति घायल हो गया सुमेरपुर निवासी मिठाई लाल अपने घर के ही एक युवक के साथ शादी का सामान लाने सोमवार को दोपहर बाद अमेठी जा रहा था। थौरा गांव के पास उसकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खड़ी बाइक से टकरा गई। जिससे मिठाई लाल घायल हो गया। परिजनों घायल को सीएचसी ले गए।

# रात के अंधेरे में धड़ल्ले से जारी अवैध खनन, जिम्मेदार मौन

जायस (अमेठी)

**दुस्साहस**

- ग्रामीणों ने कहा-शिकायत के बाद नहीं हो रही है कार्रवाई

**अमृत विचार।** जायस कोतवाली क्षेत्र के पूरे उसरहा का पुरवा और मजरे मोहना के बीच इन दिनों रात के अंधेरे में अवैध खनन का खेल तेजी से चल रहा है। आरोप है कि पिछले चार दिनों से लगातार जेसीबी मशीनों और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के जरिए बड़े पैमाने पर मिट्टी का खनन किया जा रहा है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी जान-बूझकर अनजान बने हुए हैं।

ग्रामीणों के मुताबिक देर रात शुरू होने वाला खनन कार्य सुबह तक जारी रहता है। रातभर भारी वाहनों की आवाजाही से लोगों की नींद हराम हो गई है। गांव की सड़कों पर लगातार ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के चलने से धूल उड़ रही है और रास्ते भी खराब होने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद अब तक प्रशासन की ओर से कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों ने बताया कि अवैध खनन के कारण कृषि भूमि और आसपास की सरकारी जमीन को नुकसान पहुंच रहा है। खेतों के किनारे गहरे गड्ढे बनते जा रहे हैं, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। बारिश के दिनों में इन गड्ढों से हादसे होने की आशंका भी जताई जा रही है। सूत्रों का कहना है कि खनन माफिया बेखौफ होकर नियमों को ताक पर रखकर रातभर मिट्टी खनन में जुटे रहते हैं। क्षेत्रीय लोगों में इस बात को लेकर नाराजगी है कि प्रशासन की जानकारी में मामला होने के बावजूद कार्रवाई नहीं हो रही है।

वहीं इस मामले में सीओ दिनेश मिश्रा ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है इसकी जांच कराई जाएगी जांच के बाद आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# सड़क पर नजर नहीं आने चाहिए गोवंश

कमरौली (अमेठी)

**अमृत विचार।** मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू ने जगदीशपुर क्षेत्र के कठौरा में निर्माणाधीन वृहद गोवंश संरक्षण केंद्र और लोशनपुर स्थित अस्थायी गौशाला का निरीक्षण कर अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सड़कों पर कोई भी निराश्रित गोवंश नजर नहीं आना चाहिए और सभी गौशालाओं में क्षमता के अनुरूप संरक्षण अभियान तत्काल चलाया जाए।

सीडीओ ने निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य में लगी संस्थाओं यूपी आरएनएसएस और यूपी सीएलडीएफ के अभियंताओं को सीडीओ ने गुणवत्ता से समझौता न करने और युद्ध स्तर पर निर्माण कार्य पूरा करने की हिदायत दी। लोशनपुर गौशाला में कई गोवंश बिना इयर टैगिंग के मिलने पर सीडीओ ने गहरी नाराजगी जताई और मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।



गौशाला का निरीक्षण करतीं सीडीओ पूजा साहू। अमृत विचार

**सख्ती**

- गोवंश संरक्षण केंद्र के निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने दिए निर्देश

उन्होंने कहा कि नए आने वाले हर गोवंश की 24 घंटे के भीतर टैगिंग और पशु रजिस्टर में प्रविष्टि अनिवार्य रूप से की जाए। गौशाला के निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने अधिकारियों को भूसा, चारा, पेयजल, स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण और साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश भी दिए। साथ ही गौशालाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए खाद बिक्री समेत अन्य आय बढ़ाने वाली गतिविधियों पर जोर दिया। वहीं मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के तहत अधिक से अधिक लाभार्थियों को जोड़ने और नियमित भौतिक सत्यापन सुनिश्चित करने को भी कहा गया।

## सऊदी अरब कमाने गए युवक की मौत पर परिजनों ने की पार्थिव शरीर मंगवाने की मांग

**सिंहपुर (अमेठी) अमृत विचार।** इन्हौना थाना क्षेत्र के गांव मंझीटा मजरे आजादपुर निवासी युवक की सऊदी अरब मे मौत हो गई। सऊदी अरब से युवक अजहर 45 वर्ष की मौत की खबर पहुंचते ही परिजनों मे कोहराम मच गया। अजहर परिवार के जीविकोपार्जन व बच्चों के बेहतर भविष्य की उम्मीद में कर्ज लेकर सऊदी अरब कमाने गए थे। वह दम्माम शहर में रहकर नौकरी कर रहे थे। मृतक के रिश्तेदार मो0 अरमान ने बतायाकि रविवार को अचानक अजहर की तबीयत खराब हो गई, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान अजहर की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। अजहर अपने पीछे पत्नी और चार छोटे-छोटे बच्चों को छोड़ गए हैं। परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के रिश्तेदार मोहम्मद अरमान ने भारत सरकार और सऊदी अरब प्रशासन से अपील की है कि अजहर का पार्थिव शरीर जल्द से जल्द भारत भेजा जाए। साथ ही परिवार को आर्थिक सहायता और हर संभव मदद उपलब्ध कराई जाए, ताकि बच्चों का भविष्य सुरक्षित रह सके। एसओ विवेक सिंह ने बतायाकि अभी तक इस मामले की कोई जानकारी नहीं है।

## मतदाता सूची की गड़बड़ियों और क्षेत्रीय जन समस्याओं को लेकर कांग्रेस चलाएगी अभियान




कांग्रेस कार्यालय में आयोजित बैठक के दौरान मौजूद कार्यकर्ता। अमृत विचार

**शिवगढ़ (रायबरेली) अमृत विचार।** भवानीगढ़ चौराहा स्थित ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में शिवगढ़ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिनेश यादव की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में मतदाता सूची के सत्यापन और क्षेत्रीय जनसमस्याओं को लेकर चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि मतदाता सूची में शामिल डबल नामों और मृतक मतदाताओं के नाम हटवाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसके साथ ही बिजली, पानी, सड़क और स्वास्थ्य जैसी समस्याओं को लेकर जल्द धरना-प्रदर्शन करने की रणनीति बनाई गई। जिला उपाध्यक्ष एवं विधानसभा बछरावां प्रभारी मो. इलियास ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता जनता की समस्याओं को लेकर संघर्ष करेंगे और प्रशासन तक आवाज पहुंचाएंगे। बैठक के आयोजन में रामखेलावन, पल्टू पासी, अंजली पासी, राजेंद्र मिश्रा, संजय सिंह, सत्येंद्र पासी आदि कई लोग मौजूद रहे।

# प्रधान ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

लालगंज (रायबरेली)

**अमृत विचार।** उत्तरा गौरी ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान विजयपाल ने गांव के एक व्यक्ति पर विकास कार्यों में बाधा डालने और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। सोमवार को प्रधान ने करीब आधा सैकड़ा ग्रामीणों के साथ ब्लॉक मुख्यालय पहुंचकर खंड विकास अधिकारी गगनदीप सिंह को ज्ञापन सौंपा। प्रधान का कहना है कि वह अनुसूचित जाति से हैं और इसी कारण एक व्यक्ति पिछले पांच वर्षों से लगातार उनके खिलाफ निराधार शिकायतें कर रहा है।

प्रधान के अनुसार संबंधित व्यक्ति सार्वजनिक हितों की अनदेखी कर निजी कार्य कराने का दबाव बनाता है। मना करने पर झूठी शिकायतें कर विकास कार्यों में अवरोध उत्पन्न किया जाता है। आरोप है कि शिकायत वापस लेने और कार्य न रुकवाने के बदले अवैध धन की मांग भी की जाती है। विजयपाल ने बताया कि कुछ वार्ड सदस्यों को गुमराह कर उन पर इंडिया मार्का हैंडपंप की मरम्मत न कराने का गलत आरोप लगाया गया है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पर कार्रवाई की मांग की है। बीडीओ ने निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया है। ज्ञापन देने वालों में बृजेश मौर्य, हनुमान, नायक सिंह, वृंदावन, शंकर साहू, अजय कुमार, सुंदरलाल मौर्य, रमेश सिंह, सावित्री देवी, रानी देवी, राम सजीवन, अनुराग, राजा राम, शिव कुमार आदि लोग मौजूद रहे।



बीडीओ को ज्ञापन सौंपते ग्राम प्रधान उतरा गौरी और अन्य लोग। अमृत विचार

# 10 किमी तक लेटकर पिता-पुत्र पहुंचे मां कालिका धाम

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** "जय कालिका माता" का उद्घोष करते हुए सोमवार तड़के करीब तीन बजे घर से मां कालिका धाम के दर्शन के लिए दंडवत यात्रा करते हुए संग्रामपुर के बांसूपुर मजरे महसौ निवासी संतोष कुमार यादव और उनके पुत्र ओम प्रकाश यादव ने पिता-पुत्र ने दोनों जमीन पर साष्टांग दंडवत करते हुए आगे बढ़ रहे हैं। यात्रा का तरीका बेहद कठिन है। जहां तक शरीर पहुंचता है, वहां साथी निशान लगा देते हैं और फिर वहीं से अगली दंडवत शुरू होती है। इसी तरह लेटते-उठते करीब 10 किलोमीटर की दूरी तय की जा रही है।

रास्ते भर परिजन और रिश्तेदार "जय कालिका माता" के जयकारे लगाते हुए उनके साथ चल रहे हैं। कसारा गांव पहुंचते-पहुंचते संतोष यादव के हाथ-पैर जख्मी हो गए। घावों पर कपड़ा बांधने के बाद भी उन्होंने यात्रा नहीं रोकी और "जय कालिका माता" का उद्घोष करते हुए आगे बढ़ते रहे। तेज धूप और तपती सड़क भी उनकी आस्था को डिगा नहीं सकी। रास्ते में अत्यधिक थकान होने पर साथ चल रहे लोग उन्हें पानी पिलाते रहे, लेकिन दोनों ने दर्शन से पहले अन्न ग्रहण न करने का संकल्प लिया है। ओम प्रकाश यादव ने बताया कि मां का बुलावा आने पर वे अपने पिता के साथ यात्रा पर निकल पड़े हैं।

## आंगनबाड़ी कार्यकत्री को दी गई विदाई




कांग्रेस कार्यालय में आयोजित बैठक के दौरान मौजूद कार्यकर्ता। अमृत विचार

**खीरों, रायबरेली) अमृत विचार।** खीरों विकास क्षेत्र की ग्राम सभा शिवपुरी में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकत्री निर्मला देवी के सेवानिवृत्त होने पर सोमवार को सम्मान समारोह एवं विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों, सहकर्मियों और विद्यालय के शिक्षकों ने उनके लंबे सेवाकाल तथा समाज के प्रति समर्पण की सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि निर्मला देवी ने बच्चों, महिलाओं और ग्रामीणों के हित में पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी से कार्य किया। सीडीपीओ ने उनके सेवाभाव को अन्य कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत बताया। विदाई समारोह के दौरान उन्हें स्मृति चिन्ह और उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर ग्राम प्रधान महेन्द्र सिंह, शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## 16 वारंटियों को गिरफ्तार कर भेजा न्यायालय

**संग्रामपुर (अमेठी) अमृत विचार।** थाना संग्रामपुर पुलिस ने सोमवार को न्यायालय से जारी वारंटों के अनुपालन में अभियान चलाकर 16 वारंटियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की। गिरफ्तार वारंटियों में तीन महिलाएं भी शामिल रहीं। पुलिस द्वारा सभी को मेडिकल परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर लाया गया, जिससे अस्पताल परिसर में काफी भीड़ देखने को मिली।थाना प्रभारी संग्रामपुर संजय सिंह ने बताया कि थाना संग्रामपुर एवं टीकरमाफी चौकी क्षेत्र में लंबे समय से वांछित चल रहे वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कुल 16 वारंटियों को गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया गया।उन्होंने बताया कि अभियान को सफल बनाने में पुलिस टीम ने लगातार अथक प्रयास किया।

**आयोजन** | सेंट जेवियर इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

# ताइक्वांडो चैंपियनशिप में विद्यार्थियों ने जीते स्वर्ण व रजत पदक

लालगंज (रायबरेली)

**अमृत विचार।** प्रथम ओपन स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2026 में सेंट जेवियर इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय को गौरवान्वित किया। विद्यालय के खिलाड़ियों ने अपने अदम्य साहस, अनुशासन एवं उत्कृष्ट खेल कौशल का परिचय देते हुए प्रतियोगिता में कुल 8 स्वर्ण पदक एवं 4 रजत पदक प्राप्त किए।

स्वर्ण पदक विजेता विद्यार्थियों में वैष्णवी रंजन, कल्याणी त्रिपाठी, अद्रिका यादव, आदित्य कुमार पाल, सौर्य आनंद, राघव पांडे, आयुष कुमार एवं विहान गर्ग शामिल रहे। वहीं रजत पदक विजेता विद्यार्थियों में हर्षिता, ह्र्यांश मिश्रा, अभ्युदय शर्मा एवं राजवीर दीप चौधरी शामिल रहे। प्रबंध निदेशक प्रशांत चंद्रा, शैक्षणिक निदेशक देवेंद्र कुमार झा, प्रबंधक करुणेश सिंह, प्रधानाचार्य डॉ. अविनाश कुमार, कोच एसी कर्माकर एवं डिम्पी तिवारी ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी।




स्वर्ण और रजत पदक के साथ विद्यार्थी और स्कूल के अधिकारी। अमृत विचार

**सोमनाथ गौरव अमृत महोत्सव पर्व पर विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा, जगतपुर:** राना बेनी माधव सिंह स्मारक इंटर कॉलेज, शंकरपुर में सोमवार को सोमनाथ गौरव अमृत महोत्सव पर्व धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने निबंध लेखन, प्रश्नोत्तरी, रंगोली, संगीत और गायन प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय परिसर देशभक्ति और सांस्कृतिक चेतना से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम में सोमनाथ मंदिर के इतिहास, महत्व और गौरवगाथा पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट सत्येंद्र कुमार ने कहा कि ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति और गौरवशाली इतिहास से जोड़ते हैं। इस दौरान सोमनाथ मंदिर पर आधारित एनीमेटेड फिल्म का प्रदर्शन और सांस्कृतिक संवाद कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।



राना बेनी माधव सिंह स्मारक इंटर कॉलेज में आयोजित प्रतियोगिता में शामिल बच्चे।

## मनाया गया नेशनल टेक्नोलॉजी डे

**रायबरेली।** न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मन्दिर में 'नेशनल टेक्नोलॉजी डे' के अवसर पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्कूल की छात्राएं मंतशा, आकृति, सिद्धी और जान्हवी ने टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों का ब्यौरा पेश किया। प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह ने कहा कि आज का समय विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी का है, आवश्यकता है छात्र-छात्राओं में वैज्ञानिक सोच विकसित करने की। यदि आप भी कुछ नई सोच के तहत कुछ नया करने के इच्छुक हैं तो विद्यालय हर संभव आपकी मदद करने के लिए सदैव तत्पर है। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## विस्तार के संदेश

उत्तर प्रदेश में लंबे इंतजार के बाद हुआ मंत्रिमंडल विस्तार आगामी विधानसभा चुनावों से पहले भाजपा की व्यापक राजनीतिक रणनीति का हिस्सा है। मुख्यमंत्री की टीम में छह नए चेहरों को शामिल करना और दो मंत्रियों को पदोन्नति देना इस बात का संकेत है कि भाजपा चुनाव से पहले संगठन, सरकार और सामाजिक समीकरणों के बीच नया संतुलन स्थापित करना चाहती है। यह विस्तार ऐसे समय हुआ है जब राज्य में चुनावी तैयारियां तेज हो चुकी हैं और हर राजनीतिक दल अपने सामाजिक आधार को मजबूत करने में जुटा है।

2017 से ही योगी सरकार स्थिर और प्रभावी काम कर रही है फिर भी विस्तार की आवश्यकता इसलिए थी, क्योंकि कोई भी सरकार चुनाव से पहले उपलब्धियों के भरोसे रहने के साथ सामाजिक प्रतिनिधित्व, क्षेत्रीय असंतोष और संगठनात्मक संदेशों को भी संतुलित करने का प्रयास करती है। भाजपा समझती है कि उत्तर प्रदेश जैसा विशाल और विविध राज्य केवल प्रशासनिक प्रदर्शन से नहीं, बल्कि जातीय, क्षेत्रीय और राजनीतिक सहभागिता के संतुलन से भी संचालित होता है। विस्तार का सबसे बड़ा सकारात्मक पहलू यह है कि इसमें विभिन्न सामाजिक समूहों और क्षेत्रों को प्रतिनिधित्व देने का प्रयास है। गैर-यादव पिछड़ा वर्ग, गैर-जाटव दलित समुदायों और क्षेत्रीय जातीय समूहों के बीच आधार मजबूत करती जा रही, भाजपा ने मंत्रिमंडल विस्तार के जरिए इन वर्गों को यह संदेश दिया गया कि सरकार में उनकी भागीदारी बनी हुई है। यह केवल सत्ता-साझेदारी नहीं, बल्कि चुनावी मनोविज्ञान का भी हिस्सा है। नए मंत्री अगले नौ महीनों में नई नीतियां बनाने, लागू करने, उनके परिणाम जमीन पर दिखाने का विकासात्मक चमत्कार संभवतः नहीं कर पाएंगे। ऐसे में इस विस्तार का उद्देश्य तत्काल प्रशासनिक बदलाव से अधिक राजनीतिक और मनोवैज्ञानिक प्रभाव पैदा करना लगता है।

नए मंत्री अपने विभागों के जरिए स्थानीय स्तर पर सक्रियता बढ़ाएंगे, संगठन और सरकार के बीच संपर्क मजबूत करेंगे और चुनाव से पहले सरकार के पक्ष में वातावरण बनाएंगे, हालांकि इस प्रक्रिया का एक दूसरा पक्ष भी है। जिन मंत्रियों के विभागों का कार्यभार कम किया जाएगा, उनके बारे में यह संदेश जा सकता है कि वे अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए, लेकिन राजनीति में यह केवल 'असफलता' का संकेत नहीं होता; कई बार यह चुनावी संतुलन साधने की अनिवार्यता भी होती है। भाजपा नेतृत्व संभवतः यह संदेश देना चाहता है कि सरकार गतिशील है और समय-समय पर बदलाव करने को तैयार है। मंत्रियों की संख्या और गुड गवर्नेंस में कोई सीधा संबंध नहीं है। अधिक मंत्री बना देने से शासन बेहतर नहीं हो जाता। प्रशासनिक दक्षता अंततः निर्णय क्षमता, नौकरशाही के साथ समन्वय और नीतियों के क्रियान्वयन पर निर्भर करती है। फिर भी बड़े मंत्रिमंडल कई बार बेहतर राजनीतिक प्रतिनिधित्व तो देते हैं, हालांकि समन्वय की जटिलताएं भी बढ़ाते हैं। मंत्रिमंडल विस्तार से सरकारी खर्च बढ़ता है। नए मंत्रियों के कार्यालय, स्टाफ, सुरक्षा और सुविधाओं पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है, लेकिन भारतीय राजनीति में इसे अक्सर 'राजनीतिक निवेश' के रूप में देखा जाता है, खासकर चुनावी वर्ष में।

### प्रसंगवश

## गंभीर चेतावनी हैं खुदकुशी के बढ़ते हुए आंकड़े

भारत जैसे युवा और संभावनाओं से भरे देश में आत्महत्या के बढ़ते मामले केवल आंकड़े नहीं हैं, बल्कि वे समाज, अर्थव्यवस्था और व्यवस्था के सामने खड़े गहरे संकट का संकेत हैं। जब कोई व्यक्ति जीवन से हार मानकर इतना कठोर कदम उठाता है, तो यह केवल एक व्यक्तिगत त्रासदी नहीं होती, बल्कि परिवार, समाज और पूरे देश के लिए चिंतन का विषय बन जाती है।

नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्टें लगातार यह संकेत दे रही है कि देश में आत्महत्या के मामलों में कमी आने के बजाय कई वर्षों से बढ़ोतरी देखी जा रही है। सबसे अधिक चिंता की बात यह है कि इन मामलों में युवाओं, छात्रों, किसानों, मजदूरों, छोटे कारोबारियों और नौकरीपेशा और गृहणियों की संख्या भी उल्लेखनीय है। यह स्थिति बताती है कि समस्या किसी एक वर्ग तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के लगभग हर हिस्से को प्रभावित कर रही है।



संजीव मेहरोत्रा
रिटायर्ड बैंककर्मी

आत्महत्या के पीछे कारण अनेक हैं। आर्थिक असुरक्षा, बेरोज़गारी, बढ़ती महंगाई, कर्ज़ का बोझ, नौकरी का तनाव, पारिवारिक विवाद, सामाजिक दबाव और भविष्य को लेकर अनिश्चितता— ये सभी मिलकर व्यक्ति को मानसिक रूप से कमजोर कर सकते हैं। इसके साथ ही अकेलापन और डिप्रेशन जैसी मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियां भी बड़ी भूमिका निभाती हैं। दुखद यह है कि आज भी मानसिक स्वास्थ्य को लेकर समाज में खुलकर बात करने की संस्कृति पूरी तरह विकसित नहीं हो सकी है।

विशेष रूप से युवाओं और छात्रों के बीच बढ़ती प्रतिस्पर्धा, परीक्षा और करियर का दबाव, सामाजिक तुलना और डिजिटल दुनिया में सफलता की कृत्रिम छवि कई बार मनोवैज्ञानिक दबाव को और बढ़ा देती है। दूसरी ओर किसानों और मजदूरों के सामने आय की अस्थिरता, बढ़ती लागत और सामाजिक सुरक्षा की कमी जैसी समस्याएं हैं। यह स्पष्ट है कि आत्महत्या केवल मानसिक स्वास्थ्य का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक न्याय से जुड़ा प्रश्न भी है।

सरकार ने मेंटल हेल्थ एक्ट 2017 जैसे कदमों के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य को अधिकार के रूप में स्वीकार किया है, लेकिन ज़मीनी स्तर पर अभी बहुत काम बाकी है। जिला स्तर तक काउंसलिंग सेवाएं, हेल्पलाइन, स्कूल-कॉलेजों में मनोवैज्ञानिक सहायता, कार्यस्थलों पर तनाव प्रबंधन और संकटग्रस्त परिवारों के लिए सामाजिक सुरक्षा तंत्र को मजबूत करना समय की मांग है।

समाज को भी अपनी भूमिका समझनी होगी। परिवारों में संवाद, मित्रों के बीच संवेदनशीलता, कार्यस्थलों पर मानवीय माहौल और समुदाय स्तर पर सहयोग की संस्कृति कई जिंदगियां बचा सकती हैं। किसी व्यक्ति की चुप्पी, उदासी या व्यवहार में बदलाव को नजरअंदाज करना कभी-कभी भारी पड़ सकता है।

आत्महत्या के बढ़ते आंकड़े हमें यह याद दिलाते हैं कि विकास केवल आर्थिक वृद्धि से नहीं मापा जा सकता। वास्तविक विकास वही है, जिसमें हर नागरिक को सम्मान, सुरक्षा, अवसर और उम्मीद मिले। यह समय आंकड़ों पर हैरान होने का नहीं, बल्कि उन कारणों को दूर करने का है, जो लोगों को जीवन से निराश कर रहे हैं। तभी एक स्वस्थ, संवेदनशील और आत्मविश्वासी समाज का निर्माण संभव होगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## भारत-रूस व्यापार में अवसर और अवरोध





विवेक शुक्ला
पूर्व प्रधान सूचना अधिकारी
यूएई एंबेसी

भारत निकट भविष्य में रूस के साथ अपने आपसी व्यापार को सालाना 100 अरब डॉलर तक बढ़ाने का लक्ष्य रखता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर दोनों ही इस लक्ष्य के प्रति भारत की मजबूत प्रतिबद्धता स्पष्ट कर चुके हैं। इस बीच, दुनिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और युद्धों के कारण वैश्विक व्यापार के रिश्ते तेजी से बदल रहे हैं। इन्हीं बदलावों के बीच रूस, भारतीय निर्यातकों के लिए एक साथ बड़ा अवसर और बड़ी चुनौती बनकर सामने आया है।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 23 मार्च 2026 को कहा, 'दोनों पक्ष वर्तमान वार्षिक व्यापार को 68.7 अरब डॉलर से बढ़ाकर 2030 तक 100 अरब डॉलर तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, लेकिन संतुलित तरीके से।' उन्होंने गैर-टैरिफ बाधाओं को दूर करने, नियामक अड़चनों को समाप्त करने, भारत की कुशल कार्यशक्ति का लाभ उठाने और भारत-यूरेशियन इकोनॉमिक यूनियन मुक्त व्यापार समझौते की प्रगति पर जोर दिया।

यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद पश्चिमी कंपनियां रूस से लगभग पूरी तरह दूर हो गई हैं। इसके परिणामस्वरूप वहां मशीनरी, इलेक्ट्रॉनिक्स, दवाइयां, रसायन, कपड़ा, खाद्य उत्पाद, इंजीनियरिंग सामान और औद्योगिक उपकरणों की भारी कमी पैदा हो गई है। रूसी खरीदार अब भारतीय आपूर्तिकर्ताओं को सक्रिय रूप से बुला रहे हैं। कम प्रतिस्पर्धा, अच्छी मांग और ज्यादा मुनाफे की संभावना साफ नजर आ रही है।

> दुनिया में भू-राजनीतिक तनाव और युद्ध के कारण व्यापार के रिश्ते तेजी से बदल रहे हैं। इसी बदलाव के बीच रूस, भारतीय निर्यातकों के लिए एक साथ बड़ा मौका और बड़ी चुनौती बनकर सामने आया है।

वाणिज्य मंत्रालय के जानकारों के अनुसार, इस आकर्षण के पीछे एक गंभीर मसला भी छिपा हुआ है। अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंधों का जाल, भुगतान व्यवस्था में आने वाली जटिलताएं, छिपे हुए अंतिम उपयोगकर्ता और कंपनी की प्रतिष्ठा को लगने वाला लंबा नुकसान किसी भी निर्यातक के लिए भारी पड़ सकता है।

वित्त वर्ष 2024-25 में भारत-रूस के बीच द्विपक्षीय व्यापार रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचकर 68.7 अरब डॉलर तक पहुंच गया। इसमें भारतीय निर्यात करीब 4.9 अरब डॉलर रहा, जबकि आयात- जो मुख्य रूप से कच्चे तेल, पेट्रोलियम उत्पाद, खाद और अन्य वस्तुओं से बना है- 63.8 अरब डॉलर रहा। दोनों देशों ने 2030 तक 100 अरब डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार लक्ष्य तय किया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पांच दिसंबर 2025 को आशावादी स्वर में कहा कि भारत और रूस को 2030 तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा। वे इससे पहले ही 100 अरब डॉलर के लक्ष्य को पार कर सकते हैं। उन्होंने रूस से ज्यादा निवेश आमंत्रित किया और दोनों देशों के आर्थिक संबंधों में चल रही तेज रफ्तार को रेखांकित किया।

भारत के रूस राजदूत विनय कुमार ने भरोसा जताते हुए कहा, 'भारत और रूस 2030 तक 100 अरब डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहे हैं। यह लक्ष्य पूरी तरह संभव है।' उन्होंने उर्वरक, कृषि, इंजीनियरिंग क्षेत्र में नई वस्तुओं के निर्यात और दोनों देशों की अपनी मुद्राओं के ज्यादा उपयोग पर विशेष जोर दिया। यह बढ़ता व्यापार भारतीय निर्यातकों को स्वाभाविक रूप से आकर्षित कर रहा है। जब हम रूस से इतना ज्यादा सामान खरीद रहे हैं, तो निर्यात बढ़ाकर संतुलन क्यों न बनाया जाए? यहां एक महत्वपूर्ण अंतर समझना बहुत जरूरी है।

2022 के बाद रूस एक सामान्य बाजार नहीं रहा है। सामान अक्सर सिविलियन उपयोग के नाम पर भेजा जाता है, लेकिन मध्यस्थों के जरिए उसे दूसरी दिशा दी जा सकती है। भुगतान घुमावदार रास्तों से होता है और अंतिम उपयोगकर्ता अक्सर छिपे रहते हैं। अमेरिकी प्रतिबंधों का असर भी भारतीय कंपनियों पर पड़ चुका है। 30 अक्टूबर 2024 को अमेरिकी ट्रेजरी विभाग के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय (OFAC) ने रूस-यूक्रेन युद्ध से जुड़े प्रतिबंधों के उल्लंघन के आरोप में 21 भारतीय संस्थाओं (19 कंपनियां और 2 व्यक्ति) पर प्रतिबंध लगा दिए। भारत सरकार ने इन घटनाओं पर गंभीरता से संज्ञान लिया। संसद में इस पर चर्चा हुई।

28 नवंबर 2024 को राज्यसभा में अनस्टार्ड प्रश्न संख्या 412 के जवाब में विदेश मंत्रालय के राज्य मंत्री श्री कीर्ति वर्धन सिंह ने इसकी पुष्टि की। 20 दिसंबर 2024 को लोकसभा में भी इस संबंध में जानकारी दी गई। सितंबर 2025 में अमेरिकी उद्योग और सुरक्षा ब्यूरो ने एक भारतीय कंपनी को काली सूची में डाल दिया, क्योंकि वह अमेरिकी मूल की वस्तुएं रूस भेज रही थी। ये उदाहरण साफ बताते हैं कि भारतीय कंपनियों को रूस के साथ काम करते समय बहुत सोच-समझकर कदम उठाना होगा।

भारत एकतरफा प्रतिबंधों को मान्यता नहीं देता और अपनी ऊर्जा सुरक्षा को प्राथमिकता देता है। जैसा कि राजदूत विनय कुमार ने कहा, भारत अपने 1.4 अरब नागरिकों की सेवा के लिए जहां बेहतर सौदा मिले, वहां से सामान खरीदेगा। फिर भी निजी क्षेत्र के लिए संदेश बहुत स्पष्ट है। ड्यू डिलीजेंस सिर्फ इनवॉइस या बुनियादी रजिस्ट्रेशन जांच तक सीमित नहीं होनी चाहिए। कम जोखिम वाले उपभोक्ता सामान, कुछ दवाइयां और खाद्य उत्पाद सामान्य सावधानी के साथ भेजे जा सकते हैं, लेकिन बड़े औद्योगिक सामान या संवेदनशील उत्पादों में अंतिम उपयोगकर्ता की पूरी जांच, भुगतान की पारदर्शिता और कानूनी अनुपालन अनिवार्य है।

विदेश मंत्री एस जयशंकर कहते हैं कि भारत रूस के साथ गहरे और टिकाऊ संबंध चाहता है, लेकिन लंबे समय के हितों से कभी समझौता नहीं करेगा। जो निर्यातक सख्त नियमों का पालन करेंगे, वे मौजूदा समय में अच्छा फायदा उठा सकते हैं। जो बिना सोचे-समझे कदम उठाएंगे, वे खुद को नुकसान पहुंचा सकते हैं। गंभीर भारतीय व्यवसायी रूस को अवसर और परीक्षा दोनों की तरह देख रहे हैं। वे जहां सुरक्षित हो, वहां लाभ कमाएंगे और पूरे उद्यम को प्रतिबंधों के जाल से बचाकर रखेंगे। बढ़ी हुई जांच के इस दौर में सतर्कता कोई विकल्प नहीं, बल्कि टिकाऊ वैश्विक व्यापार की अनिवार्य शर्त है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### आमने



ममता बनर्जी की हार देखकर भी अखिलेश यादव को सबक नहीं मिल रहा है। पंजाब में अकाली दल, महाराष्ट्र में शिव सेना जैसे क्षेत्रीय दलों का हश्र क्या हुआ है। बीजेपी उन्हें भी खा जाएगी। देश में राहुल गांधी ही एकमात्र नेता हैं, जो भाजपा से मुकाबला कर सकते हैं।

–इमरान मसूद
कांग्रेस सांसद

### सामने



कांग्रेस नेता को सपा को नसीहत देने से बचना चाहिए। ऐसे बयान का सीधा लाभ भाजपा को मिलता है। 37 वर्षों तक समाजवादियों ने ही भाजपा और सांप्रदायिक शक्तियों से मुकाबला किया है। सपा ने हमेशा लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष मूल्यों की रक्षा के लिए संघर्ष किया है।

–हाजी फजलुर्रहमान
सपा नेता

## क्रूज कल्चर: जितना रोमांच उतनी ही चुनौतियां



अजय दयाल
हल्द्वानी

मध्यप्रदेश के जबलपुर (बरगी बांध) में हुए हादसे के बाद भारत में तेजी से बढ़ता क्रूज कल्चर सवालों के घेरे में है, दरअसल तैयारी भारत को 2029 तक एक प्रमुख क्रूज पर्यटन स्थल में बदलने की है। इस बीच ऐसा हादसा वाकई सचेत करने वाला है, जिसमें 13 पर्यटकों की जान चली गई और तमाम यात्रियों की जिंदगी जैसे-तैसे बची। अब सवाल यह है सुरक्षा की नजर से क्रूज के मानक क्या तय किए गए हैं। जैसे- उसमें लोगों को बैठाने की संख्या, सेफ्टी जैकेट या अन्य उपकरण, मेनटेनेंस, जिसमें उसके संचालन की समय सीमा भी तय हो? बीस साल पुराने क्रूज में अगर यह सबकुछ तय था, तो दुर्घटना के बिंदुओं को चिह्नित करना ही होगा।

अब इस संबध में सरकारी नीतियों पर गौर करें, तो पाएंगे कि सरकार द्वारा बंदरगाह शुल्कों को तार्किक बनाना, ई-वीजा की सुविधा देना और आधुनिक क्रूज टर्मिनलों का निर्माण करना, जैसे कदम इंडस्ट्री को बढ़ावा दे रहे हैं। इसी कड़ी में पर्यावरण के अनुकूल विकल्प भी तलाशे जा रहे हैं। जैसे दिल्ली और अन्य जगहों पर अब सोलर और इलेक्ट्रिक हाइब्रिड क्रूज भी उतारे जा रहे हैं, लेकिन क्रूज कल्चर के विस्तार के साथ ही सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करना एक गंभीर विषय बना हुआ है। यह विषय और भी संजीदा हो जाता है, जबकि हाल ही में मध्य प्रदेश के जबलपुर में बरगी बांध में क्रूज हादसा हुआ। यह हादसा इस सेक्टर में कड़े सुरक्षा नियमों पर मंथन करने पर विवश करता है। गंगा जैसी पवित्र नदियों पर व्यावसायिक क्रूज के संचालन को लेकर कुछ स्थानीय और धार्मिक असंतोष की बातें भी सामने आती रही हैं।

> भारत में क्रूज कल्चर को बढ़ावा देने के पीछे बढ़ती आय और बदलता लाइफस्टाइल है। युवाओं में अब पारंपरिक वेकेशन के बजाय लग्जरी और थीम-बेस्ड यात्राओं का क्रेज बढ़ा है।

हम पर्यटन इंडस्ट्री में बूम लाने को समुद्र के ग्लैमर को छोटी नदी तक उतारने को आमादा हैं, दरअसल इसमें दो राय नहीं कि भारत में क्रूज कल्चर को बढ़ावा देने के प्रमुख कारण बढ़ती आय और बदलता लाइफस्टाइल है। खासकर मध्यम वर्ग और युवाओं में अब पारंपरिक वेकेशन के बजाय लग्जरी और थीम-बेस्ड यात्राओं का क्रेज बढ़ा है। पहले यह धनवान कहे जाने वालों तक सीमित था। इस क्षेत्र को समझें तो पाते हैं कि भारत क्रूज भारत मिशन (सीबीएम), मैरीटाइम इंडिया विजन (एमआईवी-2030) और आईडब्ल्यूएआई के नेतृत्व वाली नई साझेदारियों के माध्यम से क्रूज पर्यटन को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिसका लक्ष्य नदियों और तटों पर एक वैश्विक केंद्र बनना है।

इस कल्चर का उद्देश्य भी समझ लीजिए। यह छुट्टियों में घूमने का आनंद उठाने एक विकल्प है, जो समुद्री क्रूज और नदी क्रूज (अंतर्देशीय जलमार्गों पर) के माध्यम से यात्रा, आतिथ्य और दर्शनीय स्थलों को जोड़ने के साथ एक अनूठा सुखद अनुभव देता है। भारत का प्राकृतिक विस्तार इस इंडस्ट्री का आधार है, दरअसल भारत की 7,500 किलोमीटर लंबी तटरेखा है, 12 प्रमुख और लगभग 200 छोटे बंदरगाह हैं और 111 राष्ट्रीय जलमार्ग हैं, जो 20,000 किलोमीटर से अधिक नौगम्य नदियों और नहरों को कवर करते हैं। 1,300 से अधिक द्वीप और तटीय राज्य भारत की समुद्री और अंतर्देशीय क्रूज पर्यटन क्षमता को बढ़ावा देते हैं।

जमीनी तौर पर समझें तो पाते हैं कि दिल्ली में यमुना के लिए इलेक्ट्रिक-सोलर हाइब्रिड नावों का उपयोग करके चार किलोमीटर लंबी पर्यावरण-अनुकूल क्रूज विकसित करने के लिए आईडब्ल्यूएआई और दिल्ली सरकार के बीच मार्च 2025 में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे, वहीं उसी समय जम्मू और कश्मीर के चेनाब, झेलम और रावी पर क्रूज विकास के लिए समझौता किया गया। इसी तरह मध्य प्रदेश और गुजरात में त्रिपक्षीय समझौते के तहत कुक्षी-सरदार सरोवर मार्ग पर क्रूज सेवाएं शुरू की गईं।

सच पूछिए तो क्रूज कल्चर के माध्यम से पर्यटन इंडस्ट्री को बूस्ट करना नदी क्रूज पर्यटन रोडमैप 2047 के तहत है। इसे समुद्री अमृत काल विजन 2047 के हिस्से के रूप में भी हम समझ सकते हैं। इसी कारण भारत को 2029 तक एक प्रमुख क्रूज पर्यटन स्थल में बदलने के उद्देश्य से 2024 में सीबीएम की शुरुआत की गई थी। बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय के नेतृत्व में इसका लक्ष्य वित्त वर्ष 2023-24 में 4.71 लाख से क्रूज यात्री यातायात को 2029 तक दोगुना करना है। इस मिशन को 3 चरणों में कार्यान्वित किया जाएगा, जिसमें टर्मिनल विकास, डिजिटलीकरण, डीकार्बोनाइजेशन और क्षेत्रीय गठबंधन (यूएई, मालदीव, सिंगापुर) शामिल हैं।

वहीं, एमआईवी, 2030 का लक्ष्य अगले दशक में आठ गुना वृद्धि के लक्ष्य के साथ भारत को एक प्रमुख वैश्विक क्रूज पर्यटन केंद्र बनाना है। यह महासागरीय, तटीय, द्वीपीय और अंतर्देशीय क्रूज विकास पर केंद्रित होगा, जबकि, 2047 के लिए एक राष्ट्रीय क्रूज अवसंरचना मास्टर प्लान और ई-वीजा और ई-क्लियरेंस जैसी पहल का उद्देश्य कनेक्टिविटी और पर्यटन को बढ़ावा देना है।

### सोशल फोरम

## जो 'मृत' है वही स्मृति है

मृत्यु लेख कोई कैसे लिखे... मित्र!

किसी के जाने पर सबसे पहले कौन सी स्मृति सामने आती है?

स्मृति....'स्मृत' में जो 'मृत' है वही स्मृति है... इसमें अच्छा या बुरा कुछ नहीं होता, हो ही नहीं सकता, सिर्फ उदासी के लिबास में लिपटी स्मृति होगी।



डॉ. शोभा जैन
लेखिका

फिर

मृत्यु लेख कोई कैसे लिखे... मित्र!

मृत्यु तो मौन सत्य है उस पर मौन ही रहा जा सकता है। या फिर कोई ऐसा शोक गीत जो मेरी अनुभूति में केवल स्मृति प्रधान बन सके।

कुछ लोगों की मृत्यु एकल नहीं होती, उनके साथ बहुत कुछ अंतिम रूप ले लेता है। उनकी मृत्यु का कोई समय नहीं लिख सकती मैं। वे जब भी जाते उनका जाना 'असमय' ही लिखा जाता मेरी ओर से...।

मिलान कुंदेरा के शब्दों में-

'विस्मृति के विरुद्ध स्मृति का संघर्ष है।'

इसे लिखने का अर्थ समय की अनंत अवधारणा में उतरना। यह समय-मीमांसा है। देखने में जितनी व्यावहारिक अनुभव होती है उतनी है नहीं।

मेरे लिए इस शोक को शब्दों में उतारने का अर्थ एक ऐसा अनुवाद करना, जो मेरे जैसे एकल भाषा-भाषी के लिए संभव ही नहीं।

दुख या शोक का कोई अनुवाद भला कैसे करे?

कौन सी भाषा के सांचे में ढालूंगी उसे.. क्या वे शब्द उस देह को कंपन दे सकेंगे?

लिखते हुए कुछ भ्रम और सच साथ-साथ चलेंगे। जो उनकी स्मृतियों के साथ जुड़े रहे। ये अलग बात है केवल शब्द ही हैं, जिसके साथ हम वहां लौट सकते हैं, जहां कदम कभी पहुंच भी नहीं सकते।

सिर्फ इतना ही कह सकती हूं, वे एक तारा थे, जो सहसा बुझ गया। कभी-कभी उन्हें याद कर हम अचानक से चौक जाते हैं। फिर अब कुछ तनाव में कुछ कड़ियां जोड़ने लगती हूं, जो इधर-उधर थी।

भले ही दिवंगत आत्मा के साथ कुछ मतभेद रहे हों, लेकिन उनकी मृत्यु के प्रति पूरी निष्ठा से लिखा जाना चाहिए।

–फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## नेपाल: उल्टे न पड़ जाएं बालेन के ये फैसले

नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह एक साथ कई मोर्चों पर जूझते हुए दिखाई दे रहे हैं। इसका असर उनके राजनीतिक भविष्य पर पड़ सकता है। सत्ता संभालने के बाद उनका पहला बड़ा कदम सुकंबासी (बेघर व भूमिहीन) लोगों को बेदखल करना था। इससे नेपाल के करीब 15 लाख लोग नाराज़ हो गए और बालेन के खिलाफ सड़कों पर आ गए। नाराज़ लोगों में सर्वाधिक वह परिवार भी थे, जिसके युवा अमेरिका में रह रहे हैं। चुनाव के समय अमेरिका में रह रहे नेपाली युवाओं ने अपने परिजनों को फोन कर बालेन शाह को प्रधानमंत्री बनाने के लिए राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को वोट देने की अपील की थी।

नेपाल के ऐसे लाखों परिवार अब निराश हैं, हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने सरकार के बुलडोजर पर ब्रेक लगाने के आदेश दिए हैं। यह आदेश जबतक आया तब तक बालेन का बुलडोजर लाखों परिवारों पर तबाही की इबारत लिख चुका था। हैरत है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद लोगों को यह यकीन नहीं हो पा रहा कि सरकार उनके पुनर्वास के बारे में कुछ सोचेगी? प्रभावित लोगों का कहना है कि सरकार ने उनके लिए किसी भी प्रकार की वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की है, जिससे वे भारी चिंता और असमंजस की स्थिति में हैं।



यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

लोगों का मानना है कि यदि सरकार ने इस संवेदनशील मुद्दे को गंभीरता और रणनीति के साथ हल नहीं किया, तो यह आंदोलन और उग्र हो सकता है तथा देश के अन्य हिस्सों में फैलने की आशंका है। इस बीच नेपाल के सुप्रीम कोर्ट ने एक अंतरिम आदेश जारी करते हुए सरकार को निर्देश दिया है कि सुकंबासी बस्तियों को फिलहाल न हटाया जाए और वर्तमान स्थिति को यथावत रखा जाए। सुप्रीम कोर्ट का यह आदेश सुकंबासी लोगों के लिए राहत भरा है, लेकिन लोगों की चिंता यह है कि सरकार इस आदेश को निष्प्रभावी करने के लिए कोई और तरकीब न ढूंढ ले।

न्यायाधीश कुमार रेग्मी और न्यायाधीश नित्यानंद पांडे की दो सदस्यीय पीठ ने गोपाल रनपहेली समेत 11 लोगों द्वारा दायर याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई के बाद उक्त आदेश जारी किया। अदालत ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि अगली सुनवाई तक संबंधित अधिकारी किसी भी प्रकार की बेदखली की कार्रवाई से परहेज करें। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को यह भी निर्देश दिया है कि प्रभावित लोगों के लिए आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य और खाद्य जैसी बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। अदालत ने इस मामले को अगली सुनवाई तक विचाराधीन रखते हुए मानवाधिकारों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर जोर दिया है।


बालेन सरकार के काठमांडू का मेयर रहते यह कार्रवाई उनकी प्राथमिकता में थी लेकिन तब उनका कार्य क्षेत्र सीमित था, प्रधानमंत्री बनने के बाद वे सुंदरीकरण के नाम पर पूरे नेपाल में सुकंबासियों को उजाड़ने का अभियान शुरू कर दिए हैं। नेपाल के अन्य राजनीतिक दल मानते हैं कि शहरों को सुंदर और व्यवस्थित बनाने के लिए यह जरूरी था, लेकिन सरकार की प्राथमिकता में वह होना चाहिए था, जनता ने जिसके लिए उन्हें चुना है। नेपाल में बेरोज़गारी बड़ा मुद्दा है, लेकिन यह भी सच है कि नेपाल में ऐसी कोई फैक्ट्री नहीं लगाई जा सकती, जिससे रोजगार सृजन का मार्ग प्रशस्त हो। इसके लिए उन्हें नेपाल के टूरिस्ट उद्योग को मजबूत करने पर जोर देना चाहिए। नेपाल में सबसे अधिक भारतीयों का आना-जाना होता है, लेकिन नेपाल सरकार के कस्टम ड्यूटी में बदलाव के कारण भारतीयों का नेपाल आना-जाना प्रभावित हो सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 से मुद्रित एवं 25/16-ए, जापलिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत*** 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

# अंतस

न हन्यते हन्यमाने शरीरे अर्थात शरीर के नष्ट होने पर भी आत्मा नष्ट नहीं होती। श्रीमद्भगवद्गीता के इस श्लोक में निहित भाव और भारतीय सभ्यता की सनातन चेतना का सबसे जीवंत स्वरूप गुजरात के काठियावाड़ क्षेत्र के दक्षिणी तट पर स्थित सोमनाथ मंदिर में दिखाई देता है। बारह ज्योतिर्लिंगों में प्रथम माने जाने वाले सोमनाथ ने इतिहास में अनेक आक्रमणों और विनाश को सहा, लेकिन हर बार फिर खड़ा हुआ और उसकी आरती, घंटियों और श्रद्धा की ध्वनि कभी थमी नहीं।



गजेन्द्र सिंह शेखावत
केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री

# सोमनाथ: आस्था संकल्प और पुनर्जागरण की अनंत धारा



## प्राचीन काल से प्रभास पाटन महान तीर्थभूमि

भारतीय इतिहास के हजारों वर्षों में सनातन धर्म ने कई तरह की चुनौतियों का सामना किया। राजनीतिक परिवर्तन, आक्रमण और सत्ता परिवर्तन के दौर में मंदिरों, मठों और ज्ञान केंद्रों को नुकसान पहुंचाया गया, उनकी संरचनाएं बदली गईं और उन्हें संरक्षण देने वाली व्यवस्थाएं भी प्रभावित हुईं। इसके बावजूद भारतीय आध्यात्मिक परंपरा न केवल जीवित रही, बल्कि समय के साथ स्वयं को पुनर्स्थापित भी करती रही। इसकी सबसे बड़ी शक्ति यही रही कि संस्थागत क्षति और राजनीतिक अस्थिरता के बावजूद इसकी आत्मा कभी समाप्त नहीं हुई।

प्राचीन और मध्यकालीन भारत में मंदिर केवल पूजा के स्थल नहीं थे, बल्कि आर्थिक, सांस्कृतिक और सामाजिक जीवन के भी केंद्र थे। राजसत्ता से उनके गहरे संबंध के कारण वे युद्ध और संघर्ष के समय सबसे पहले निशाने पर आए। महमूद गजनवी द्वारा सोमनाथ पर किया गया आक्रमण इतिहास की सबसे चर्चित घटनाओं में से एक है। फारसी ग्रंथों में इसे विजय के रूप में प्रस्तुत किया गया, जबकि भारतीय परंपरा में इसे पीड़ा, संघर्ष और पुनर्निर्माण की कथा के रूप में याद किया गया, लेकिन ऐतिहासिक सत्य यह है कि सोमनाथ कभी श्रद्धा से विलुप्त नहीं हुआ। चालुक्य शासकों सहित अनेक राजाओं ने इसका पुनर्निर्माण कराया और यह निरंतर आस्था का केंद्र बना रहा। ऐसी अनेक घटनाएं भारत के अन्य हिस्सों में भी देखने को मिलती हैं। सोमनाथ का इतिहास केवल एक आक्रमण की कहानी नहीं है। प्राचीन काल से ही प्रभास पाटन एक महान तीर्थभूमि रहा है। इसे विभिन्न ग्रंथों और परंपराओं में प्रभास-पट्टन, शिव-पट्टन और प्रभास-तीर्थ जैसे नामों से जाना गया। यहां तीन पवित्र नदियों का संगम होता है और यही वह स्थान माना जाता है, जहां भगवान श्रीकृष्ण के देहत्याग के बाद उनका अंतिम संस्कार हुआ। निकट ही वैराग्य क्षेत्र और गोपी तालाब स्थित हैं, जहां से गोपी चंदन प्राप्त होता है। इस संपूर्ण क्षेत्र की यात्रा को भारतीय तीर्थ परंपरा में अत्यंत पवित्र माना गया है। काठियावाड़ और गुजरात की प्राचीन धरोहरों पर आधारित कई ऐतिहासिक अभिलेखों और पुरातात्विक रिपोर्टों में भी इस क्षेत्र का उल्लेख मिलता है।

## शैव और वैष्णव परंपराओं का केंद्र

सोमनाथ भारत की समावेशी सांस्कृतिक परंपरा का भी प्रतीक है। यह शैव और वैष्णव परंपराओं के अद्भुत संगम का केंद्र है और हमें यह याद दिलाता है कि भारतीय संस्कृति हमेशा से बहुलतावादी और समावेशी रही है। स्वतंत्र भारत में सोमनाथ के पुनर्जागरण का आधुनिक अध्याय 12 नवंबर 1947, दीपावली के दिन आरंभ हुआ, जब देश के प्रथम उप-प्रधानमंत्री और गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने इस पवित्र स्थल का दौरा किया। विभाजन की पीड़ा के बीच सरदार पटेल ने सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण का संकल्प लिया। यह केवल एक मंदिर के पुनर्निर्माण का निर्णय नहीं था, बल्कि राष्ट्रीय चेतना को पुनर्जीवित करने का एक ऐतिहासिक प्रयास था। इसके बाद सोमनाथ को एक सांस्कृतिक और बौद्धिक केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में कार्य प्रारंभ हुआ। 11 मई 1951 को भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की उपस्थिति में प्रातः काल संपन्न हुई प्राण-प्रतिष्ठा ने पूरे राष्ट्र की सांस्कृतिक स्मृति और आत्मविश्वास को नई शक्ति प्रदान की।



## आधुनिक समाज को सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का प्रयास

आज जब भारत 'भारत @ 2047' की ओर बढ़ रहा है, तब सोमनाथ से जुड़े ये सभ्यतागत मूल्य और भी अधिक प्रासंगिक हो जाते हैं। तकनीकी बदलाव और वैश्विक अनिश्चितताओं के इस दौर में भारत दुनिया को यह संदेश देता है कि विकास का अर्थ करुणा को त्यागना नहीं है और शक्ति का अर्थ संयम को छोड़ देना नहीं है। सोमनाथ हमें सिखाता है कि सच्चा नेतृत्व केवल सामर्थ्य से नहीं, बल्कि स्मृति, विवेक और मानवीय मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता से निर्मित होता है। इसी दृष्टि से "सोमनाथ स्वाभिमान पर्व 2026-27" की परिकल्पना की गई है। यह वर्षभर चलने वाला राष्ट्रीय आयोजन सोमनाथ ज्योतिर्लिंग की आध्यात्मिक शक्ति, सांस्कृतिक निरंतरता और सभ्यतागत चेतना को समर्पित है। सदियों तक अनेक बार विध्वंस झेलने के बाद भी जिस प्रकार समाज के सामूहिक संकल्प से सोमनाथ पुनः स्थापित होता रहा, वह भारत की सांस्कृतिक आत्मशक्ति और राष्ट्रीय स्वाभिमान का जीवंत उदाहरण है।

8 से 11 जनवरी 2026 के बीच प्रारंभ हुए इस पर्व के माध्यम से दो महत्वपूर्ण ऐतिहासिक पड़ावों को स्मरण किया गया। 1026 में सोमनाथ पर हुए प्रथम दर्ज आक्रमण के एक हजार वर्ष और स्वतंत्रता के बाद 1951 में पुनर्निर्मित मंदिर के पुनः उद्घाटन के 75 वर्ष। इस आयोजन का उद्देश्य सोमनाथ को राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक चेतना और सामूहिक स्मृति के प्रतीक के रूप में स्थापित करना है। 11 मई 2026 को आयोजित होने वाले प्रमुख राष्ट्रीय कार्यक्रम तक देशभर में यात्राएं, सांस्कृतिक आयोजन, संवाद, शैक्षिक कार्यक्रम और विभिन्न ज्योतिर्लिंगों, राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों, जिलों और शिवालयों में समन्वित गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, जो श्री सोमनाथ ट्रस्ट के अध्यक्ष भी हैं, सोमनाथ ने एक नए पुनर्जागरण का दौर देखा है। प्रशासनिक सुधार, आधारभूत संरचना का विकास, धरोहर संरक्षण और सांस्कृतिक पहलों ने सोमनाथ को एक जीवंत आध्यात्मिक केंद्र के रूप में और अधिक सशक्त किया है। पर्यावरणीय संतुलन और महिला-सशक्तिकरण आधारित सेवा पहलों के माध्यम से यह दिखाया गया है कि भारतीय सभ्यतागत मूल्य आधुनिक जिम्मेदारियों और समावेशिता के साथ कैसे आगे बढ़ सकते हैं। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व आधुनिक समाज को उसकी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का एक प्रयास है। यह हमें याद दिलाता है कि सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं है। इसकी वास्तविक शक्ति उन मूल्यों, परंपराओं और जिम्मेदारियों में है, जिन्हें पीढ़ी-दर-पीढ़ी आगे बढ़ाया जाता रहा है। इसी कारण आज सोमनाथ केवल पुनर्निर्मित मंदिर नहीं, बल्कि एक जीवंत तीर्थ है। इक्कीसवीं सदी में आगे बढ़ते भारत के लिए सोमनाथ एक महत्वपूर्ण संदेश देता है - कोई भी सभ्यता तब मजबूत रहती है, जब वह अपनी जड़ों से जुड़ी रहे, समय के साथ स्वयं को ढालती रहे और सभी को साथ लेकर चले। सोमनाथ की यह विरासत हमें निरंतर प्रेरित करती रहे- उद्देश्यपूर्ण निर्माण करने के लिए, संतुलित आचरण के लिए और अपनी पहचान के प्रति सजग रहते हुए आगे बढ़ने के लिए।



ज्येष्ठ मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या वट सावित्री अमावस्या कहलाती है। इस दिन सौभाग्यवती महिलाएं अखंड सौभाग्य प्राप्त करने के लिए वट सावित्री व्रत रखकर वटवृक्ष तथा यमदेव की पूजा करती हैं। भारतीय संस्कृति में यह व्रत आदर्श नारीत्व का प्रतीक एवं पर्याय बन चुका है। वट सावित्री व्रत में वट और सावित्री, दोनों का विशेष महत्व है। इस वर्ष यह पर्व 16 मई शनिवार को मनाया जाएगा।

# सौभाग्य और पतिव्रता का महापर्व

# वट सावित्री व्रत

उत्तर भारत में 'बरगदाही' के नाम से पुकारे जाने वाले सनातन संस्कृति के उत्कृष्ट सनातन जीवन मूल्यों के परिचायक इस व्रत से जुड़ी सावित्री-सत्यवान की पौराणिक कथा से प्रायः हर सनातनधर्मी भली-भांति परिचित हैं। वैदिक युग का वह अद्भुत घटनाक्रम आज भी पढ़ने-सुनने वाले दोनों को अभिभूत कर देता है। ऐसा विलक्षण उदाहरण किसी अन्य धर्म-संस्कृति में मिलना दुर्लभ है। कहते हैं कि महासती सावित्री ने वट वृक्ष के नीचे ही मृत्यु के देवता यमराज से अपने मृत पति का पुनर्जीवन हासिल किया था। तभी से वट वृक्ष हिन्दू धर्म में देववृक्ष के रूप में पूज्य हो गया।

तात्विक दृष्टि से विचार करें तो वट पूजन के इस महाव्रत में स्त्री शक्ति की प्रबल जिजीविषा की विजय के महाभाव के साथ हमारे जीवन में वृक्षों की महत्ता व पर्यावरण संरक्षण का पुनीत संदेश भी छुपा है। कथा के अनुसार सावित्री राजा अश्वपति की पुत्री थी, जिसे राजा ने बहुत कठिन तपस्या करने के उपरांत देवी सावित्री की कृपा से प्राप्त किया था। इसलिए राजा ने उनका नाम 'सावित्री' रखा था। सावित्री बहुत गुणवान और रूपवान थी, लेकिन उसके अनुरूप योग्य वर न मिलने के कारण सावित्री के पिता दुःखी रहा करते थे। इसलिए उन्होंने अपनी कन्या को स्वयं अपना वर तलाश करने भेज दिया और इस तलाश में एक दिन वन में सावित्री ने सत्यवान को देखा और उसके गुणों के कारण मन में ही उसे वर के रूप में वरण कर लिया। सत्यवान साल्व देश के राजा द्युमत्सेन के पुत्र थे, लेकिन उनका राज्य किसी ने छीन लिया था और काल के प्रभाव के कारण सत्यवान के माता- पिता अंधे हो गए थे।



पं. मनोज कुमार द्विवेदी
ज्योतिषाचार्य, कानपुर

सत्यवान व सावित्री के विवाह से पूर्व ही नारद मुनि ने यह सत्य सावित्री को बता दिया था कि सत्यवान अल्पायु है, अतः वह उससे विवाह न करे। यह जानते हुए भी सावित्री ने सत्यवान से विवाह करने का निश्चय किया और देवर्षि नारद से कहा-भारतीय नारी जीवन में मात्र एक बार पति का वरण करती है, बारंबार नहीं। अतः मैंने एक बार ही सत्यवान का वरण किया है और यदि उसके लिए मुझे मृत्यु से भी लड़ना पड़े तो मैं यह करने को तैयार हूं। उसकी मृत्यु का समय निकट आने पर मृत्यु से तीन दिन पूर्व ही सावित्री ने अन्न-जल का त्याग कर दिया। मृत्यु वाले दिन जंगल में जब सत्यवान लकड़ी काटने के लिए गए तो सावित्री भी उनके साथ गई और जब मृत्यु का समय निकट आ गया तथा सत्यवान के प्राण हरने लिए यमराज आए तो सावित्री भी उनके साथ चलने लगी। यमराज के बहुत समझाने पर भी वह वापस लौटने को तैयार नहीं हुई। तब यमराज ने उससे सत्यवान के जीवन को छोड़कर अन्य कोई भी वर मांगने को कहा।

उस स्थिति में सावित्री ने अपने अंधे सास-ससुर की नेत्र ज्योति और ससुर का खोया हुआ राज्य मांग लिया, किंतु वापस लौटना स्वीकार न किया। उसकी अटल पतिभक्ति से प्रसन्न होकर यमराज ने जब पुनः उससे वर मांगने को कहा तो उसने सत्यवान के पुत्रों की मां बनने का बुद्धिमत्तापूर्ण वर मांगा, यमराज के तथास्तु कहते ही मृत्युपाश से मुक्त होकर वटवृक्ष के नीचे पड़ा हुआ सत्यवान का मृत शरीर जीवित हो उठा। तब से अखंड सौभाग्य प्राप्ति के लिए इस व्रत की परंपरा आरंभ हो गई और इस व्रत में वटवृक्ष और यमदेव की पूजा का विधान बन गया। महर्षि श्री अरविंद ने भी इस कथा को मध्य में रखते हुए सावित्री महाकाव्य का रचना की है, जिसमें उन्होंने सावित्री की कथा को आध्यात्मिक जीवन की यात्रा व उसकी अनुभूतियों के रूप में पिरोया है। उसे सावित्री-साधना का आध्यात्मिक ग्रंथ भी कह सकते हैं।

**वटवृक्ष के कई दृष्टिकोण :** वटवृक्ष कई दृष्टिकोणों से महत्वपूर्ण है, सबसे पहले यह वृक्ष अपनी विशालता के लिए प्रसिद्ध है। दार्शनिक दृष्टि से देखा जाए, तो यह वृक्ष दीर्घायु का प्रतीक है, क्योंकि इसी वृक्ष के नीचे राजकुमार सिद्धार्थ ने बुद्धत्व को प्राप्त किया और भगवान बुद्ध कहलाए। बोध ज्ञान को प्राप्त करने के कारण इस अक्षय वटवृक्ष को बोधिवृक्ष भी कहते हैं, जो गया तीर्थ में स्थित है। इसी तरह वाराणसी में भी ऐसे वटवृक्ष हैं, जिन्हें अक्षयवट मानकर पूजा जाता है। वटवृक्ष वातावरण को शीतलता व शुद्धता प्रदान करता है और आध्यात्मिक दृष्टि से भी यह अत्यंत लाभकारी है।

## पीपल के समान वट वृक्ष



शास्त्रों के अनुसार पीपल वृक्ष के समान वट वृक्ष यानी बरगद का वृक्ष भी विशेष महत्व रखता है। पुराणों के अनुसार-वटवृक्ष के मूल में ब्रह्मा, मध्य में विष्णु व अग्रभाग में शिव का वास माना गया है। अतः ऐसा माना जाता है कि इसके नीचे बैठकर पूजन और व्रतकथा आदि सुनने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। यह वृक्ष लंबे समय तक अक्षय रहता है, इसलिए इसे अक्षयवट भी कहते हैं। जैन और बौद्ध भी अक्षयवट को अत्यंत पवित्र मानते हैं। जैनों का मानना है कि उनके तीर्थकर भगवान ऋषभदेव ने अक्षयवट के नीचे बैठकर तपस्या की थी। प्रयाग में इस स्थान को ऋषभदेव तपस्थली या तपोवन के नाम से जाना जाता है। हमारी अरण्य संस्कृति में वृक्षों को जीवंत देवताओं की संज्ञा दी गई है।

वैदिक मनीषा कहती है कि हवा के झोंकों से झूमते घने छायादार वृक्ष और उनसे गले मिलती लताएं प्रकृति का श्रंगार ही नहीं, जीवन का अजस्र स्रोत भी हैं। हमारे देश की समग्र सभ्यता, संस्कृति, धर्म एवं अध्यात्म-दर्शन का विकास वनों में ही हुआ था। वैदिक भारत में लोग वनदेवी की नियमित उपासना किया करते थे। स्मृति ग्रथों में वन संपदा को नष्ट करने वालों के लिए कठोर दंड का विधान किया गया है। ज्ञात हो कि वृक्ष-वनस्पति हमें हरियाली और फल-फूल देने के साथ ही अपनी प्राणवायु से हमें जीवन और अच्छे स्वास्थ्य का वरदान भी देते हैं। इनका न सिर्फ पर्यावरण संरक्षण में अमूल्य योगदान है, वरन ये ग्रह व वास्तुदोष भी दूर करते हैं। हमारे समूचे पर्यावरण की सेहत इन्हीं मूक देववाओं की कृपा पर टिकी है। इसीलिए तो वृक्ष-वनस्पति के प्रति गहरी श्रद्धा व लगाव भारतीय संस्कृति की अति पुरातन व संवेदनशील परंपरा रही है। अतः वट सावित्री व्रत के रूप में वटवृक्ष की पूजा का यह विधान भारतीय संस्कृति की गौरव-गरिमा का एक प्रतीक है और इसके द्वारा वृक्षों के औषधीय महत्व व उनके देवस्वरुप का भी ज्ञान होता है।

| बाजार | सेंसेक्स ↓ | निफ्टी ↓ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 76,015.28 | 23,815.85 |
| गिरावट | 1,312.91 | 360.30 |
| प्रतिशत में | 1.70 | 1.49 |

सोना 1,55,300 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,65,000 प्रति किलो

अमृत विचार
लखनऊ, मंगलवार, 12 मई 2026
www.amritvichar.com

# कारोबार

## बिजनेस ब्रीफ

### ऑनलाइन इंस्ट्रूमेंट्स ने 750 करोड़ रुपये जुटाने को दाखिल किए दस्तावेज

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन इंस्ट्रूमेंट्स (इंडिया) लिमिटेड ने पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने के लिए प्रारंभिक दस्तावेज दाखिल किए हैं। कंपनी का लक्ष्य आईपीओ के जरिये 750 करोड़ रुपये जुटाने का है। आईपीओ दस्तावेजों के अनुसार, इस निर्गम में 750 करोड़ रुपये के नए शेयर और 57.10 लाख शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल होगी। बेंगलुरु स्थित कंपनी 150 करोड़ रुपये तक का आईपीओ पूर्व निर्गम भी ला सकती है। इसके पूरा होने पर नए शेयर निर्गम का आकार उसी अनुपात में कम कर दिया जाएगा।

### टोयोटा किर्लोस्कर मोटर महाराष्ट्र में लगाएगी नया संयंत्र

**नई दिल्ली।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर महाराष्ट्र में एक नया विनिर्माण संयंत्र स्थापित करेगी जहां 2029 की पहली छमाही में उत्पादन शुरू किया जाएगा। कंपनी ने इस संयंत्र में निवेश की राशि का खुलासा नहीं किया। हालांकि, जापान की मीडिया की खबरों के अनुसार मूल कंपनी टोयोटा मोटर भारत में क्षमता विस्तार के लिए महाराष्ट्र में लगभग 300 अरब येन (करीब 1.9 अरब अमेरिकी डॉलर) का निवेश करने की योजना बना रही है। वाहन विनिर्माता कंपनी ने सोमवार को बयान में कहा कि नया वाहन विनिर्माण संयंत्र महाराष्ट्र के बिडकिन औद्योगिक क्षेत्र में स्थापित किया जाएगा।

### सीआईएल की अप्रैल में कोयला नीलामी 6% घटकर 3.05 करोड़ टन

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी कोयला उत्पादक कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने अप्रैल में ऑनलाइन नीलामी के माध्यम से 3.05 करोड़ टन (एमटी) कोयला पेश किया। यह मार्च में पेश 3.25 करोड़ टन के मुकाबले छह प्रतिशत कम है। यह गिरावट पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव की पृष्ठभूमि में आई है। इससे वैश्विक ऊर्जा कीमतें बढ़ी हैं और ऊर्जा सुरक्षा के लिए बिजली संयंत्रों को कोयले का इस्तेमाल बढ़ाना पड़ा है।

### यूपीएल का लाभ 20 % बढ़कर 1294 करोड़

**नई दिल्ली।** कृषि रसायन और फसल सुरक्षा क्षेत्र की कंपनी यूपीएल का मजबूत बिक्री के कारण वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 20 प्रतिशत बढ़कर 1,294 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने शेयर बाजारों को यह जानकारी दी। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 1,079 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। गुजरात की इस कंपनी की कुल आय मार्च तिमाही में 18 प्रतिशत बढ़कर 18,335 करोड़ रुपये रही, जो एक साल पहले 15,573 करोड़ रुपये थी।

# सेंसेक्स 1,313 अंक टूटा, प्रधानमंत्री की मितव्ययिता की अपील से निवेशक चिंतित

## निफ्टी भी 360.30 अंक की गिरावट के साथ 23,815.85 पर हुआ बंद

**मुंबई, एजेंसी**

स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट जारी रही और बीएसई सेंसेक्स 1,313 अंक लुढ़क गया जबकि एनएसई निफ्टी 24,000 अंक के नीचे आ गया। अमेरिका और ईरान के शांति समझौते पर पहुंचने में नाकाम रहने के बाद कच्चे तेल के दाम में तेजी के बीच बाजार में गिरावट आई।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,312.91 अंक यानी 1.70 प्रतिशत टूटकर 76,015.28 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,370.79 अंक तक लुढ़क गया था।

पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 360.30 अंक यानी 1.49 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,815.85 अंक पर बंद हुआ। पिछले बृहस्पतिवार से शुरू तीन कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स लगभग 1,950 अंक यानी 2.5 प्रतिशत टूटा है जबकि निफ्टी 515 अंक यानी दो प्रतिशत से अधिक के नुकसान में रहा।

विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नये शांति प्रस्ताव पर ईरान की प्रतिक्रिया को पूरी तरह से खारिज कर दिया है। इससे पश्चिम एशिया में संकट दूर करने के लिए राजनयिक सफलता की उम्मीद फिलहाल कमजोर हुई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मितव्ययिता की अपील ने विदेशी मुद्रा भंडार, ईंधन की कीमतों और उपभोग के दृष्टिकोण को लेकर निवेशकों की चिंताओं को और बढ़ा दिया है। प्रधानमंत्री ने रविवार को कहा कि केंद्र सरकार पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के प्रतिकूल प्रभाव से लोगों को बचाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने लोगों से विदेशी मुद्रा बचाने के लिए पेट्रोल और डीजल की खपत कम करने, शहरों में मेट्रो रेल सेवाओं, कार पूलिंग करने, इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) का अधिक उपयोग करने और घर से काम करने का सुझाव दिया।

एशियाई बाजारों में, जापान का निक्की गिरावट के साथ बंद हुआ, जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग बढ़त के साथ बंद हुए। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में ज्यादातर में गिरावट का रुख था। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे। सेंसेक्स शुक्रवार को 516.33 अंक टूटकर 77,328.19 अंक पर बंद हुआ था। निफ्टी 150.50 अंक गिरकर 24,176.15 अंक पर रहा था।



### मानक ब्रेंट क्रूड 2.23 % बढ़कर 103.5 डॉलर प्रति बैरल पर

**नुकसान में रहे शेयर :-** टाइटन के शेयर में सबसे ज्यादा सात प्रतिशत की गिरावट आई। इंटरग्लोब एविएशन, भारतीय स्टेट बैंक, भारती एयरटेल, इटर्नल और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में भी भारी गिरावट देखी गई।

**बढ़त के साथ बंद हुए :-** लाभ में रहने वाले शेयरों में सन फार्मा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, अदाणी पोर्ट्स, कोटक महिंद्रा बैंक, एक्सिस बैंक और आईसीआईसीआई बैंक शामिल हैं।

### मिडकैप 1.09 और स्मॉलकैप 0.44 प्रतिशत गिरा

- बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक में 1.09 प्रतिशत की गिरावट आई।
- छोटी कंपनियों का बीएसई स्मॉलकैप 0.44 प्रतिशत के नुकसान में रहा।
- क्षेत्रवार उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं का सूचकांक 3.76 प्रतिशत, रियल एस्टेट (2.74 प्रतिशत), मध्यम-लघु निजी बैंकों का गुणवत्ता सूचकांक (2.60 प्रतिशत), बीएसई पीएसयू बैंक (2.28 प्रतिशत), उपभोक्ता विवेकाधीन वस्तुएं (2.14 प्रतिशत) और बिजली (2.13 प्रतिशत) में गिरावट दर्ज की गई।
- शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 4,110.60 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

### मोदी के भाषण से दबाव में बाजार

वैश्विक तेल लाइवलॉन्ग वेल्थ के शोध विश्लेषक और संस्थापक हरिप्रसाद के. ने कहा कि कच्चे तेल की कीमत को लेकर अनिश्चितता और वैश्विक तनाव बढ़ने की आशंका के बीच निवेशकों ने आक्रामक रूप से शेयरों की बिकवाली की। इससे सूचकांकों में गिरावट आई। कहा कि आज की इस गिरावट का तात्कालिक कारण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 10 मई का भाषण है, जिसे बाजार ने वृहद आर्थिक दबाव के संकेत के रूप में लिया है।

### मोदी की अपील से आभूषण उद्योग पर प्रतिकूल असर संभव : जीजेसी

# मांग घटाने से नहीं, स्वर्ण मौद्रीकरण योजना में सोने के उपयोग से होगा समाधान

**मुंबई, एजेंसी**

पश्चिम एशिया संकट के बीच विदेशी मुद्रा बचाने के लिए एक वर्ष तक सोने की खरीद टालने संबंधी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील के बाद रत्न एवं आभूषण उद्योग पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। एक उद्योग संगठन ने सोमवार को यह आशंका जताई।

अखिल भारतीय रत्न एवं आभूषण परिषद (जीजेसी) के चेयरमैन राजेश रोकड़े ने कहा कि प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से एक करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार देने वाले रत्न एवं आभूषण उद्योग पर प्रधानमंत्री की इस अपील के बाद दबाव बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि हम सोने की जिम्मेदारी से खपत करने संबंधी प्रधानमंत्री की अपील को समझते हैं। यह बढ़ते आयात और विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव की व्यापक राष्ट्रीय चिंता को दर्शाती है। लेकिन भारत में पहले से ही हजारों टन सोना घरों में रखा हुआ है। ऐसे में समाधान केवल सोने की मांग घटाने में नहीं, बल्कि स्वर्ण मौद्रीकरण योजना (जीएमएस) के जरिये मौजूदा सोने के उपयोग में है।

रोकड़े ने कहा कि अतीत में इस तरह के मामलों में 'रिवेंज बाइंग' यानी प्रतिबंध के बाद अधिक खरीद की स्थिति भी देखी गई है, जिससे आगे चलकर सोने की मांग बढ़ सकती है।

जीजेसी के उपाध्यक्ष अविनाश गुप्ता ने कहा कि सोने का भारतीय परिवारों से भावनात्मक और सांस्कृतिक रूप से जुड़ाव है, लेकिन वर्तमान में आर्थिक स्थिरता के साथ मांग का संतुलन भी जरूरी है। एक मजबूत एवं पारदर्शी स्वर्ण मौद्रीकरण योजना दीर्घकालिक समाधान हो सकती है। इस योजना के जरिये घरों और लॉकर में रखे निष्क्रिय सोने को औपचारिक अर्थव्यवस्था में लाया जा सकता है। इससे आयात घटेगा, चालू खाते के घाटे (सीएडी) पर दबाव कम होगा और वित्तीय प्रणाली मजबूत होगी।



- देश के घरों में रखा है हजारों टन सोना
- ऐसी अपील से रिवेंज बाइंग भी संभव

### ईरान के शांति प्रस्ताव को ट्रंप ने ठुकराया, सोना 600 रुपये टूटा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोने की कीमतें 600 रुपये टूटकर 1.55 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गईं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा शांति प्रस्ताव पर ईरान की प्रतिक्रिया को ठुकराने के बाद यह गिरावट आई है। इससे पश्चिम एशिया में फिर से संघर्ष शुरू होने का डर बढ़ गया और कच्चे तेल की कीमतें ऊपर चली गई हैं। देश की विदेशी मुद्रा को बचाने की कोशिश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उस अपील से भी सोने पर अतिरिक्त दबाव पड़ा, जिसमें उन्होंने लोगों से एक साल के लिए गैर-ज़रूरी सोने की खरीदारी टालने का आग्रह किया था।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 600 रुपये टूटकर 1,55,300 रुपये (सभी टैक्स मिलाकर) रुपये प्रति 10 ग्राम रह गईं। यह शुक्रवार के बंद भाव 1,55,900 रुपये प्रति 10 ग्राम से कम है।

# प. एशिया में संघर्ष विराम बहुत दूर, विदेशी मुद्रा बचाने में सहयोग करें देशवासी: वैष्णव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को कहा कि पश्चिम एशिया युद्ध के जल्द थमने के आसार नहीं दिखने की वजह से नागरिकों से विदेशी मुद्रा भंडार को बचाकर रखने के लिए हरसंभव प्रयास करने का आग्रह किया गया है।



वैष्णव ने यहां उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वार्षिक व्यापार सम्मेलन में कहा कि हालिया घटनाक्रम को देखते हुए पश्चिम एशिया में संघर्षविराम अभी 'बहुत दूर' नजर आ रहा है। कहा कि हम बहुत अनिश्चितता वाले समय में हैं। हमारी किसी गलती के बगैर, हमारे पड़ोस में दो देशों के बीच चल रहे युद्ध का असर पूरी दुनिया पर पड़ रहा है। मौजूदा स्थिति में यहां पर संघर्षविराम होना दूर लगता है।

एक दिन पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नागरिकों का पश्चिम एशिया संघर्ष से उपजी चुनौतियों से निपटने में सहयोग करने का आह्वान किया था। उन्होंने पेट्रोल-डीजल के समझदारी से इस्तेमाल और किसी भी तरह से विदेशी मुद्रा बचाने पर जोर दिया। वैष्णव ने कहा कि संकट की इस घड़ी में नागरिकों को भी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। हम नागरिकों के रूप में अपने जीवन और कामकाज में ऐसे उपाय पहचान सकते हैं, जिनसे विदेशी मुद्रा की बचत हो सके। साथ ही हमें विदेशी मुद्रा अर्जित करने के प्रयास भी बढ़ाने चाहिए।

### मेले में देवेगौड़ा



**बेंगलुरु :** पूर्व प्रधानमंत्री और जडी (एस) प्रमुख एच.डी. देवेगौड़ा ने सोमवार को कर्नाटक के बेंगलुरु स्थित कब्बन पार्क में आयोजित आम और कटहल मेले का दौरा किया।

# व्यापार वार्ता के अगले दौर पर अमेरिकी दल के भारत आने की उम्मीद: अधिकारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत को उम्मीद है कि व्यापार वार्ता के अगले दौर के लिए अमेरिकी दल देश का दौरा करेगा। हालांकि, इसके लिए अभी तक कोई तारीख तय नहीं की गई है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। भारतीय पक्ष ने अंतरिम समझौते के विवरण को अंतिम रूप देने और व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के तहत बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए अप्रैल में वाशिंगटन का दौरा किया था। अब हमें अमेरिकी दल के भारत आने की उम्मीद है। अप्रैल की बैठक के बाद दोनों पक्ष व्यापार वार्ता की गति को बनाए रखने के लिए लगातार संपर्क में रहने पर सहमत हुए हैं।

# एफटीए का लाभ उठाए उद्योग जगत : वाणिज्य सचिव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने सोमवार को कहा कि भारतीय उद्योग जगत को उन मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) का लाभ उठाने और उनका उपयोग करने की आवश्यकता है, जिन्हें भारत अंतिम रूप दे रहा है। ये समझौते व्यापार और निवेश, दोनों के लिए बड़े अवसर प्रदान करते हैं। सचिव ने कहा कि एफटीए का पूरी तरह से उपयोग करने और लाभ उठाने का देश का पिछला रिकॉर्ड बहुत अच्छा नहीं रहा है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि देश की औद्योगिक नीति को उसकी व्यापार नीति का पूरक होना चाहिए, क्योंकि व्यापार इस बात पर भी निर्भर करता है कि भारत कैसे निवेश और उत्पादन करता है। उल्लेखनीय है कि भारत ने सिंगापुर, जापान, दक्षिण कोरिया और आसियान सहित कई देशों और समूहों के साथ व्यापार समझौते किए हैं।

# वर्क फ्रॉम होम और हाइब्रिड मॉडल अपना रहीं आईटी कंपनियां: नैसकॉम

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पश्चिम एशिया संकट के बीच भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियां एहतियाती प्रबंधन उपाय अपना रही हैं, जिनमें वर्क फ्रॉम होम और हाइब्रिड व्यवस्था को बढ़ावा देना शामिल है। उद्योग संगठन नैसकॉम ने सोमवार को यह जानकारी दी।

आईटी कंपनियों के संगठन नैसकॉम ने बयान में कहा कि प्रौद्योगिकी क्षेत्र पहले से ही हाइब्रिड मॉडल (घर एवं दफ्तर से काम की मिली-जुली व्यवस्था) के तहत काम करता रहा है और कंपनियां कर्मचारियों के पद से जुड़ी जरूरतों और ग्राहकों की मांग के आधार पर 'घर से काम' और दफ्तर से काम के बीच संतुलन बना रही हैं।

संगठन ने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी तनाव को देखते हुए कंपनियों ने अपने परिसरों में ऊर्जा प्रबंधन के विवेकपूर्ण उपाय अपनाए हैं। इसमें गैर-जरूरी खपत को कम करना, कुछ सुविधाओं को युक्तिसंगत बनाना और संभव होने पर दूरस्थ या हाइब्रिड कार्य व्यवस्था को सक्षम बनाना शामिल है, ताकि कुल ऊर्जा उपयोग और आवागमन को कम किया जा सके।

नैसकॉम ने मौजूदा भू-राजनीतिक परिदृश्य को 'लगातार विकसित होती स्थिति' बताते हुए कहा कि वह घटनाक्रम पर करीबी नजर रखे हुए है तथा उद्योग हितधारकों और सरकारी अधिकारियों के साथ समन्वय कर रहा है, ताकि इस स्थिति का ''समन्वित और जिम्मेदार'' तरीके से सामना किया जा सके। करीब 3,500 कंपनियों का संगठन नैसकॉम भारत के लगभग 315 अरब डॉलर के प्रौद्योगिकी उद्योग का प्रतिनिधित्व करता है।

नैसकॉम का यह बयान ऐसे समय आया है जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक दिन पहले नागरिकों से पश्चिम एशिया संकट से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए सहयोग करने का आह्वान किया था।

# खरीफ बुवाई सत्र के लिए उर्वरक का भंडार पर्याप्त: सरकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने सोमवार को कहा कि देश में उर्वरकों का भंडार 'पर्याप्त' है। आगामी खरीफ सत्र के दौरान उर्वरकों की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। पश्चिम एशिया के हालिया घटनाक्रम पर अंतर-मंत्रालयी बैठक में उर्वरक विभाग की अतिरिक्त सचिव अपर्णा एस. शर्मा ने कहा कि प्रमुख उर्वरकों के अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) स्थिर बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि भारत की उर्वरक सुरक्षा स्थिति संतोषजनक एवं सुव्यवस्थित है। शर्मा ने कहा कि उर्वरक विभाग की ओर से यह बताया जाता है कि खरीफ 2026 के लिए कृषि विभाग द्वारा अनुमानित आवश्यकता के मुकाबले भंडार 51 प्रतिशत से अधिक है। उन्होंने बताया कि यह भंडार सामान्य स्तर (करीब 33 प्रतिशत) से काफी अधिक है।

## निवेश की पाठशाला

# सोने के लिए आरबीआई का गोल्डन 'मास्टर प्लान'

**कारोबार डेस्क**

क्या आपके घर के लॉकर में पड़ा सोना उपयोग में नहीं आ रहा है? अगर हां, तो भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) आपके लिए एक ऐसा 'मास्टर प्लान' तैयार कर रहा है जिससे आपका वही सोना आपको घर बैठे नियमित आय दिलवा सकता है। हमारे के लिए सोना सिर्फ एक धातु नहीं, बल्कि एक इमोशन है, लेकिन रिजर्व बैंक आपकी भावनाओं को आपकी कमजोरी नहीं, बल्कि वह आपकी आर्थिक ताकत बनाना चाहता है। आइए, जानते हैं क्या है मास्टर प्लान...



### क्या है गोल्ड मॉनेटाइजेशन स्कीम?

- सरकार ने 15 सितंबर 2015 को इस योजना की शुरुआत की थी। इसका मकसद था कि देश में उपलब्ध सोना उपयोग में लाया जा सके और सोने के आयात पर निर्भरता कम करने में मदद मिले। इसमें लोगों के पास मौजूद सोने को जमा करने की सुविधा दी गई थी, जिससे उस सोने का इस्तेमाल किसी प्रोडक्टिव काम में किया जा सके। लोगों ने बहुत कम दिलचस्पी दिखाई, क्योंकि इसके तहत बैंक उस सोने को पिघला देते थे, जो उनके पास पहुंचता था।

### आरबीआई का नया 'मास्टर प्लान'

- आरबीआई के अनुसार भारत के घरों में लगभग 20,000 टन से ज्यादा सोना जमा है। यह दुनिया का सबसे बड़ा निष्प्रयोज्य सोने का भंडार है। रिजर्व बैंक चाहता है कि लोग इस सोने को बैंक में जमा करें और इससे कमाई करें।

**चुनौतियां :**

- **दादी-नानी के गहने:** गहनों के साथ लोगों की यादें जुड़ी होती हैं, वे उन्हें पिघलते हुए नहीं देख सकते।
- **टैक्स का डर :** कई लोगों के पास विरासत में मिला सोना है, जिसका कोई बिल या रिकॉर्ड नहीं है। बैंक जाते ही इनकम टैक्स विभाग उनसे रिकॉर्ड मांगेगा।

### अर्थ व्यवस्था को क्या फायदा?

- **आरबीआई की इस स्कीम के पीछे एक बड़ा आर्थिक कारण है:**
- **इंपोर्ट में कमी:** जब लोग बैंक में सोना जमा करेंगे, तो ज्वेलर्स को बाहर से आयात करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।
- **रुपया होगा मजबूत:** हम सोना विदेशों से डॉलर में खरीदते हैं, जब सोना कम मंगाएंगे, तो डॉलर कम बाहर जाएगा और विदेशी मुद्रा की बचत होगी। इसका असर ये होगा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय रुपया मजबूत होगा।
- **प्रोडक्टिव यूज:** लॉकर में पड़ा सोना देश की जीडीपी में योगदान नहीं देता, लेकिन बैंक में आने के बाद यह बाजार में सर्कुलेट होता है और इसकी गिनती अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाती है।

### काम की बात

- अगर आपके पास सोने के सिक्के या बार हैं जिन्हें आप पहनते नहीं हैं, तो उन्हें लॉकर में बंद रखने के बजाय बैंक में जमा करना एक 'समझदारी भरा' फैसला हो सकता है। इससे आपको हर साल ब्याज मिलेगा और आप देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में भी योगदान दे सकेंगे। आरबीआई जल्द ही इस पर बड़े फैसले ले सकता है, जिससे यह स्कीम और भी आसान एवं लाभकारी हो जाएगी।



**योजना से परिवर्तन** | अब अमेरिका और खाड़ी देशों में भेजे जाएंगे सत्तू के लड्डू, 700 महिलाओं को मिला रोजगार

# ओडीओपी से बलिया के सत्तू को मिली वैश्विक पहचान

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार:** एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना अब प्रदेश के पारंपरिक उत्पादों को वैश्विक बाजार तक पहुंचाने का मजबूत माध्यम बनती जा रही है। बलिया का मशहूर चने का सत्तू अब अमेरिका, दुबई समेत कई खाड़ी देशों तक पहचान बना चुका है।

अब बलिया के सत्तू से तैयार होने वाले लड्डू को भी अंतरराष्ट्रीय बाजार में भेजने की तैयारी पूरी कर ली गई है। इससे 700 से अधिक महिलाओं को रोजगार मिला है, जबकि किसानों को चने की फसल का बेहतर दाम मिल रहा है।

अमेजन, फ्लिपकार्ट और जियो मार्ट जैसे ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर इसकी मांग लगातार बढ़ रही है। तमिलनाडु, कर्नाटक, महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश समेत कई राज्यों में भी यूपी का यह पारंपरिक उत्पाद लोगों की पसंद बन रहा है। स्वस्थ जीवनशैली अपनाने वाले शहरी उपभोक्ताओं के बीच भी इसकी मांग तेजी से बढ़ी है। निधि उद्योग की संस्थापक नीति अग्रवाल ने बताया कि बलिया के सत्तू से बनने वाले लड्डू को अमेरिका और खाड़ी देशों में भेजने की पूरी तैयारी कर ली गई है। उनका कहना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा और ओडीओपी के कारण बलिया का यह पारंपरिक उत्पाद अब वैश्विक पहचान की ओर बढ़ रहा है।

व्यवस्थापक सौरभ अग्रवाल ने बताया कि सत्तू उत्पादन और पैकेजिंग के बढ़ते कारोबार से करीब सात सौ महिलाएं जुड़कर आत्मनिर्भर बन रही हैं। वहीं द्वाबा क्षेत्र के किसानों का चना हाथोंहाथ खरीदा जा रहा है, जिससे उन्हें उपज का बेहतर मूल्य मिल रहा है।

मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज ने बताया कि भृगु मंदिर क्षेत्र में सत्तू को प्रसाद के रूप में विशेष महत्व प्राप्त है। इसी पहचान को ब्रांडिंग से जोड़ते हुए पहले आकर्षक पैकेजिंग तैयार की गई और फिर प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित कर एफपीओ के माध्यम से किसानों और उत्पादकों को जोड़ा गया। वर्तमान में क्षेत्र में करीब साढ़े छह हजार हेक्टेयर में चने की खेती हो रही है। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने प्रदेश के मंत्रियों और विधायकों को बलिया के सत्तू के पैकेट भिजवाए हैं, ताकि इस पारंपरिक उत्पाद को व्यापक स्तर पर बढ़ावा मिल सके।



### गांव से ग्लोबल मार्केट तक पहुंचा पारंपरिक स्वाद

कभी गांवों तक सीमित माना जाने वाला सत्तू अब ई-कॉमर्स और निर्यात के जरिए अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंच रहा है। ओडीओपी योजना के कारण स्थानीय उत्पादों को ब्रांडिंग, पैकेजिंग और मार्केटिंग का नया मंच मिला है।

> ओडीओपी योजना के जरिए स्थानीय उत्पादों को नई पहचान मिल रही है और रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि बलिया की सांस्कृतिक पहचान अब देश और दुनिया तक पहुंच रही है।
> -मंगला प्रसाद सिंह, जिलाधिकारी, बलिया

## वर्ल्ड ब्रीफ

### खाद्यतेल के आयात पर बढ़ती निर्भरता का बोझ नहीं उठा सकता भारत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** खाद्यतेल निकाय एसईए ने सोमवार को लोगों से खाद्यतेल का कम इस्तेमाल करने की प्रधानमंत्री की अपील का स्वागत करते हुए कहा कि इससे आयात पर निर्भरता कम करने और विदेशी मुद्रा बचाने में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को पश्चिम एशिया संकट के बीच विदेशी मुद्रा बचाने के लिए खाद्यतेल की खपत कम करने, रासायनिक उर्वरकों का इस्तेमाल घटाने, प्राकृतिक खेती और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने का आह्वान किया। द सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) ने एक बयान में कहा कि खाद्य तेल की खपत को नियंत्रित करने को लेकर प्रधानमंत्री की अपील का आर्थिक और रणनीतिक महत्व कहीं अधिक गहरा है।

### दिल्ली में 24 को आयोजित होगा जनजाति सांस्कृतिक समागम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भगवान बिरसा मुंडा जी की 150वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में यहां के लाल किला मैदान में 24 मई को जनजाति सांस्कृतिक समागम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शामिल होंगे। इस संबंध में सोमवार को यहां स्थित प्रेस क्लब में जनजाति सुरक्षा मंच की ओर से आयोजित संवाददाता सम्मेलन में वक्ताओं ने सोमवार को कहा कि भगवान बिरसा मुंडा भारत में स्वतंत्रता, सांस्कृतिक अस्मिता और सामुदायिक चेतना के प्रतीक रहे हैं। यह समागम एक ऐतिहासिक राष्ट्रीय आयोजन के रूप में परिकल्पित है। इस कार्यक्रम में देशभर की 500 से अधिक जनजातियों के डेढ़ लाख प्रतिभागियों की उपस्थिति संभावित है।

### ईयू यूक्रेन को 90 अरब यूरो के कर्ज की पहली किस्त जारी करेगा

**ब्रुसेल्स, एजेंसी।** यूरोपीय संघ (ईयू) की कमिश्नर फॉर इनलार्जमेंट मार्टा कोस ने सोमवार को कहा कि अगले सप्ताह संघ यूक्रेन को 90 अरब यूरो (105.7 अरब अमेरिकी डॉलर) के कर्ज पैकेज की पहली किस्त जारी करेगा। सुश्री कोस ने कहा, "हम सही रास्ते पर हैं और मुझे उम्मीद है कि अगले सप्ताह हम पहली किस्त जारी कर पाएंगे। ईयू के सदस्य देशों ने 23 अप्रैल को यूक्रेन के लिए 90 अरब यूरो के कर्ज पैकेज को औपचारिक रूप से मंजूरी दी थी।

# होर्मुज की सुरक्षा पर रक्षा मंत्रियों की बैठक की मेजबानी करेंगे ब्रिटेन-फ्रांस

## यह इस बहुराष्ट्रीय समुद्री मिशन की पहली रक्षा मंत्री बैठक होगी

**लंदन, एजेंसी**

होर्मुज जलडमरूमध्य में व्यापार को सुरक्षित रूप से शुरू करने के इरादे से सैन्य नियोजन पर चर्चा करने के लिए ब्रिटेन और फ्रांस मंगलवार से 40 देशों के विदेश मंत्रियों की मेज़बानी करेंगे। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, रक्षा सचिव जॉन हीली और फ्रांस की रक्षा मंत्री कैथरीन वॉट्रिन इस बैठक की अध्यक्षता करेंगे। यह इस बहुराष्ट्रीय समुद्री मिशन की पहली रक्षा मंत्री बैठक होगी।

इस बीच, ईरान ने सभी देशों को होर्मुज में अपने युद्धपोत उतारने के खिलाफ चेतावनी दी है। ईरान के उप-विरेध मंत्री काज़म ग़रीबाबादी ने ब्रिटेन एवं फ्रांस को चेतावनी दी है कि अगर वे होर्मुज जलडमरमूध्य के पास अपने युद्धपोत तैनात करते हैं तो स्थिति तनावपूर्ण हो सकती है। ब्रिटेन ने पिछले सप्ताह यह ऐलान किया था कि वह पश्चिम एशिया में एचएमएस ड्रैगन को एक पूर्णतः रक्षात्मक मिशन के तहत तैनात करेगा। इस तैनाती




का उद्देश्य समुद्री बारूदी सुरंगों को होर्मुज से निकालना और क्षेत्र में व्यवसायिक नौवहन को बहाल करना होगा।

इस बीच, फ्रांस ने पुष्टि की कि उसने होर्मुज जलडमरूमध्य में संभावित सुरक्षा अभियान की तैयारी के तहत अपना नौसैनिक बेड़ा लाल सागर में तैनात कर दिया है। फ्रांस और ब्रिटेन होर्मुज जलडमरूमध्य में वाणिज्यिक जहाजों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय गठबंधन बनाने की कोशिश में सबसे आगे हैं। साथ ही ये देश इस मिशन में वैश्विक भागीदारी का आह्वान भी करते रहे हैं।

### युद्ध तब तक खत्म नहीं होगा जब तक परमाणु मुद्दों का समाधान नहीं हो जाता : नेतन्याहू

**तेल अवीव, एजेंसी।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने दोहराया है कि ईरान के साथ युद्ध तब तक खत्म नहीं होगा जब तक कि प्रमुख रणनीतिक मुद्दों का समाधान नहीं हो जाता जिनमें ईरान के संवर्धित यूरेनियम के भंडार को हटाना, परमाणु केंद्रों को नष्ट करना और ईरान के क्षेत्रीय प्रभाव पर अंकुश लगाना शामिल है। सीबीएस न्यूज के कार्यक्रम 60 मिनट्स को दिये साक्षात्कार में नेतन्याहू ने कहा कि यह अभी खत्म नहीं हुआ है, क्योंकि अब भी वहां परमाणु सामग्री और संवर्धित यूरेनियम मौजूद है। इसे ईरान से बाहर निकालना होगा। अब भी वहां संवर्धन केंद्र हैं, जिन्हें नष्ट करना बाकी है। उन्होंने कहा कि ईरान क्षेत्रीय प्रॉक्सी समूहों का समर्थन करना जारी रख रहा है।

# देश के लिए समस्या बन रहा तिजोरी में रखा सोना

## सोने की खरीद

### डॉलर की बचत (विदेशी मुद्रा भंडार)




भारत में बहुत कम सोना पैदा होता है, हम लगभग पूरा सोना विदेशों से खरीदते हैं। इसे खरीदने के लिए भारत सरकार को अपना डॉलर खर्च करना पड़ता है। जब हम सोना कम खरीदते हैं, तो देश का डॉलर बचता है, जिससे हमारी अर्थव्यवस्था अंतरराष्ट्रीय बाजार में मजबूत होती है।



भारतीय समाज में सोने को केवल आभूषण नहीं, बल्कि सबसे सुरक्षित निवेश माना जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आपकी तिजोरी में चमकता यह सोना देश की अर्थव्यवस्था की रफ्तार धीमी कर सकता है? भारत अपनी जरूरत का लगभग सारा सोना विदेशों से डॉलर चुकाकर खरीदता है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि हम भौतिक सोना खरीदने की अपनी होड़ को कम करें, तो न केवल हमारा रुपया मजबूत होगा, बल्कि वही पैसा देश के विकास कार्यों और बुनियादी ढांचे में लगकर नई नौकरियां पैदा कर सकता है। आइए समझते हैं कि कैसे हमारी सोने की कम खरीदारी, देश के लिए एक 'गोल्डन' अवसर बन सकती है।

## सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड

### गहनों की चमक भी मुनाफे की खनक भी

अगर आप सोने में निवेश करना चाहते हैं, तो इसे घर में रखने के बजाय 'गोल्ड बॉन्ड' खरीदना देश और आपके लिए ज्यादा फायदेमंद है। यह सरकार द्वारा जारी किया जाता है। इससे सोने की बढ़ती कीमत के साथ आपको हर साल 2.5% का निश्चित ब्याज मिलता है, जो फिजिकल गोल्ड पर नहीं मिलता। इसमें मिलावट का कोई डर नहीं है, क्योंकि यह डिजिटल फॉर्म में होता है। सुरक्षा की चिंता खत्म: न चोरी का डर, न लॉकर का खर्चा। 8 साल बाद मैच्योरिटी पर मिलने वाले मुनाफे पर कोई टैक्स नहीं देना पड़ता।

### डेड इन्वेस्टमेंट' से 'स्मार्ट इन्वेस्टमेंट' की ओर

सोना खरीदकर घर की तिजोरी या लॉकर में रख देना 'मरी हुई पूंजी' की तरह है। वह पैसा अर्थव्यवस्था के चक्र से बाहर हो जाता है। अगर लोग सोने के बजाय बैंक, शेयर या सरकारी स्कीमों में पैसा लगाएं, तो वह पैसा उद्योगों और व्यापार में लगता है। इससे देश में फैक्ट्रियां खुलती हैं और रोजगार के अवसर बढ़ते हैं।

### महंगाई पर लगाम

जब सरकार का डॉलर कम खर्च होता है और रुपया मजबूत रहता है, तो विदेशों से आने वाला कच्चा तेल (Petrol-Diesel) सस्ता पड़ता है। तेल सस्ता होने से ढुलाई कम होती है और फल-सब्जियों जैसी रोजमर्रा की चीजों की कीमतें नहीं बढ़तीं।

### फैक्ट

2025 में भारत में कुल सोने की खपत 710.9 टन रही (जो 2024 के 802.8 टन से 11% कम थी)। ऊंची कीमतों के कारण गहनों की मांग में 24% की भारी गिरावट आई और यह सिमटकर 430.5 टन रह गई।

### रुपये की मजबूती

जब हम बाहर से ज्यादा सामान (सोना) मंगाते हैं, तो भारतीय रुपये की वैल्यू गिरती है और डॉलर महंगा हो जाता है। सोना कम खरीदने से 'व्यापार घाटा' (Trade Deficit) कम होता है, जिससे रुपया स्थिर और मजबूत बना रहता है।

## गर्मी से राहत



सूरत के सार्थना नेचर पार्क (सार्थना चिड़ियाघर) में भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए सफेद बत्तखें और हंस वहां बने जलाशयों में तैरते देखे जा सकते हैं। बढ़ते तापमान को देखते हुए चिड़ियाघर प्रशासन ने जानवरों के लिए खास इंतजाम किए हैं। ● एजेंसी

### ट्रंप 13 से 15 तक चीन की यात्रा पर रहेंगे

**बीजिंग, एजेंसी:** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 13 से 15 मई तक चीन की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने सोमवार को यह जानकारी दी। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के निमंत्रण पर ट्रंप यह यात्रा कर रहे हैं। करीब नौ वर्षों में किसी भी अमेरिकी राष्ट्रपति की चीन की यह पहली यात्रा है। ट्रंप की यह यात्रा अमेरिका-इजराइल-ईरान युद्ध, होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकाबंदी के कारण उत्पन्न वैश्विक ऊर्जा संकट और ताइवान समेत कई मुद्दों पर दोनों देशों के बीच बढ़ते तवाव के दौरान हो रही है। अमेरिकी प्रधान उप प्रेस सचिव अन्ना केली ने रविवार को कहा कि ट्रंप बुधवार शाम बीजिंग पहुंचेंगे। ट्रंप शी चिनफिंग के साथ द्विपक्षीय बैठक में भाग लेंगे।

# यूएई से भारतीयों को निकालने की कोई योजना नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- विदेश मंत्रालय ने इस तरह के दावों को खारिज किया

विदेश मंत्रालय ने सोमवार को उस खबर को खारिज किया जिसमें दावा किया गया था कि फुजैराह बंदरगाह के माध्यम से भारतीय श्रमिकों की निकासी को सुविधाजनक बनाने के लिए भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) एक समझौते पर काम कर रहे हैं। मंत्रालय ने कहा कि इसका कोई आधार नहीं है और फुजैराह या यूएई से भारतीय नागरिकों को निकालने की कोई योजना नहीं है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यह बात पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति पर यहां आयोजित एक अंतर-मंत्रालयी प्रेसवार्ता के दौरान एक प्रमुख राष्ट्रीय दैनिक में प्रकाशित मीडिया की एक खबर के बारे में पूछे गए एक प्रश्न के जवाब में कही। उन्होंने कहा कि आपने एक विशेष समाचार का उल्लेख किया। मैं आपसे अनुरोध करूंगा कि आप विदेश मंत्रालय के फैक्टचेक को भी देखें क्योंकि हमने इस संबंध में पहले ही स्पष्टीकरण जारी कर दिया है। ऐसी खबर का कोई आधार नहीं है। साथ ही, फुजैराह या संयुक्त अरब अमीरात से भारतीय नागरिकों को निकालने की कोई योजना नहीं है। इसलिए, कृपया हमारे द्वारा जारी किए गए स्पष्टीकरण को भी देखें।

इससे पहले दिन में विदेश मंत्रालय की फैक्ट-चेक टीम ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में इस खबर को फर्जी खबर बताया। विदेश मंत्रालय की फैक्टचेक टीम ने अपनी पोस्ट में कहा कि फर्जी खबर! ऐसी किसी भी खबर का कोई आधार नहीं है। किसी भी प्रकार की निकासी की योजना नहीं बनाई जा रही है। कृपया ऐसे झूठे और निराधार दावों से सावधान रहें। प्रेसवार्ता के दौरान, जायसवाल से भारत की अध्यक्षता में ब्रिक्स सदस्य देशों और अन्य देशों के विदेश मंत्रियों की आगामी बैठक के बारे में भी सवाल किया गया।

# क्रूज जहाज से निकाले गए तीन यात्री संक्रमित

**द हेग, एजेंसी**

एक क्रूज जहाज पर हंता वायरस के प्रकोप के बाद सुरक्षित निकाले गए यात्रियों में से एक फ्रांसीसी महिला और दो अमेरिकी नागरिक संक्रमित पाए गए हैं या उनमें इसके लक्षण दिखे हैं। इस बीच, दुनिया भर के देशों ने अपने नागरिकों को वापस लाने और उन्हें पृथक-वास में रखने की कवायद तेज कर दी है। स्पेन के कैनरी द्वीप समूह में एमवी होंडियस क्रूज जहाज के पहुंचने के बाद रविवार से यात्रियों को सैन्य और सरकारी विमानों से उनके देशों में वापस भेजने का सिलसिला शुरू हुआ।

टेनेरिफ में सोमवार को भी सुरक्षात्मक सूट और मास्क पहने कर्मियों की निगरानी में यात्रियों को जहाज से तट तक पहुंचाया गया। फ्रांस की स्वास्थ्य मंत्री स्टेफनी रिस्ट ने सोमवार को बताया कि क्रूज जहाज से रविवार को उतारकर विमान में पेरिस लाए गए पांच यात्रियों में से एक महिला संक्रमित पाई गई है और रात में अस्पताल में उसकी हालत बिगड़ गई। रिस्ट ने बताया कि महिला में

## हंता वायरस



पेरिस की उड़ान के दौरान ही लक्षण दिखने शुरू हो गए थे। अमेरिकी स्वास्थ्य अधिकारियों ने रविवार देर रात बताया कि जहाज से सुरक्षित निकाले गए और नेब्रास्का भेजे गए 17 अमेरिकी यात्रियों में से एक व्यक्ति हंता वायरस से संक्रमित पाया गया है, हालांकि उसमें बीमारी के कोई लक्षण नहीं दिख रहे हैं। एक अन्य यात्री में हल्के लक्षण पाए गए हैं।

यह विमान सोमवार सुबह अमेरिका पहुंचा। अमेरिकी यात्रियों को सबसे पहले यूनिवर्सिटी ऑफ नेब्रास्का मेडिकल सेंटर ले जाया जाएगा। यहां उन्हें संघीय पृथक-वास (क्वारंटीन) केंद्र में रखा जाएगा ताकि यह पता लगाया जा सके कि वे किसी संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आए हैं या नहीं और उनसे वायरस फैलने का खतरा कितना है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने इन यात्रियों की कड़ी निगरानी की सिफारिश की है। इससे पहले, स्पेनिश स्वास्थ्य मंत्रालय और 'एमवी होंडियस' क्रूज संचालक कंपनी 'ओशनवाइड एक्सपीडिशन्स' के अधिकारियों ने कहा था कि जहाज पर सवार 140 से अधिक लोगों में से किसी में भी संक्रमण के लक्षण नहीं दिखे हैं। हंता वायरस के प्रकोप की शुरुआत से अब तक तीन लोगों की मौत हो चुकी है और जहाज से पहले उतरे पांच अन्य लोग संक्रमित पाए गए थे। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) के महानिदेशक टेड्रोस अदनोम घेब्रेयेसस ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा, "यह कोविड जैसी स्थिति नहीं है और आम जनता के लिए जोखिम कम है। इसलिए लोगों को डरने या घबराने की जरूरत नहीं है।

डब्लूएचओ की मुख्य महामारी विज्ञानी मारिया वान केरखोव ने सिफारिश की है कि यात्रियों के स्वदेश लौटने पर उनकी दैनिक स्वास्थ्य जांच की जाए। इस प्रकोप में अब तक तीन लोगों की मौत हो चुकी है।

### टर्किश एयरलाइंस के लैंडिंग गियर में आग लगी

**काठमांडू, एजेंसी।** टर्किश एयरलाइंस के एक विमान के लैंडिंग गियर में आग लगने की घटना के बाद सोमवार सुबह नेपाल के त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को लगभग 98 मिनट तक के लिए बंद रखा गया, जिससे घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय उड़ान सेवाएं प्रभावित हुईं। नेपाल के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण के सहायक प्रवक्ता ज्ञानेंद्र भुल के अनुसार सुबह 6:34 बजे विमान के दाहिने मुख्य लैंडिंग गियर में आग लगने के बाद हवाईअड्डे पर उड़ान संचालन रोक दिया गया था। स्थिति नियंत्रण में आने के बाद सुबह 8:12 बजे उड़ान सेवाएं फिर शुरू की गयीं।

अधिकारियों के अनुसार घटना के दौरान एयरलाइन का वाइड-बॉडी विमान टैक्सीवे ब्रावो पर फंस गया था। विमान का लगभग 30 प्रतिशत हिस्सा टैक्सीवे पर और 70 प्रतिशत रनवे पर होने के कारण सभी घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को रोकना पड़ा। हवाईअड्डा कार्यालय के अनुसार विमान में चालक दल के 11 सदस्यों सहित कुल 288 लोग सवार थे।

# चुनाव आयोग जल्द शुरू करेगा तीसरा चरण

## मतदाता सूची पुनरीक्षण

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय निर्वाचन आयोग आगामी दिनों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का तीसरा और अंतिम चरण शुरू करने जा रहा है। इस प्रक्रिया के तहत शेष 17 राज्यों और 5 केंद्र शासित प्रदेशों को शामिल किया जाएगा, जिनमें लगभग 40 करोड़ मतदाता हैं। इससे पहले आयोग 10 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में करीब 60 करोड़ मतदाताओं का पुनरीक्षण कार्य पूरा कर चुका है।

आयोग ने दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, झारखंड, ओडिशा, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और पूर्वोत्तर के राज्यों (मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा) सहित चंडीगढ़, दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को तैयारी पूरी करने के निर्देश दिए हैं। पिछले साल जून में घोषित यह प्रक्रिया कई कारणों से विलंबित हुई है। हाल ही में पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के कारण इसे टाला गया था। इसके अलावा, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और बिहार में राजनीतिक दलों ने इस प्रक्रिया को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी थी।

पश्चिम बंगाल की तत्कालीन मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी व्यक्तिगत रूप से इस प्रक्रिया के खिलाफ शीर्ष अदालत में दलीलें पेश की थीं। पुनरीक्षण के दौरान बिहार में विदेशी नागरिकों (बांग्लादेश, नेपाल और म्यांमा) की पहचान के दावे किए गए थे, हालांकि आयोग ने बाद में ऐसे अयोग्य लोगों का कोई आधिकारिक साक्ष्य साझा नहीं किया। इस चरण के पूरा होते ही देश के सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश इस अखिल भारतीय प्रक्रिया के दायरे में आ जाएंगे।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज आपको काम के दौरान ज्यादातर शांत रहना चाहिए। सहकर्मियों के व्यवहार को लेकर थोड़े चिंतित हो सकते हैं।

**वृष** – आज नई परियोजनाओं को लेकर उत्सुकता जागेगी। परिस्थितियां पूरी तरह से आपके नियंत्रण में रहेंगी। तीर्थ यात्रा की योजना बना सकते हैं।

**मिथुन** – आज कोई शुभ सूचना मिल सकती है। शाम के समय कहीं घूमने जा सकते हैं। व्यापार में आपको अच्छे परिणाम मिलेंगे।

**कर्क** – आज गूढ़ ज्ञान अर्जित करने का प्रयास करेंगे। विद्यार्थी पढ़ाई की ओर एकाग्रचित्त रहेंगे। परिजनों की सुविधाओं का ध्यान रखें।

**सिंह** – आज कारोबार में बड़ा निवेश कर सकते हैं। खर्चों में कमी आने से मन संतुष्ट रहेगा। समय पूरी तरह से आपके पक्ष में हैं।

**कन्या** – आज अपनी जॉब को लेकर थोड़े असंतुष्ट हो सकते हैं। आपसी संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। अटका हुआ धन वापस प्राप्त होगा।

**तुला** – आज आपको अपने काम पर बहुत ध्यान देना होगा। कार्यक्षेत्र में राजनीति हो सकती है। कड़वी बातों का प्रयोग न करें।

**वृश्चिक** – आज अपनी प्रतिभा का पूरा उपयोग आप नहीं कर पा रहे हैं। आपके सुझावों से लोगों को बहुत अच्छा लाभ होगा।

**धनु** – आज सभी कार्यों में विजय प्राप्त होगी। सुख-सुविधाओं का उपभोग करेंगे। महत्वपूर्ण कार्यों को पहली प्राथमिकता में रखते हुए पूर्ण कर लें।

**मकर** – आज कार्यक्षेत्र में आपके योगदान की प्रशंसा होगी। बॉस आपके कार्यों से अत्यधिक प्रसन्न रहेंगे। दांपत्य संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**कुंभ** – आज आवश्यक कार्यों को सुबह ही कर लेना उचित होगा। उच्च पद पर बैठे लोगों की उपेक्षा का सामना करना पड़ सकता है।

**मीन** – आज प्रियजनों के व्यवहार से मन खिन्न होगा। मौसमी बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं। पुराने कर्जों को लौटाने का दबाव रहेगा।



## हर बड़ी परियोजना के खिलाफ इसी तरह याचिकाएं दायर की जाती रहीं, तो देश का विकास और प्रगति कैसे सुनिश्चित होगी

# विकास परियोजनाओं को कानूनी अड़चनों में फंसाने की बढ़ती प्रवृत्ति निंदनीय

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को विकास परियोजनाओं को कानूनी अड़चनों में फंसाने की बढ़ती प्रवृत्ति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। न्यायालय ने पर्यावरण के नाम पर विकास कार्यों को बाधित करने वाली याचिकाओं की निंदा करते हुए सवाल उठाया कि यदि हर बड़ी परियोजना के खिलाफ इसी तरह याचिकाएं दायर की जाती रहीं, तो देश का विकास और प्रगति कैसे सुनिश्चित होगी।

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की खंडपीठ ने सुनवाई के दौरान तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि हमें इस देश में एक भी ऐसी परियोजना दिखाएं, जिसका स्वागत इन तथाकथित पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने किया हो। पीठ ने रेखांकित किया कि वर्तमान में दायर की जा रही कई याचिकाओं का प्राथमिक उद्देश्य केवल विकास की गति को रोकना प्रतीत होता है, जो देश के लिए एक बड़ी समस्या बन गई है। यह मामला गुजरात के पिपावाव बंदरगाह के विस्तार और आधुनिकीकरण से जुड़ा है। दरअसल, राष्ट्रीय हरित अधिकरण की पश्चिमी क्षेत्र की पीठ ने पूर्व में बंदरगाह को दी गई पर्यावरण और तटीय विनियमन क्षेत्र की मंजूरी को रद्द करने की मांग वाली अपील खारिज कर दी थी। इसी आदेश को शीर्ष अदालत में चुनौती दी गई थी। याचिका पर सुनवाई करते हुए पीठ



ने पाया कि एनजीटी ने इस मामले में पहले ही बहुत विस्तृत और तकनीकी आदेश पारित किया है।


हालांकि, न्यायालय ने यह स्पष्ट किया कि अदालतों का सरोकार हमेशा से पर्यावरण की रक्षा करना रहा है और वे प्रकृति को प्रभावित करने वाली किसी भी गतिविधि की आलोचना करती हैं। लेकिन पर्यावरण संरक्षण और विकास के बीच संतुलन होना अनिवार्य है। शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ता को यह स्वतंत्रता दी कि वह एनजीटी के समक्ष पुनर्विचार याचिका दायर कर सकता है। इस याचिका में उसे विशेष रूप से यह स्पष्ट करना होगा कि क्या पर्यावरण प्रभाव आकलन (EIA) रिपोर्ट में उसकी ओर से उठाए गए बिंदुओं पर उचित विचार किया गया था। पीठ ने एनजीटी को निर्देश दिया कि यदि ऐसी कोई याचिका आती है, तो वह केवल इसी तकनीकी पहलू पर विचार करे।

### न्यायिक अधिकारियों के घेराव की जांच दो महीने में हो पूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को एनआईए को पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में एक अप्रैल को हुई हिंसा की जांच दो महीने के भीतर पूरी करने का निर्देश दिया। इस हिंसा में एक भीड़ ने सात न्यायिक अधिकारियों को नौ घंटे तक बंधक बनाकर रखा था। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि एनआईए को जांच पूरी करने के बाद सक्षम क्षेत्राधिकार वाले न्यायालय के समक्ष अपनी रिपोर्ट दाखिल करनी चाहिए। पीठ ने पूछा, जांच की क्या स्थिति है? क्या यह पूरी हो चुकी है? एनआईए की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि वह विस्तृत स्थिति रिपोर्ट दाखिल करेंगे। पीठ ने कहा, हमारा मानना है कि एनआईए को जल्द से जल्द जांच पूरी करने दें, संभव हो तो दो महीने के भीतर। पीठ ने टिप्पणी की, आप अपना आरोप-पत्र दाखिल करें। कानून अपना काम करेगा। न्यायालय ने 24 अप्रैल को एनआईए को मामले की जांच पूरी होने पर आरोप-पत्र दाखिल करने की अनुमति दी थी। मतदाता सूची से बाहर किए गए लोगों की 60 लाख से अधिक आपत्तियों से निपटने के लिए पश्चिम बंगाल, ओडिशा और झारखंड के लगभग 700 न्यायिक अधिकारियों को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया में तैनात किया गया था। शीर्ष अदालत ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के उस पत्र का स्वतः संज्ञान लिया था, जिसमें एक अप्रैल की रात की भयावह घटनाओं का विस्तृत वर्णन किया गया था, जब तीन महिलाओं सहित सात न्यायिक अधिकारियों और एक पांच वर्षीय बच्चे को भीड़ ने नौ घंटे से अधिक समय तक बिना भोजन-पानी के बंधक बनाकर रखा था।

## आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 12 मई, मंगलवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, दशमी 14.52 तक तत्पश्चात एकादशी।

**दिशाशूल**-उत्तर, **ऋतु**- ग्रीष्म।

**चन्द्रबल**- मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।

**ताराबल**-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

**नक्षत्र**-पूर्व भाद्रपद 13 मई 01.27 तक तत्पश्चात उत्तर भाद्रपद।

## सुडोकू - 146 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 7 | 1 | 4 | 5 | 2 | 6 | 3 |
| 1 | 2 | 6 | 7 | 9 | 3 | 8 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 4 | 2 | 8 | 6 | 1 | 9 | 7 |
| 9 | 6 | 3 | 4 | 2 | 8 | 5 | 7 | 1 |
| 5 | 7 | 8 | 3 | 6 | 1 | 9 | 4 | 2 |
| 2 | 4 | 1 | 5 | 7 | 9 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 8 | 5 | 7 | 4 | 1 | 9 |
| 4 | 1 | 5 | 9 | 3 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 7 | 8 | 9 | 6 | 1 | 4 | 3 | 2 | 5 |

## सुडोकू -147

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 2 | | 3 | | | |
| | | | | | | 4 | | 3 |
| | | 6 | 7 | | | | | |
| 3 | | | 6 | | 1 | | | |
| 4 | 2 | | | | | | | 1 |
| | | | 4 | | 8 | | | |
| | | | | 7 | 9 | 2 | | |
| 8 | | 3 | | | | | | |
| | | | 8 | | 5 | | | |



“मैंने पहले भी कई बार अच्छी गेंदबाजी की है, विकेट भी लिए हैं। लेकिन मैंने सबसे अधिक मजा छक्का लगाकर लिया। मैं रोहित के ख़िलाफ़ पहले से सोचकर गेंदबाज़ी कर रहा था। रोहित आगे निकलकर खेल सकते हैं क्योंकि उन्होंने पहले मेरे ख़िलाफ़ ऐसा किया है।
-भुवनेश्वर कुमार

# स्टेडियम

लखनऊ, मंगलवार, 12 मई 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com

**IPL 2026**

**आज के मुकाबले**

गुजरात टाइटंस
बनाम
सनराइजर्स हैदराबाद

**समय** - शाम 7:30 बजे

# पंजाब ने दिल्ली को दिया 211 रनों का लक्ष्य, प्रियांश-श्रेयस ने जड़े अर्धशतक

## आईपीएल-2026 : तालिका में फिर शीर्ष पर पहुंचने का प्रयास कर रही अय्यर की टीम



श्रेयस अय्यर।

**धर्मशाला, एजेंसी**

कप्तान श्रेयस अय्यर और सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य के अर्धशतक से पंजाब किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पांच विकेट पर 210 रन बनाए। अय्यर ने 36 गेंद में तीन छक्कों और पांच चौकों से नाबाद 59 रन की पारी खेली जबकि प्रियांश ने 33 गेंद में छह छक्कों और दो चौकों से 56 रन बनाए।

अय्यर ने कूपर कोनोली (38) के साथ तीसरे विकेट के लिए 83 रन की साझेदारी की जबकि प्रियांश ने भी प्रभसिमरन सिंह (18) के साथ पहले विकेट के लिए 78 रन जोड़कर टीम को तेज शुरुआत दिलाई। दिल्ली की ओर से माधव तिवारी ने 40 जबकि मिचेल स्टार्क ने 57 रन देकर दो-दो विकेट चटकाए। टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरे पंजाब किंग्स को प्रियांश और प्रभसिमरन सिंह (18) ने पावर प्ले में बिना विकेट खोए 72 रन जोड़कर तेज शुरुआत दिलाई। प्रियांश ने मिचेल स्टार्क पर दो छक्कों के साथ शुरुआत की जबकि प्रभसिमरन ने भी इस तेज गेंदबाज पर चौका जड़ा जिससे पहले ओवर में 22 रन बने।

प्रियांश ने लुंगी एनगिडी पर दो छक्के मारे और मुकेश कुमार की गेंद को भी दर्शकों के बीच पहुंचाया। उन्होंने आकिब नबी की गेंद पर एक रन के साथ 24 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। प्रभसिमरन हालांकि इसके बाद मुकेश की गेंद को पुल करने की कोशिश में डीप बैकवर्ड स्क्वायर लेग पर आकिब को कैच दे बैठे। कप्तान अय्यर ने आते ही आकिब की लगातार गेंदों पर दो चौके मारे और फिर एनगिडी पर भी छक्का जड़ा। माधव तिवारी ने प्रियांश को साहिल पारख के हाथों कैच कराके पंजाब को दूसरा झटका दिया। उन्होंने 33 गेंद की अपनी पारी में छह छक्के और दो चौके मारे। अय्यर और कोनोली ने इसके बाद पारी को आगे बढ़ाया। पंजाब के रनों का शतक 10वें ओवर में पूरा हुआ।

कोनोली ने स्टार्क पर चौके के साथ शुरुआत की जबकि अय्यर ने भी तिवारी पर चौका जड़ा। अय्यर ने एनगिडी जबकि कोनोली ने स्टार्क पर छक्का मारा। पंजाब ने 15 ओवर में दो विकेट पर 149 रन बनाए। कोनोली ने एनगिडी की लगातार गेंदों पर चौके और छक्के के साथ रन गति में इजाफा करने का प्रयास किया। अय्यर ने तिवारी पर छक्के के साथ 32 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। कोनोली हालांकि तिवारी की गेंद डीप मिड विकेट पर डेविड मिलर को कैच दे बैठे। उन्होंने 27 गेंद की अपनी पारी में तीन चौके और दो छक्के मारे। स्टार्क ने इसके बाद लगातार गेंदों पर मार्कस स्टोइनिस (01) और शशांक सिंह (00) को पवेलियन भेजा। सूर्यांश शेडगे ने स्टार्क पर दो छक्कों और एक चौके के साथ 19वें ओवर में टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया।

**पंजाब किंग्स**

**210/5** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| प्रियांश आर्य का पारख बो तिवारी | 56 |
| प्रभसिमरन सिंह का आकिब बो मुकेश | 18 |
| श्रेयस अय्यर नाबाद | 59 |
| कूपन कोनोली का मिलर बो तिवारी | 38 |
| मार्कस स्टोइनिस का तिवारी बो स्टार्क | 01 |
| शशांक सिंह का अक्षर बो स्टार्क | 00 |
| सूर्यांश शेडगे नाबाद | 21 |

अतिरिक्त :17, विकेट पतन : 1-78, 2-97, 3-180, 4-187, 5-187 गेंदबाजी : स्टार्क 4-0-57-2, आकिब 4-0-32-0, एनगिडी 4-0-46-0, मुकेश 4-0-31-1, तिवारी 4-0-40-2

**अंक तालिका**

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 11 | 7 | 4 | 0 | 14 | 1.103 |
| 2. | सनराइजर्स हैदराबाद | 11 | 7 | 4 | 0 | 14 | 0.737 |
| 3. | गुजरात टाइटंस | 11 | 7 | 4 | 0 | 14 | 0.228 |
| 4. | पंजाब किंग्स | 10 | 6 | 3 | 1 | 13 | 0.571 |
| 5. | चेन्नई सुपर किंग्स | 11 | 6 | 5 | 0 | 12 | 0.185 |
| 6. | राजस्थान रॉयल्स | 11 | 6 | 5 | 0 | 12 | 0.082 |
| 7. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 10 | 4 | 5 | 1 | 9 | -0.169 |
| 8. | दिल्ली कैपिटल्स | 11 | 4 | 7 | 0 | 8 | -1.154 |
| 9. | मुंबई इंडियंस | 11 | 3 | 8 | 0 | 6 | -0.585 |
| 10. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 11 | 3 | 8 | 0 | 6 | -0.907 |

**ऑरेंज कैप**





- हेनरिक क्लासेन हैदराबाद-494 रन
- अभिषेक शर्मा हैदराबाद -475 रन
- केएल राहुल दिल्ली-468 रन

**पर्पल कैप**





- भुवनेश्वर कुमार बेंगलुरु-21 विकेट
- अंशुल कंबोज चेन्नई-19 विकेट
- कागिसो रबाडा गुजरात-18 विकेट

## प्लेऑफ के लिए दावेदारी मजबूत करने उतरेंगे हैदराबाद और गुजरात

**अहमदाबाद, एजेंसी।** आईपीएल अब जबकि अपने निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुका है तब दूसरे स्थान पर काबिज सनराइजर्स हैदराबाद और तीसरे स्थान की टीम गुजरात टाइटंस के बीच मंगलवार को यहां होने वाला मैच काफी रोमांचक होने की संभावना है जो प्लेऑफ की दौड़ को ध्यान में रखते हुए दोनों टीम के लिए महत्वपूर्ण होगा। शुभमन गिल की अगुवाई वाली गुजरात की टीम ने सत्र की खराब शुरुआत से उबरते हुए कई महत्वपूर्ण जीत हासिल की हैं। इनमें पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स पर 77 रन की जीत भी शामिल है, जिससे वह अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। इस जीत से गुजरात की स्थिति थोड़ी बेहतर नजर आ रही है। अभी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, सनराइजर्स और टाइटंस सभी के समान 14 अंक हैं। ऐसे में नेट रन रेट प्लेऑफ की दौड़ में निर्णायक कारक बन सकता है। सनराइजर्स ने सही समय पर अपनी

**मुकाबला आज**

लय हासिल कर ली है। पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में पर 33 रन की जीत में उसने अपनी बल्लेबाजी ताकत का शानदार नमूना पेश किया। जहां तक टाइटंस का सवाल है तो उसकी टीम बेहद संतुलित है। उसकी बल्लेबाजी कप्तान गिल और साई सुदर्शन के इर्द-गिर्द घूमती है। इन दोनों ने शीर्ष क्रम में मजबूती प्रदान की है और पावरप्ले में अच्छा प्रदर्शन किया है। जोस बटलर और वाशिंगटन सुंदर बीच के ओवरों में अच्छी भूमिका निभा रहे हैं। इससे उसकी टीम बड़ा स्कोर बनाने या बड़े लक्ष्य हासिल करने में सफल रही है। टाइटंस की गेंदबाजी भी उतनी ही दमदार है, जिसमें मोहम्मद सिराज और कैगिसो रबाडा की तेज गति और विकेट लेने की क्षमता के साथ-साथ राशिद खान का की रुख बदलने वाली गेंदबाजी का शानदार संयोजन है।

**हाईलाइट**

### भारतीय गोल्फर युवराज संधू संयुक्त 31वें स्थान पर रहे

**बार्सिलोना।** भारतीय खिलाड़ी युवराज संधू ने यहां खेले गए एस्त्रेला डैम कैटालुन्या चैंपिनशिप गोल्फ टूर्नामेंट के अंतिम दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन अंडर 69 का कार्ड खेलकर संयुक्त 31वें स्थान पर रहे। इस 29 वर्षीय खिलाड़ी ने शुरुआती दौर में 68 का शानदार कार्ड खेला था, लेकिन दूसरे और तीसरे दौर में क्रमश: 72 और 73 का कार्ड खेलने के बाद वह तालिका में नीचे फिसल गए थे। उन्होंने चौथे और अंतिम दौर में अच्छी वापसी करते हुए पांचवें, नौवें, 10वें, 16वें और 18वें होल में बर्डी लगाई, जबकि 12वें और 15वें होल पर बोगी की। उन्होंने 69 का कार्ड खेलकर कुल सात अंडर के स्कोर के साथ अपना अभियान समाप्त किया। दक्षिण अफ्रीका के युराव प्रीमलाल ने लगातार दूसरे दिन नौ अंडर 63 का बेहतरीन कार्ड खेलते हुए कुल 28 अंडर पार (70-64-63-63) के स्कोर के साथ 14 शॉट के बड़े अंतर से खिताब अपने नाम किया।

### आईसीसी पुरुष एकदिवसीय रैंकिंग में भारत शीर्ष पर बरकरार

**दुबई।** भारत ने आईसीसी की पुरुषों की एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय टीम रैंकिंग के नवीनतम सालाना अपडेट के बाद अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है जबकि मौजूदा विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया तीसरे स्थान पर है। सोमवार को जारी बयान में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने कहा नवीनतम सालाना अपडेट के बाद आईसीसी की पुरुषों की एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय टीम रैंकिंग में भारत शीर्ष पर बना हुआ है। वह दूसरे स्थान पर मौजूद न्यूजीलैंड (113 अंक) से महज पांच अंक के मामूली अंतर से आगे है जबकि ऑस्ट्रेलिया (109 अंक) तीसरे स्थान पर बरकरार है और शीर्ष तीन टीम में शामिल है। भारत को एक रेटिंग अंक का नुकसान हुआ है और उसके खाते में 118 अंक हैं।

### आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन पर फ्लावर पर जुर्माना

**रायपुर।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के मुख्य कोच एंडी फ्लावर पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच के दौरान चौथे अंपायर के साथ बहस करने के कारण आचार संहिता का उल्लंघन करने पर उनकी मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल ने एक बयान में कहा रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के मुख्य कोच एंडी फ्लावर पर आईपीएल के खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों के लिए आचार संहिता के लेवल एक का उल्लंघन करने के लिए उनकी मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

## लक्ष्य-सिंधु करेंगे भारतीय चुनौती की अगुवाई

**बैंकॉक, एजेंसी**

थॉमस कप में कांस्य पदक जीतने के बाद भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों की नजरें मंगलवार से यहां शुरू हो रहे पांच लाख डॉलर ईनामी राशि के थाईलैंड ओपन में व्यक्तिगत प्रदर्शन पर होगी जिसमें लक्ष्य सेन और पीवी सिंधु भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे।

सातवीं वरीयता प्राप्त लक्ष्य कोहनी की चोट के कारण डेनमार्क में फ्रांस के खिलाफ सेमीफाइनल नहीं खेल सके थे। वह पहले मैच में सिंगापुर के जैसन तेह जिया हेंग से खेलेंगे जबकि आयुष शेट्टी का सामना जापान के छठी वरीयता प्राप्त विश्व चैम्पियनशिप पदक विजेता कोडाइ नाराओका से होगा।

महिला एकल में छठी वरीयता प्राप्त सिंधु पहले दौर में चीनी ताइपै की तुंग सियू तोंग से खेलेंगी। मलेशिया में सेमीफाइनल और इंडोनेशिया में क्वार्टर फाइनल तक पहुंची दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू को खिताब का

**थाईलैंड ओपन आज से**



सूखा खत्म करने के लिये प्रदर्शन में निरंतरता लानी होगी। विश्व चैम्पियनशिप के पूर्व रजत पदक विजेता किदाम्बी श्रीकांत पिछले सत्र में मलेशिया मास्टर्स और सैयद मोदी इंटरनेशनल के फाइनल में पहुंचे लेकिन प्रदर्शन में निरंतरता पर उन्हें मेहनत करनी होगी। श्रीकांत का सामना आठवीं वरीयता प्राप्त लो कीन यू से होगा। तरुण मल्लेपल्ली का सामना जापान के कोकी वातानाबे से होगा। महिला वर्ग में उन्नति हुड्डा चौथी वरीयता प्राप्त पोर्नपावी चोचुवोंग से खेलेगी जबकि देविका सिहाग की टक्कर जापान की नत्सुकी निदाइरा से और तन्वी शर्मा का सामना हिना अकेची से होगा।

## एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप में कोमल ने जीता कांस्य पदक

**गांधीनगर।** कोमल कोहर ने एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप में महिलाओं के 48 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीतकर मेजबान भारत के पदकों का खाता खोला।

टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता मीराबाई चानू की जगह खेलते हुए 23 वर्षीय कोमल ने धैर्यपूर्ण और संयमित प्रदर्शन करते हुए शानदार खेल दिखाया। उन्होंने कुल 177 किग्रा उठाया जिसमें स्नैच में 78 किग्रा और क्लीन एवं जर्क में 99 किग्रा वजन उठाया। क्लीन एवं जर्क में उनके इस प्रयास ने उन्हें एक अन्य कांस्य पदक दिलाया। इस प्रतियोगिता में एशियाई भारोत्तोलक के कई पारंपरिक दिग्गज खिलाड़ी शामिल नहीं थे जिसका फायदा उठाते हुए चीनी ताइपे ने पहले और दूसरे स्थान पर कब्जा जमाकर अपना दबदबा बनाया। हुआंग यी चेन ने 193 किग्रा (81 किग्रा और 112 किग्रा) के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि उनकी हमवतन फैंग वान लिंग ने 192 किग्रा के साथ दूसरा स्थान हासिल करते हुए रजत पदक जीता।

# बार्सिलोना ने फिर जीता ला लीगा खिताब

**बार्सिलोना, एजेंसी**

बार्सिलोना ने रविवार को कैंप नोउ में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी रियाल मैड्रिड को 2-0 से हराकर लगातार दूसरी और कुल मिलाकर 29वीं बार स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट ला लिगा का खिताब जीता। मार्कस रैशफोर्ड के नौवें मिनट और फेरान टोरेस के 18वें मिनट में किए गए गोल ने बार्सिलोना की जीत सुनिश्चित की।

इससे उसने ला लिगा के तीन दौर के मैच शेष रहते हुए रियाल मैड्रिड पर 14 अंकों की अजेय बढ़त हासिल कर ली। अब बार्सिलोना की 35 मैच में 91 और रियाल मैड्रिड के इतने ही मैच में 77 अंक हैं। बार्सिलोना के कोच हांसी फ्लिक रविवार को खेले गए इस क्लासिको मैच में अपने पिता के निधन के बावजूद डगआउट में मौजूद थे। बार्सिलोना ने मैच शुरू होने से कुछ घंटे पहले ही उनके पिता के निधन की घोषणा की थी। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने काली पट्टी बांधी और मैच शुरू होने से पहले एक मिनट का मौन रखा। अगर यह मैच ड्रॉ भी हो जाता तो बार्सिलोना के लिए चार



स्पेनिश ला लीगा चैंपियनशिप के साथ जश्न मनाती बार्सिलोना की टीम। एजेंसी

- **फाइनल में रियाल मैड्रिड को 2-0 से हराया**
- **मार्कस रैशफोर्ड और फेरान टोरेस ने दागे गोल**

“मैं इस दिन को कभी नहीं भूलूंगा। यह मेरे लिए बहुत मुश्किल दिन था। इसकी शुरुआत मेरे पिता के निधन की खबर से हुई, लेकिन मेरी टीम ने शानदार प्रदर्शन किया।
**हांसी फ्लिक, बार्सिलोना के कोच**

**36** रिकॉर्ड खिताब जीते हैं रियाल मैड्रिड ने, लेकिन लगातार दूसरे साल मिली असफलता

**24** गोल किए हैं एमबाप्पे ने लीग में अभी सर्वाधिक

सत्र में अपना तीसरा लीग खिताब हासिल करने के लिए पर्याप्त होता।

रियाल मैड्रिड ने ला लिगा में रिकॉर्ड 36 खिताब जीते हैं लेकिन वह लगातार दूसरे साल को ही बड़ी ट्रॉफी नहीं जीत पाया। बार्सिलोना ने मैच में शुरू से ही दबदबा बना दिया था। उसने शुरू में बढ़त हासिल करने के बाद रियाल मैड्रिड को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। उसकी रक्षापंक्ति में रियाल मैड्रिड के हमलों को नाकाम करने में अहम भूमिका निभाई। रैशफोर्ड ने फ्री किक पर बार्सिलोना के लिए पहला गोल किया, जबकि टोरेस ने डैनी ओल्मो के पास पर पेनल्टी एरिया के अंदर से गोल करके स्कोर 2-0 कर दिया जो आखिर तक बरकरार रहा।


हांसी फ्लिक ने कहा यह टीम परिवार की तरह है और उन्होंने आज अपना सब कुछ झोंक दिया और मुझे उन पर बहुत गर्व है। इस स्टेडियम में रियाल मैड्रिड के खिलाफ क्लासिको में ला लिगा का खिताब जीतना अद्भुत है। रियाल मैड्रिड को काइलिन एमबाप्पे की कमी खली जो चोटिल हैं।

# सीनियर रैंकिंग कुश्ती प्रतियोगिता में हरियाणा के पहलवानों का दबदबा

**नवाबगंज, गोंडा**

**अमृत विचार :** नंदिनी नगर महाविद्यालय में आयोजित ओपन नेशनल सीनियर रैंकिंग कुश्ती प्रतियोगिता में रविवार को हुए फ्री-स्टाइल शैली के मुकाबलों में हरियाणा के पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना दबदबा कायम रखा।

हरियाणा ने कुल 8 गोल्ड, 7 सिल्वर और 8 ब्रॉन्ज मेडल जीतकर टीम चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। वहीं दिल्ली ने 1 गोल्ड, 1 सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज मेडल के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया। सेना (एसएससीबी) ने 1 गोल्ड और 1 सिल्वर मेडल जीतकर तीसरा स्थान हासिल किया। टीम रैंकिंग में हरियाणा ने 235



- **फ्री-स्टाइल में जीते 8 स्वर्ण पदक नंदिनी नगर महाविद्यालय में चल रही प्रतियोगिता**

अंक अर्जित किए। दिल्ली की टीम 88 अंकों के साथ दूसरे तथा सेना 60 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही। फ्री-स्टाइल शैली के सभी विजेता पहलवानों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के दूसरे दिन सोमवार को ग्रीको रोमन शैली की कुश्ती देर रात तक जारी रही। अर्जुन अवार्ड धारी अंतर्राष्ट्रीय नामी पहलवान दीपक पुनिया ने 97 किलो भार वर्ग की फ्रीस्टाइल कुश्ती में गोल्ड मेडल जीता।

**डब्ल्यूएफआई**

**प्रतिबंध के बावजूद राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में उतरने की तैयारी, महासंघ के मुताबिक जवाब अधूरा है, नहीं ले सकतीं भाग**

# गोंडा पहुंचीं विनेश फोगाट, कहा- भागीदारी के काबिल हूं

**नंदिनीनगर, गोंडा**

**अमृत विचार।** भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट और डब्ल्यूएफआई के बीच विवाद एक बार फिर गहरा गया है। महासंघ द्वारा घरेलू प्रतियोगिताओं में भाग लेने पर रोक लगाए जाने के बावजूद विनेश राष्ट्रीय ओपन रैंकिंग कुश्ती प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए गोंडा पहुंच गई हैं।

अयोध्या पहुंचने पर विनेश ने कहा कि वह प्रभु श्रीराम की नगरी में दर्शन करने आई हैं और इसके बाद नंदिनी नगर में आयोजित राष्ट्रीय ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट में भाग लेंगी। उन्होंने कहा जो होगा देखा जाएगा। दरअसल, हाल ही में डब्ल्यूएफआई ने विनेश को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए उन पर अनुशासनहीनता और डोपिंग रोधी नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाया था। महासंघ ने स्पष्ट किया था कि वह जून 2026 तक किसी भी घरेलू प्रतियोगिता में हिस्सा लेने की पात्र नहीं हैं। इस प्रतिबंध में गोंडा में 10 से 12 मई तक आयोजित राष्ट्रीय ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट भी शामिल है। डब्ल्यूएफआई का कहना है कि यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग के डोपिंग रोधी नियमों के तहत संन्यास के बाद वापसी करने वाले खिलाड़ी को कम से कम छह महीने पहले सूचना देनी होती है और इस अवधि में एंटी डोपिंग जांच के लिए उपलब्ध रहना अनिवार्य होता है। महासंघ के अनुसार विनेश ने इस प्रक्रिया का पालन नहीं किया। हालांकि विनेश ने महासंघ को दिए अपने जवाब में दावा किया है कि यह नियम उन पर लागू नहीं होता, क्योंकि वह जून 2025 में ही यूडब्ल्यूडब्ल्यू को अपनी वापसी की जानकारी दे चुकी थीं। उन्होंने कहा कि वापसी से जुड़ी सभी औपचारिकताएं पहले ही पूरी कर ली गई थीं। महासंघ ने 15 पन्नों के नोटिस में यह भी आरोप लगाया था कि विनेश के व्यवहार से भारतीय कुश्ती की छवि को नुकसान पहुंचा है। गौरतलब है कि 2024 समर ओलंपिक में फाइनल मुकाबले से अयोग्य घोषित किए जाने के बाद विनेश ने संन्यास की घोषणा की थी।



जवाब देने पहुंचीं भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट। अमृत विचार

### कुश्ती महासंघ राहत देने के मूड में नहीं

डब्ल्यूएफआई सूत्रों का कहना है कि विनेश ने केवल पात्रता संबंधी बिंदुओं पर जवाब दिया है, जबकि अनुशासनहीनता के आरोपों का स्पष्ट उत्तर नहीं दिया। विवाद के बीच डब्ल्यूएफआई ने यह भी साफ किया कि टूर्नामेंट के चयन मानदंड किसी एक खिलाड़ी को रोकने के लिए नहीं बदले गए हैं।

### दावा : वाडा ने पाक-साफ करार दिया

गोंडा। पहलवान विनेश फोगाट ने सोमवार को अपने पात्रता संबंधी विवाद पर स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (आईटीए) और विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) दोनों ने उन्हें एक जनवरी 2026 से फिर से प्रतिस्पर्धा में भाग लेने के लिए मंजूरी दे दी है।